श्रीसोमनाथसंस्कृविश्वविद्यालयग्रन्थमाला – १९

संस्कृतवाङ्मये नगररचना

प्रधानसम्पादकः

प्रो. गोपबन्धुमिश्रः

कुलपतिः, श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

सम्पादकाः

डॉ. दीपेशः कतिरा, सहायकाचार्यः

डॉ. ललितकुमारः पटेलः, सहाचार्यः

जिगरभट्टः, सहायकाचार्यः

श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्, गुजरातम्

श्रीसोमनाथसंस्कृविश्वविद्यालयग्रन्थमाला – १९

संस्कृतवाङ्मये नगररचना

प्रधानसम्पादकः
प्रो. गोपबन्धुमिश्रः
कुलपतिः, श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

सम्पादकाः
डॉ. दीपेशः कतिरा, सहायकाचार्यः
डॉ. ललितकुमारः पटेलः, सहाचार्यः
जिगरभट्टः, सहायकाचार्यः
श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्, गुजरातम्

प्रकाशकः -

डॉ. दशरथजादवः
कुलसचिवः
श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी,
राजेन्द्रभुवन रोड, वेरावलम् - ३६२ २६६
गीर-सोमनाथजनपदम्, गुजरातराज्यम्
दूरभाषः - ०२८७६ - २४५३२, फेक्सः २४४४१७
E-mail: sssu.veraval@gmail.com
Web: www.sssu.ac.in

सहायकसम्पादकः समन्वयकश्च

डॉ. कार्तिकपण्ड्या
संशोधनाधिकारी,
श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

© Shree Somnath Sanskrit University, 2020

संस्करणम्	-	प्रथमम्
वर्षम्	-	मार्च - २०२०
प्रतिकृतयः	-	३५०
ISBN	-	978-93-83097-40-1
मूल्यम्	-	₹२३०/-
मुद्रकः	-	जलाराम ग्राफिक्स एन्ड ऑफसेट परमहंस एपार्टमेन्ट के पास, होटेल कावेरी के पीछे, एस. टी. रोड, वेरावल-३६२ २६६, जि. गीर-सोमनाथ, गुजरात (भारत) दूरभाष - ०२८७६-२२१८६१

Shree Somnath Sanskrit University Grantha Series - 19

Town Planning in Sanskrit Literature

Chief Editor
Prof. Gopabandhu Mishra
Vice-Chancellor
Shree Somnath Sanskrit University, Veraval

Editors
Dr. Dipesh Katira, Assistant Professor
Dr. Lalitkumar Patel, Associate Professor
Jigar Bhatt, Assistant Professor
Shree Somnath Sanskrit University, Veraval

Shree Somnath Sanskrit University - Veraval - Gujarat

Published by:

Dr. Dashrath Jadav
Registrar
Shree Somnath Sanskrit University
Rajendra Bhuvan Road, Veraval - 362 266.
Dist.: Gir-Somnath, Gujarat, India.
Phone: 02876-244532, Fax: 02876-244417
E-mail: sssu.veraval@gmail.com
www.sssu.ac.in

Assistant Editor & Co-ordinator:
Dr. Kartik Pandya
Research Officer
Shree Somnath Sanskrit University, Veraval.

© ***Shree Somnath Sanskrit University, 2020***

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic or mechanical, including photocopying, recording or otherwise, without the written permission from the publisher.

Edition : First

Year : March - 2020

Copies : 350

Price : ₹230/-

ISBN : 978-93-83097-40-1

Printed by : Jalaram Graphics & Offset
Nr. Paramhans Appartment, B/h. Hotel Kaveri
S. T. Road, Veraval - 362 266
Dist.: Gir-Somnath, Gujarat, India.
Phone: 02876-221861

अनुक्रमणिका..

I .... शुभाशंसनम् vi

II .... प्रास्ताविकम् ix

१ .... प्राचीनभारतीयशिल्पशास्त्र के अनुसार नगररचनाशास्त्र ०१
लेखक – प्रा. अशोक सदाशिव नेने

२ .... शिल्पशास्त्रों में ग्राम एवम् नगर रचना के प्रकार ००
लेखक – बिजय प्रसाद उपाध्याय

३ .... वैदिक वाङ्मय में ग्राम–नगर–रचना ००
लेखक – लीना हुन्नरगीकर

४ .... पुराणेषु नगरयोजना ००
लेखक – प्रो० सन्तोष कुमार शुक्लः

५ .... उपग्रह की दृष्टि से हमारे प्राचीन भारत वर्ष के वैश्विक–कॉस्मिक–नगर ००
लेखक – डॉ. प्रभु ठक्कर

६ .... आश्रम–ग्राम–पुर–नगर ००
लेखक – डॉ. गिरीश ठाकर

७ .... संस्कृत साहित्य में निरूपित द्वारिका ००
लेखक – डॉ. योगिनी हिमांशु व्यास

८ .... समराङ्गणसूत्रधार ग्रन्थानुसार नगरनिर्माणे मार्गव्यवस्था ००
लेखक – डॉ. हेमुबेन राठोड

९ .... संस्कृतवाङ्मयानुसारं नगरे जलव्यवस्था ००
लेखक – डॉ. ललितकुमार पटेल

१० .... संस्कृतवाङ्मये नगरे सामाजिकभवनविचार: ००
लेखक – जिगर भट्ट

११ .... नारद शिल्पशास्त्र में नगर रचना के सन्दर्भ ००
लेखक – आचार्य श्रेयस एवं अनुराग देशपांडे

१२ .... श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे बालकाण्डे अयोध्याकाण्डे च नगरनिर्माणम् ००
लेखक – डॉ. पङ्कजकुमार एस्. रावल

१३ .... संस्कृततवाङ्मय में वडनगर ००
लेखक – प्रो. डॉ. अम्बालाल प्रजापति

श्रीः

शुभाशंसनम्

'संस्कृतवाङ्मये नगररचना' इति शीर्षकमाश्रित्य सरदारपटेल-विश्वविद्यालयेन संस्कृतभारत्या च सह सम्मिलिततत्त्वावधानेन श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयपक्षतः विद्यानगरे गतवर्षे समायोजितायां राष्ट्रियसंगोष्ठ्याम् उपस्थापितानां चितानां शोधलेखानामिदं संकलनं संस्कृतवाङ्मये नगररचनेति तुल्याभिधानाभिधायि अस्माकं विश्वविद्यालयद्वारा प्रकाश्यमानमिति परमोऽयं मोदावसरः।

परमात्मना सर्वेषां प्राणिनामिव मानवानां शरीरं तस्य सर्वोपयोगित्वं कल्याणकारित्वं च मनसि निधाय रचितमिति निश्चप्रचम्। पार्थिवेषु शरीरधारिषु सर्वश्रेष्ठत्वेन मानवोऽपि यथा यथा बौद्धिकविकासस्य ऊर्ध्वम् ऊर्ध्वतरं च स्तरमारोढुं प्रायतत तथा तथा केवलं नैजं सर्वस्वं मनसि अनिधाय गणजीवनं तद्गतं च सौख्यं स्वेतरेषां समेषामपि कल्याणं विमृश्य विविधभौतिकपदार्थानामन्वयं परिकल्प्य यानि कानि नानाविधसुखसाधनानि समरचयत्, तेषु आश्रम – ग्राम - नगरादिरचनम् अत्यन्तं प्रशस्तमासीत्। तदारभ्य वर्तमानकालं यावत् मनुष्यः सूच्चप्रासादपरिखा-मार्ग-जलाशयादिसहितानि बृहन्ति व्यापकानि च नगराणि रचयन्नेवास्ति। किन्तु सामान्यतः आधुनिके काले नगररचनासङ्कल्पनाप्रसङ्गे भारतवर्षे प्राचीनकालतः आरभ्य युगानि यावत् यद् नगररचनाकौशलं तद्गतं च वैशिष्ट्यम् अविद्यत, तस्याकलनं तन्मूल्याङ्कनपुरःसरं तद्गतश्रेयस्त्वानुसरणं नैव विद्यते। अत एवेदमत्यन्तं प्रासङ्गिकं सन्दर्भमादाय संस्कृतवाङ्मये नगररचनाविषयकं तथ्यमुररीकृत्य साम्प्रतिकगृहप्रासादनगररचनाविधौ तस्योपयोगः तेन चाभीष्टसिद्धिः सम्यग्व्यमृश्यत विद्वद्भिः तस्यां

राष्ट्रियसंगोष्ठ्याम्। प्राचीनकाले विद्यमानेषु विशिष्टेषु अयोध्या-मथुरावन्त्यादिषु यद् भव्यत्वं तत्तत्र विमृष्टं किं च तद्गतं दिव्यत्वमपि सम्यक् परामृष्टम्। तद्यथा - वाल्मीकिरामायणे अयोध्यायाः भव्यता इत्थं वर्णिता -

रम्यचत्वरसंस्थानां संविभक्तमहापथाम्।
हर्म्यप्रासादसम्पन्नां गणिकावरशोभिताम्॥

रथाश्वगजसम्बद्धां तूर्यनादनिनादिताम्।
सर्वकल्याणसम्पूर्णां हृष्टपुष्टजनाकुलाम्॥

आरामोद्यानसम्पन्नां समाजोत्सवशालिनीम्।
सुखिता विचरिष्यन्ति राजधानीं (अयोध्यां) पितुर्मम॥

(वा. रा. २/५/२१ - २३)

नगररचनायां न केवलं कस्यापि नगरस्य भव्यत्वं परिकल्प्यते स्म, अपि तु तस्य दिव्यतापि अभीष्टासीत्। अर्थात्, नगरे विद्यमानैः नागरिकैः कीदृशैः भवितव्यम् एवं चानुकरणीयनागरिकता कीदृशी भवेत् तादृशी दृष्टिरपि आसीत्। अयोध्यायां कीदृशानां नराणां वासः आसीदिति कथनप्रसङ्गे वर्णनमित्थमुपलभ्यते – तस्मिन् पुरवरे (अयोध्यायाम्) ईदृशाः जनाः आसन् - हृष्टाः, धर्मात्मानः, बहुश्रुताः, स्वैः स्वैः धनैः तुष्टाः, अलुब्धाः, सत्यवादिनः, नित्यं स्वकर्मनिरताः विजितेन्द्रियाः ब्राह्मणाः, दानाध्ययनशीलाः, प्रतिगृहे संयताः, देवतातिथिपूजकाः, कृतज्ञाः, वदान्याः, शूराः, विक्रमसंयुताः, दीर्घायुषः इत्यादि। तथा च कीदृग्नरः तत्र नासीदेवेति वर्णनप्रसङ्गे उक्तमस्ति, तदपि 'एकवचनप्रयोगद्वारा', तच्चेत्थम् - अयोध्यायां कश्चिदपि नरः अल्पसंनिचयः नासीत्, कश्चिदपि नास्तिकः, अनृती, अबहुश्रुतः, असूयकः, अशक्तः, अविद्वान्, अषडङ्गविद्, अव्रतः, असहस्रदः, दीनः, क्षिप्तचित्तः,

व्यथितः, अरूपवान् वा नासीत् (रामायणम् १/७/६)। एतेनेदं सुतरां विज्ञाप्यते यत् सत्य-श्रुति-व्रतादिसाद्गुण्येन सिद्धं यद् दिव्यत्वं तादृशेन दिव्यत्वेन पुष्टं सद् एव नगरं भव्यतायाः सार्थक्यं साधयितुं शक्नोतीति। अन्यथा तादृशं नगरं बाह्यवृत्त्या बृहत् विशालं भव्यं सदपि अन्तः दिव्यताऽभावकारणेन केवलं प्रासादनिचयः एव कथयितुं शक्यते, नान्यत् किञ्चित्। तादृशभव्यतादिव्यतासंयुक्तनगररचनाकौशलविमर्शप्रसङ्गे प्राचीन-भारतीयशिल्पशास्त्रानुसारं नगररचनाशास्त्रमत्र विमृष्टमस्ति। किं च द्वारकादिनगरवैष्ट्यं प्रस्तुतमस्ति। नगरेषु जलव्यवस्थादिविषया अपि विमृष्टाः। एतादृशप्रमुखबिन्दून् आदाय विमृष्टवतां लेखानाम् अनेन सङ्ग्रहेण आधुनिकनगररचनानीतिः लाभान्विता भवितुमर्हति।

प्रकाशनेऽस्मिन् प्रकाश्यमानलेखानां मान्या लेखकाः सुतरां श्लाघ्याः सन्ति। प्रकाशनेऽस्मिन् साम्पादक्यं निर्वहन्तो डॉ. ललितकुमार पटेल - डॉ. दीपेश कतिरा - श्रीजिगरभट्ट इत्येते वर्धाप्यन्ते। कुलसचिवः डॉ. दशरथ जादवः प्रकाशनेऽस्मिन् प्राशासनिकं प्रबन्धं पोषितवानस्ति इत्यतः सः अभिनन्दनीयोऽस्त्येव। संस्कृतवाङ्मये नगररचनेत्याख्यः एषः गम्भीरलेख-समवायः विदुषां पुरस्कारभाग् भवत्वित्येतदर्थं श्रीपरमेश्वरः श्रीसोमनाथः सुतरां सम्प्रार्थ्यते।

गोपबन्धुमिश्रः
कुलपतिः

ॐ

प्रास्ताविकम्

श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः वेरावलम्, सरदार पटेल युनिवर्सिटी, वल्लभविद्यानगरम्, विद्वत्परिषत्, संस्कृतभारती, गुजरातम्, इत्यत्तासां संस्थानां संयुक्ततत्त्वावधानेन “संस्कृतवाङ्मये नगररचना” इति विषयमधिकृत्य ६-७ मार्च् २०१९ दिनाङ्कयोः द्विदिवसीया राष्ट्रिया सङ्गोष्ठी आयोजिता। संस्कृतवाङ्मये अनेकेषु ग्रन्थेषु नगररचनाविषयकं निरूपणं कृतमस्ति अस्माकम् आचार्यैः। वास्तुशास्त्रम् अस्माकं भारतीयसंस्कृतेः विशिष्टम् अङ्गं विद्यते। वास्तुशास्त्रप्रतिपादितानि सिद्धान्तानि अद्यापि न केवलं भारतियैः अपितु वैदेशिकैरपि आचरणपथमानीयन्ते आद्रिन्ते च। संस्कृतसाहित्ये मयमतं, समराङ्गणसूत्रधारः, विश्वकर्मवास्तुशास्त्रम्, अग्निपुराणम् इत्यादिषुग्रन्थेषु प्रमुखतया वास्तुशास्त्रसम्बद्धम् निरूपणम् प्राप्यते, किञ्च रामायणम् महाभारतम् पुराणानि नाटकम् काव्यम् इत्यादिष्वपि नगररचनासम्बद्धं वर्णनं तथा विविधनगराणामपि वर्णनं प्राप्यते। इदं वर्णनं मुख्यतया द्विविधमस्ति – सैद्धान्तिकं वर्णनात्मकं च। संशोधनेन अद्यापि द्वारिका उज्जयिनि काशी पुरी लङ्का इत्याद्याः नगर्यः प्राप्ताः सन्ति यत्र प्राचीनं वास्तुशास्त्रम् शिल्पशास्त्रम् च अभिलक्ष्यते। एतस्यां सङ्गोष्ठ्यां विविधग्रन्थानुसारं नगररचनायां विविधानां नियमानां वर्णनानां च प्रस्तुतिः भारतस्य प्रसिद्धैः विद्वद्भिः कृता। परिसंवादे यानि शोधपत्राणि प्रस्तुतानि तानि ग्रन्थरूपेण अत्र प्रकटीक्रियन्ते। आहत्य कति लेखाः? कतिषु भावांषुः, लेखानां वैशिष्ट्यम्, केषां कृते इमे लेखाः उपयुक्ताः। इदं प्रकाशनं विदुषां सामाजिकानां च कृते रुचिकरम् उपयोगि च भूयात् इति आशास्महे।

एतस्मिन् ग्रन्थे द्वादश लेखाः प्रकाशिताः सन्ति। लेखानां भाषा संस्कृतं हिन्दी च वर्तते। प्रत्येकस्मिन् लेखे नगरादिषु उपयुक्तानां भवनादिनां संस्कृतवाङ्मये किं स्वरूपं निरूपितमिति सुष्ठु प्रतिपादितम् अस्ति। कुत्रचित् उपग्रहाणां साहाय्येन चित्राणां रेखाचित्राणां च साहाय्येन विषयाः स्पष्टीकृताः सन्ति। प्रायः सर्वेऽपि लेखाः संस्कृतवाङ्मये नगरनिर्माणविषयकं निरूपणं प्रस्तुवन्ति तथा केचन लेखाः परम्परया सह आधुनिकतामपि विषयेऽस्मिन् प्रस्थापयन्ति। इमे लेखाः शोधच्छात्राणां कृते, अध्यापकानां कृते, संस्कृतानुरागिणां कृते, विशेषतः भवनादिनिर्माणाधिकारिणां कृते उपयोगिनः भविष्यन्ति तथा च इदं प्रकाशनं विदुषां सामाजिकानां च कृते रुचिकरम् उपयोगि च भूयादिति आशास्महे।

भवदियाः

सम्पादकाः

ॐ

प्राचीनभारतीयशिल्पशास्त्र के अनुसार नगररचना शास्त्र

प्रा. अशोक सदाशिव नेने
सेवानिवृत्त प्राध्यापक,
विश्वेशवरय्या राष्ट्रीय अभियान्त्रिकी संस्थान, नागपुर।

सारांश:

एक या अधिक मनुष्यों से एक परिवार बनता है। अनेक परिवार जब आसपास बसते है तो ग्राम या नगर बनता है। प्राचीनभारतीयशिल्पशास्त्र मे जो दस शास्त्र बताए है उनमे से नगर रचना नवम शास्त्र है। इस शास्त्र मे निम्नलिखित पाँच विद्याएँ और एक कला का समावेश है। इन सभी विद्याएँ और कलाओं का वर्णन इस लेखमे संक्षेप मे किया है।

१ - पाँच विद्याएँ :

नगर रचना शास्त्रके अंतर्गत पाँच विद्याएँ आती हैं।

- आपणविद्या
- राजगृहविद्या
- सर्वजनवासविद्या
- वनोपवनविद्या (इसके अंतर्गत एक कला वनोपवनरचना)
- देवालयविद्या

२ - नगरों के प्रकार:

नगरों के निम्नलिखित प्रकार होते है।

- धार्मिकनगर - उज्जैन, हरिद्वार, गया इत्यादि
- राजकीयनगर - दिल्ली, चेन्नाई, गांधीनगर, मुंबई इत्यादि
- व्यापारीनगर – सुरत, कानपुर, मुरादाबाद इत्यादि
- पर्यटन स्थल – शिमला, मसूरी, मुन्नार इत्यादि

मयमत (अध्याय ९) के अनुसार गाँव पाँच प्रकार के होते हैं। ग्राम (गाँव), खेट (खेडा), खर्वट (कसबा), दुर्ग (किला), नगर (शहर)। कश्यपसंहिता के

अनुसार चौदह प्रकार के गाँव होते हैं। ग्राम (गाँव),खेट (खेडा), खर्वट (कसबा), दुर्ग (किला), नगर (शहर), राजधानी, पत्तन (पोर्ट/बंदर), द्रोणमुख (बिनवोले), शिबिर (छावनी/कँप), स्कन्धावार (लश्कर/ कँटोनमेंट)), स्थानीय (थाना), निडंब, निगम और शाखानगर।

३ नगररचना के नौ बिंदु

शिल्पसंहितओं के अनुसार नगर रचना के नौ बिंदु होते है।

१ **प्रपा -** पेयजल का नियोजन

२ **मंडप -** सभागृह, क्रीडांगण और धर्मशाला

३ **आपण -** बाजार

४ **सर्वजनवास -** वस्तीयों का नियोजन

५ **राजवरालय -** न्यायपालिका

६ **नगररक्षा -** सुरक्षा

७ **वनोपवन -** शिक्षा संस्थाएँ

८ **देवालय -** मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर इत्यादि

९ **श्मशान -** अन्त्यसंस्कार की जगह, कूडा कचरा एकत्रित जमा करने की जगह

३.१ प्रपा-पेयजल नियोजन -

भारत के बहुतांश प्राचीन शहर नदी के निकट बसे है। नदी के लुप्त होनेसे मोहेंजो दारो या हडप्पा जैसे विशाल शहर भी नष्ट हो गये।

३.२- मण्डप

मण्डप पाति इति मण्डपम् धूप और वर्षा से बचाव के लिए मण्डप बनाते थे। इसका उपयोग यज्ञ, प्रदर्शनी, धार्मिक समारोह के लिए होता था। आवश्यकतनुसार इनका आकार और रचना होती थी। मण्डप के १६ प्रकार होते थे।

धूप से वचने के लिये - **मरूक**	खेल / कुश्ती देखने के लिये - **दर्भ**
यज्ञ के लिये – **विजय**	मेलमिलाप के लिये – **कौशिक**
राज्याभिषेक के लिये – **सिद्ध**	तीर्थक्षेत्रनिकट क्षौर कर्म के लिये - **कुलधारी**
नाचगाना देखने के लिये – **पद्मक**	भोजन मंडप – **सुखांग**
विवाह के लिये – **भद्रक**	कारखाने के लिये (शेड) – **सौख्यक**
मित्रता करनेके लिये - **शिव**	नाटक, मनोरंजन के लिये – **गर्भ**
उपनयन संस्कार के लिये - **वेद**	मान्यवरों का सन्मान के लिये – **माल्य**
प्रदर्शनी के लिये – **अलंकृत**	चुनाव के मण्डप – **माल्याद्भुत**

३.३ आपणविद्या

बाजार का नियोजन- बाजार मे आवागमन आसान हो इस लिए एक



बाह्यचक्र मार्ग आवश्यक होता है ।

ब्रह्मावृतपथमेकं तन्त्रातरापणं कार्यम्। मयमत अ.१०-८०

बझार की रचना कमल के फुल समान होती थी।

- मध्यभाग- सोने, चांदी, हीरों की दुकाने, निरीक्षण मीनार जिस पर सशस्त्र पेहरेदार होते थे। ईशान से पूर्वभाग- मांस, मछली और सब्जी की दुकानें होती थी।
- पूर्वसे आग्नेय भाग - गुड, घी आदि की दुकानें होती थी।
- आग्नेय और दक्षिण भाग –पीतल तांबे के बर्तनों की दुकाने।
- दक्षिण से नैऋत्य भाग – लोहा, सिसा की वस्तुओं की दुकानें होती थी।
- पश्चिम से वायव्य भाग - नमक, तेल, ऊनी वस्त्र की दुकानें।
- वायव्य से उत्तरभाग – फूल और सुगन्धि द्रव्य।
- उत्तर से ईशान भाग – सौंदर्य प्रसाधन की वस्तु।

गोशाला दक्षिणश्चोत्तरदेशे तु पुष्पवाटी स्यात् पूर्वद्वारोपान्ते पश्चिमतस्तापसावासम् ।८७ । मत्स्योपजीविनां स्यादवासं वायव्यदेशे तु पश्चिमदेशे मांसेरुउपवृत्तां विवासः स्यात् ।९० । तैलोपजीविनां चैवोत्तरदेशे गृहश्रेणिः धनुभिस्त्रिपञ्चसप्तभिरथा नवभिर्गृहावधिः प्रोक्तः ।९१ । मयमत अ.९

सारणि २- कौटिल्य की दृष्टिसे नगररचना के निर्देश	
भाग	दुकाने या बस्तींया
ईशान्	• राजाके सलाहगारों के निवास • पानी के कुम्भ • बलिपूजा के स्थान • पुजारीयों के निवास
आग्नेय	• कर्मशालाएँ • घोडों के अस्तबल • भण्डार गृह

	• बर्तनों की दुकानें • ग्रामोद्योगी वस्तुओं की दुकानें
पूर्व	• फुल मण्डी • अनाजा मण्डी • योद्धाओ के मकान
नैऋत्य	• दलालों की दुकानें • अस्त्रशस्त्रों की दुकानें • व्यापार की दुकानें • सैनिकों की बस्ती • शराब या मांस की दुकानें
दक्षिण	• थोक व्यापारीयों की दुकानें • गणिकाओं के मनोरंजन गृह
नैऋत्य	• कारागृह - ऊँटो के तबेले
वायव्य	• सूती या ऊनी कपडे या चर्म की वस्तुओं की दुकानें • रुग्णालय/चिकित्सालय • गोशालाएँ • रत्न और उपरत्नों की दुकानें
पश्चिम	• अकुशल कारीगारों की बस्ती
मध्य	• राजमहाल

प्राचीननगररचना के अनुसार विभिन्न वस्तुओं की दुकाने एक निर्धारित दिशामे लगाई जाती थी। इनका वर्णन सारणी १ मे दिया हैं ।

सारणी १- बाजारों का नियोजन भाग – दुकानें
पूर्व से ईशान्य : मांस, मछली, सुपारी, पान, सूखी सब्जी **पूर्व से दक्षिण :** खानपान की दुकानें

दक्षिण से आग्नेय : बर्तनों की दुकानें
दक्षिण से नैऋत्य : कपडे और कांस्य धातु की दुकानें
नैऋत्य से वायव्य : धान्यमण्डी
उत्तर से वायव्य : ऊन और ऊनी कपडे, तेल और नमक की दुकानें
उत्तर से ईशान् : फूल और सुगन्धित वस्तुओं की दुकानें
मध्यभाग : रत्न और किमती पथ्थर, कलात्मक वस्तुओं की दुकानें
सर्वभाग: घी, शहद, दवाईयाँ कुंकुम की दुकानें

३.४ **सर्वजनवास –** सार्वजनिक इमारते : कौटिल्य तथा भृगु ने इस विषयमे निम्नदिशा निर्देश दिये है. जो सारणी २ और ३ मे दर्शाएँ है।।

सारणी ३- महर्षि भृगु के अनुसार नगररचना

भाग	उपयोग	भाग	उपयोग
उत्तर	उद्यान	पूर्व	व्यापारीयों की बस्ती
दक्षिण	गणिकाओं के निवास	इशान्य	कुंभार/धोबीओं की बस्ती
पश्चिम	अकुशल कारीगरों की बस्ती	मध्य	महल और बाजार सर्व भाग-पानी के कुए

भृगु के दिशानिर्देश

शस्तं सर्वत्र वाप्यादि ह्युत्तरे पुष्पवाटिका।
दक्षिणे गणिकावाटं परित: शूद्रजन्मनाम् ॥
वैश्यानां वणिजां प्राच्यां मध्ये राजगृहं भवेत्।
प्रागुदीच्यां कुलालानां वापकानां हि तत्र च॥ भृगुसंहिता अ. १०

मयमुनी के नगररचना के निर्देश

- भाग/दिशा -दुकानें या बस्ती
- उत्तर-तेल या घी की दुकानें
- दक्षिण-गाय भैसों के तबेले
- पश्चिम- साधु संतों के आश्रम

- पूर्व-उद्यान
- वायव्य-मांस, मछली की दुकानें

३.५ राजवरालय :

न्याय सभा (कोर्ट) की रचना कैसे हो इसका वर्णन निम्न भाग मे बताया हैं।

- न्यायकक्ष को दो बडे दरवाजे हों और उनके समीप सिपाई हो।
- न्यायसभा के चारो और खुली जगह हो।
- न्यायाधीश के सामने उसके कर्मचारीयों की बैठने की व्यवथा हो।
- सार्वजनिक सभागृह में दिवारें नही होती थी ताकि सभा का कामकाज सब देख सके। संदर्भ श्लोक ९
- राजाका परामर्श कक्ष लंबा हो तथा उसकी दिवारें ऊँची हो। उसकी रचना पूर्व-पश्चिम दिशा में हो। संदर्भ श्लोक १०

आसनव्यवस्था पश्चिम दिशामें पूर्वाभिमुख और एक किले की तरह अभेद्य हो। आसन व्यवस्था जाली जैसी दिवार से घिरी हो। गणमान्य व्यक्ति दीर्घा मे बैठने की व्यवस्था हो। संदर्भ श्लोक ११

राजा के सभागृहमे आसन व्यवस्था

सभा च सायावृत्तकुड्यहीना ऽतिदूरत: प्रेक्षणकर्मयोग्या ।
उत्तुङ्गकुड्या नृपमन्त्रशाला पूर्वापरव्यामयुता मनोज्ञा ॥
कूटाकारं वा तस्मिन् तत: पश्चिमतो दिशि ।
राज्ञां सिंहासनं स्थाप्यं कार्य प्रांग्मुखं सर्वदा बुधै: ॥
बहिर्जालककुड्यं स्यात्तबाह्ये च प्रभा भवेत्।

मंत्रीगण तथा न्यायाधीश के आसन आग्नेय दिशा मे, राजदूतों के आसन ईशान् दिशा मे,.तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारीयों के आसन दक्षिण दिशा में हो। सर्व आसन समांतर हो। संदर्भ श्लोक १२

मध्यभागमे सरकारी वकील और गवाह बैठे और दोषी व्यक्ति कंधे इतने ऊंचे पिंजरे के पिछे खडे रहे। जमीन पर फर्श लगी हो। संदर्भ श्लोक १३

पूर्व तथा उत्तर दिशा मे पानी की टंकी हो। आरोपी व्यक्ति जो भेष बदलकर और बाल रंगाकर आता है उसके बाल और चेहरा धोने के यह प्रबंध था। दक्षिण दिशा मे घायल व्यक्ति के लिए पलंग हो। संदर्भ श्लोक १४ नगर के ईशान भाग में आचार्य, पुरोहित और ज्योतिषीयों के मकान हो। संदर्भ श्लोक १५

आग्नेयभाग में हस्तिशाला, कोष्ठागार होने चाहिए, क्षत्रियपूर्वभाग में बसे। संदर्भ श्लोक १६

३.६ - नगररक्षा : विभिन्नसंहिता के अनुसार,

नगर की रक्षा हेतु ऊंची दीवारें बुर्ज, निरीक्षण मीनारे और दरवाजे हो।

- नगर के अंदर या बाहर जानेवाले व्यकृति के पास परिचय पत्र होते थे।
- आपदा (आग/जलप्रकोप/भूकंप) व्यवस्थापन की उचित व्यवथा होती थी।

३.७ - वनोपवन : गांव से दूर पश्चिम दिशामे गुरुकुल होते थे। श्रावण से छ मास पाठ्य पुस्तकों की पढाई। और उसके पश्चात् व्यावहारिक ज्ञान ऐसा शिक्षा का स्वरूप था। ऐसी जगह पर कोई भी कर नही लगता था।

सार्वजनिक उद्यान बनाते समय कौनसे वृक्ष किस दिशा मे लगाने चाहिए इसका वर्णन मयमतम् मे दिया है। संदर्भ श्लोक २४

- **मध्यभाग** - अंतसारवृक्ष – कटहल, आम इत्यादि
- **बाहरीभाग -** बहि:स्सारवृक्ष – नारियल, सूपारी इत्यादि
- **शेषभाग -** सर्वस्सारवृक्ष –इमली चंदन, शीसम इत्यादि
- **नि:स्सारवृक्ष -** गुलेर, पीपल बिल्व आदि अन्य वृक्षों के बीच में लगाए।

अन्तसारा वृक्षा यदि संति ह्यन्तरेसंतु च ते।
ये सकृति बहि:सारास्तेऽपि सन्त्वेव सर्वदा बाह्ये॥
सकल:सारो येषां ते वृक्षा: सर्वदिक्षु युज्यंताम्।
वृक्षा नि:सारा तेषा क्षेत्रेषु वर्तनं नेष्टम्॥

उद्यान के लिए सुरक्षा दीवाल (ईट या पथ्थर से बनी) आवश्यक होती है। कमसे कम कांटे वाले पौधे सुरक्षा हेतु लगाने चाहिए। संदर्भ श्लोक २५

वत्र च वप्रं कुर्यात्तुर्यस्त्रंव्दारगरहसद्दशमपि।
यव्दा पलिघं कुर्यात्पाषाणैर्बध्द्विर्त्तिसचतुरम्॥
कणटकशाखाभिर्वा वृत्तिमथ करभेक्षणाक्षंमा कुर्यात्।

नगर और उपनगर के बीच की जगह शिक्षण संस्थानों के लिए सुरक्षित रखनी चाहिए। ऐसे जगह खेत या उद्यान के पास हो। संदर्भ मयमत अं.१०

वने वा नगरोपान्ते नागरैस्तु जनैर्वृतम्।
क्षेत्रारामाकरोपि तं शाखानगरमुच्चते॥

मनुस्मृति के अनुसार शिक्षक ने विद्यार्थीयों को शौच, आचार, अग्निकार्य और संध्योपासन सिखाने चाहिए। संदर्भ श्लोक २७

शौच - शरीर और परिसर की स्वच्छता

आचार - दैनदिनव्यवहार के नियम

अग्निकार्य - अग्नि के गुणधर्म और उपयोग

सन्धुपासन - भाषण प्रतियोगिता या द्वंद में निष्पक्ष बने रहना।

शिक्षक के कर्तव्य

उपनीय गुर: शिष्यं शिक्षयेत् शौचमादित:
आचारंमग्निकार्यं च संध्योपासनमेव च॥ मनुस्मृति

३.८ देवालय:

कश्यपसंहिता भृगुसंहिता, मयसंहिता तथा कौटिल्य अर्थशास्त्र में इसका विस्तृत वर्णन आता है।

मंदिरों की दिशा

विभिन्न देव देवताओं के मंदिर किस दिशा में हो इसका वर्णन मयमत मे बताया है.अ.९-६७

सारणी ५ – विभिन्न दिशा में मंदिरों की स्थापना			
दिशा	देवता	दिशा	देवता
पूर्व	सूर्य	वायव्य	विष्णु
आग्नेय	काली	उत्तर	गणेश
दक्षिण	कार्तिक स्वामी	ईशान्	शङ्कर
नैऋत्य	वरुण		

पूर्व दिशामे मंदिर

देवी देवताओं के मंदिरों का निर्माण कहां हो इसका वर्णन मयमतम् मे दिया है। चण्डेश्वर, कार्तिक स्वामी कुबेर, काली, पुतना, भैरव और वीरभद्र इनके मंदिर गांव से दूर पूर्व दिशामें हो। मयमत ९-८३

चण्डेश्वर: कुमारो धनद: काली च पूतना चैव ।
कालीसुतश्च खड्गी चैते दौवारिका: प्रोक्ता: ॥८३॥ मयमत अ ९

देव देवता के मुख की दिशाएँ

वास्तुविद्या के अनुसार उग्रदेवताओं के (नरसिंह) मुख पश्चिम दिशा की ओर हो। स्मितदर्शी (विष्णु) देवताओं के मुखपूर्वदिशाकी ओर हो। संदर्भ श्लोक ३०

मंदिर की ऊँचाई

मनुष्यालय चन्द्रिका के अनुसार मकान की उँचाई मंदिर की ऊँचाई से अधिक न हो। मकान की ऊँचाई बढाने से पहले मंदिर की ऊँचाई बढानी चाहिए। संदर्भ मनुष्यालयचन्द्रिका

मंदिरों के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह का वर्णन शिल्परत्न मे दिया ह।

उपयुक्त जगह – ऐसी जगह जो किसी धर्मिक स्थल के पास हो या नदी, तालाब या समुद्र के किनारे या नदीयों के संगम के स्थान नजदिक हो या पर्वत के शिखर पर, जंगल में या जहां भी मन प्रसन्न होता हो वहाँ हो।

३.९ स्मशान

या ने शबों के अंतिम संस्कार करने की जगह, या कूडा–कचरा एकत्रित करके नष्ट करने की जगह। स्मशान गांव से ३ से ४ कि. मि दूर उत्तर या पूर्व दिशा में होते थे ।

प्राचीन काल में स्वच्छता का बडा महत्व था। वह एक धार्मिक प्रथा का भाग समझा जाता था। गृह्यसूत्र में शाररिक स्वच्छता का वर्णन तथा नीतिसूत्रो में परिसर की स्वच्छता कैसी रखनी चाहिए इसका वर्णन मिलता है।

मयमूनि के अनुसार स्मशान नगर के पूर्व या उत्तर दिशा मे हो। चमडे के कारखाने, घन कचरा एकत्रित करने की जगह जल स्रोत से बहुत दूर हो। संदर्भ श्लोक २२

रास्तो की सफाई सुर्योदय से पहले होती थी। यह कार्य महिला कर्मचारी करती थी। विषाणुओं से उनके बचाव के हेतु वे हाथ पैर में सीसे के गहने पहनती थी।

चण्डालयोशितस्ताग्रामाय: सीसभूषणा: सर्वा: पूर्वान्हे मलमोक्षक्रियोचिता ग्राममावेश्य ॥९७॥ मयमत अ ९

४ प्रदूषण नियंत्रण के लिये कानून या दंड –

चाणक्य के अर्थशास्त्र में स्वच्छता के नियम तोडने पर दंड का प्रावधान बताया है।

- कूडा कचरा रास्ते मे फेंकने पर – अष्टमांशपण

- पानी निकास रोकने पर – चतुर्थांशपण
- राजमार्ग दूषित करने पर – अर्धपण
- जलस्त्रोत या धार्मिक जगहके पास मला मुत्र विसर्जन करने पर -२ पण
- मृत जानवर रस्ते पर फेकने पर – तीन से छ पण
- निर्धारित स्मशान के अलावा अन्य जगह पर अंतिम संस्कार करने पर - ५० पण (**पण**–प्राचीन काल का सिक्का)

५ नगर रचना के अंतर्गत आने वाले अन्य विषय

- भूमिपरीक्षा - ग्राउंड इन्वेष्टीगेशन
- भूमिसंग्रह - भूमि अधिग्रहण
- दिक्परीक्षा - ओरिएटेशन
- पादविन्यास - लेआऊट
- बलिकर्मविन्यास - देव देवताओं को भोग चढाना
- ग्रामनगरविन्यास - बस्तीओं में प्राथमिक सुविधा, पानी इ.
- भूमिविधान - झोनिंग ऑफ एरियाज
- गोपुरविधान - पोर्टल्स
- मण्डपविधान - सरकारी तथा धार्मिक इमारते
- राजवेश्म विधान – राजकीय इमारते

६ रास्तों का महत्त्व –

शरीर मे जिस तरह रक्तवाहिनीयाँ होती है उसी तरह नगर के रास्तों का महत्त्व होता है। प्रमुख रास्ते पूर्व-पश्चिव या उत्तर-दक्षिण दिशा के समांतर होते थे। चौडाई के अनुसार मार्ग तीन प्रकार के - राजमार्ग प्रथम, द्वितीय या तृतीय श्रेणी के होते थे। इनके अलावा देशमार्ग (५४ से १०० मि चोडाई), ग्राममार्ग (३६ से ६३ मि चोडाई), तथा सीमा मार्ग होते थे। रास्ते के दोनो बाजु में पादचारीओं के लिए पदपथ – फुटपाथ - हो जिनकी चौडाई मुख्यरस्ते की

चौडाई के एक तिहाई हो। रास्ते का पृष्ठभाग कछुए के पृष्ठ के समान होता था।

मयमत अनूसार ग्राम का वर्गीकरण		
नाम	पथ संख्या	
	पूर्व-पश्चिम	उत्तर-दक्षिण
दंडक	१	१
प्रस्तर	३	३ - ७
स्वस्तिक	४	४
प्रकीर्णक	४	८ -१२
नंदीवर्त	५	१३ - १८
पराग	६	१८- २२
पद्म	७	३- ७
श्रीप्रतिष्ठा	८	२८- ३८

७ - शुक्रनीति मे नगररचना-राजधानी बनाने योग्य प्रदेश लक्षण –

नाना प्रकार के वृक्ष तथा लता से व्याप्त, पशु तथा पक्षिगणो से युक्त, बहुत जल तथा धान्य से पूर्ण, सदा तृण तथा काष्ठ मिलने की सुविधा से युक्त, समुद्र पर्यन्त नौका से गमन करने लायक नदी के तट एवं सुरम्य सम भूमिवाले ऐसे भूप्रदेश मे राजा राजधानी का निर्माण करे। शुक्रनीति १-२१४

नगर देखने में अर्धचन्द्र गोल वा चौकोर आकार वाली, अत्यंत शोभायमान, प्राकार, परिखा से युक्त, ग्रामादि बसाने लायक हो और जिसके मध्य मे सभा मण्डप हो, एवं कूप, बावडी तडाग आदि से युक्त हो।

राजमार्गादि निर्माण का निर्देश - राजभवन की चारो दिशाओं में राजमार्ग-प्रधान सडक बनवाना चाहिये। उत्तम राजमार्ग ३० हाथ चौडा होता है। मध्यम २०

हाथ चौडा, अधम राजमार्ग १५ हाथ चौडा होता है। पूर तथा ग्रामादि को मे इन्ही ३ प्रकार के मार्ग होते है.

- ग्राम और नगरमे पद्या-पगदंडी ३ हाथ चौडी वीथि – गली ५ हाथ चौडी और मार्ग १० हाथ चौडा बनवाये। राजा ग्राम के मध्यभाग से पूर्व से पश्चिम और दक्षिण से उत्तर जाने वाले मार्ग बनवाये।
- राजधानी मे पद्या-पगदंडी, वीथि-गली नही बनवानी चाहिये।
- २४ क्रोश के अंतर पर उत्तम राजमार्ग (३० हाथ चौडी सडक) बनवानी चाहिये।
- मध्य मे मध्यम राजमार्ग (२० हाथ चौडी सडक) वनवानी चाहिये।
- इन दोनों के बीच १० हाथ चौडाई का अर्ध राजमार्ग बनवाना चाहिये।
- ग्रामिण सडकों की भूमि का आकार कछुए की पीठ की भांति बनवाना चाहिये। और आवश्यकता के अनुसार पुलीये भी होना चाहिये, मार्ग के दोनो तरफ जल बहने के लिये नालिया बनी हो।

८ वास्तु निर्माण के लिए नगर रचना विभाग के प्राचीन नियम –

मानसार के अनुसार मकान की मंझिले बारह से अधिक न हो। बृहतसंहिता के अनुसार मकान की उंचाई ४५ मि से अधिक न हो। दो मकानों के बीच का अंतर ऊंचे मकान की उंचाई के दो गुना ज्यादा हो। मकान के पिछे एक संकरी गली (मल नि:सारण के लिए) हो। मकान के सामने की खुली जगह की दूरी भूखंड की लंबाई के एक तिहाई हो। काशी (बनारस) दुनिया का सबसे प्राचीन शहर है, जो प्राचीन नगर रचना शास्त्रनुसार बना है।

९ - लेख का सारांश

- ईसा पूर्व ४००० साल मे, प्राचीन भारत मे नगर रचना शास्त्र उन्नत स्तर पर था, जब की अन्य देश में इस शास्त्र का उगम ईसा पूर्व २०० में हुआ।

- प्राचीन भारत का नगररचनाशास्त्र सर्वधर्म समभाव, पर्यावरण संरक्षण और पारस्पारिक सहचर्य पर आधारित था, जब की आज का शास्त्र केवल उपभोगवाद पर आधारित है।
- प्राचीन कालमे सुरक्षा हेतु आवश्यक समझे जाने वाले प्राकार, तट या खंदक आज अनावश्यक हो गये है। पथ्थर, ईटे, चूना, कवेलु, लकडी जैसी निर्माण सामग्री की जगह सिमेंट, धातु, काँक्रीट और कृत्रिम वस्तुओं ने ली है जो स्वास्थ्य तथा पर्यावरणनाशक है।
- कालाय तस्मै नम:

प्राचीन संदर्भ ग्रंथ		
बृहतसंहिता	कौटिल्य अर्थशास्त्र	मानसार
वास्तुराजवल्लभ	मनुस्मृति	वशिष्ठसंहिता
काश्यपसंहिता	भृगुसंहिता	शिल्परत्न
शिल्पदीपक	राजवल्लभ	नारदशिल्प
समरांगण सूत्रधार		

१० **ऋणनिर्देश:** प्रस्तुत लेख स्व. कृष्णाजी विनायक वझे (१८६९ - १९२९) और स्व. गोपाळ गजानन जोशी, (१९१२ – १९९२) इनके प्रकाशित या अप्रकाशित लेखों के आधार से लिखा है।

शिल्पशास्त्रों में ग्राम एवम् नगर रचना के प्रकार[1]

श्री बिजय प्रसाद उपाध्याय

प्राचीन भारतीय प्रौद्योगिकी के अभ्यासक।

- **प्रस्तावना**

भारतवर्ष में ग्राम से लेकर नगर तक की रचना का विचार बहुत ही शास्त्रीय दृष्टिकोण से किया गया है। प्रस्तुत शोध निबन्ध में भारतवर्ष में ग्राम-नगरों की रचना के सिद्धान्त व वास्तु के ग्रन्थ 'शिल्परत्न' के अनुसार उनका वर्गीकरण का विस्तार से चर्चा की गयी है। साथ ही 'मयमतम्' ग्रन्थ के आधार पर ग्राम व नगरों के विविध प्रकार के विन्यास पर सचित्र प्रकाश डाला गया है। इस के साथ उनकी विशेषताओं की भी चर्चा प्रस्तुत की गयी है।

- **ग्राम-नगर रचना का परिचय**

(१) सामाजिक आवश्यकता

भारतीय दर्शन के अनुसार मानव जीवन का आधार चार पुरुषार्थ रूपी स्तम्भ हैं। मनुष्य जीवन का लक्ष्य - धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति हैं। इसके साथ सामाजिक प्राणी होने से सामूहिक रूप में समाज को भी इस दिशा में आगे बढ़ना भी उसका कर्त्तव्य हैं। व्यक्तिगत व समष्टिगत उद्देश्य को व्यवहारिक रूप में क्रियान्वयन करने हेतु मनुष्य ने सामाजिक व्यवस्था का निर्माण किया है। इस क्रम में सबसे पहले रहाबट के लिए ग्राम से लेकर नगर तक का व्यवस्था का निर्माण किया हैं।

(२) आवश्यकता पूर्ति के उपाय

मनुष्य जीवन के लिए आवश्यक भौतिक संवृद्धि के विषय को भारतीय ज्ञान परम्परा में उपवेद 'शिल्पवेद' में प्रस्तुत किया गया हैं। इसका हेतु व्यक्ति

---

[1] इस शोध निबन्ध को प्रस्तुत करने में प्रा० (डॉ०) अशोक सदाशिव नेने, नागपुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ हैं। अतः मैं उनका आभारी हूँ।

व समाज का अभ्युदय कर उसे निःश्रेयस की ओर आगे बढ़ना है। शिल्प विषय की विश्वकोश 'भृगुशिल्पसंहिता[२]' ग्रन्थ में इसे ३ खण्ड - १० शिल्पशास्त्र - ३२ शिल्पविद्या - ६४ शिल्पकला के माध्यम से विस्तार किया गया है। इसका तीसरा खण्ड वास्तुखण्ड है। 'वस्' अर्थात् वसती (= बसना) धातु से निष्पन्न 'वास्तु' में रहाबट के लिए व्यक्ति-परिवार के लिए आवश्यक गृह निर्माण को वेश्मशास्त्र के रूप में जबकि सामूहिक व्यवस्था के के लिए ग्राम से लेकर नगर की रचना को 'ग्राम-नगर-रचना शास्त्र' में प्रस्तुत किया गया है।

(३) शास्त्रीय परम्परा का अध्ययन

ग्राम-नगर-रचना शास्त्र विषय पर प्राचीन शिल्प आचार्यों के कई ग्रन्थ आज उपलब्ध है। उनमें से कुछ प्रमुख है - शिल्परत्न, मयमतम्, विश्वकर्मावास्तुशास्त्र, मानसार, समराङ्गण सूत्रधार आदि। इसके अतिरिक्त आगम अन्तर्गत हमशीर्ष पञ्चरात्र व वैखानस आदि ग्रन्थों में भी इस विषय का वर्णन प्राप्त होता हैं। प्रस्तुत शोधप्रबन्ध में ग्राम-नगर-रचना विषयों को शिल्परत्न व मयमतम् के आधार पर प्रस्तुत किया गया हैं।

(४) पुरातात्त्विक प्रमाण

वर्त्तमान में स्थित भारतवर्ष के अनेक प्राचीन शहर अतीत की संवृद्ध ग्राम-नगर-रचना शास्त्र की प्रायोगिक परम्परा प्रत्यक्ष प्रमाण के रूप में विद्यमान है। समग्र भारतवर्ष में व्याप्त यह शहर है— इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली), उज्जैन, पुरी,

---

२ भृगुशिल्पसंहिता 'शिल्प' का विश्वकोश है। इसमें धातुखण्ड के अन्तर्गत कृषि, जल व खनिशास्त्र; साधनखण्ड में रथ, नौका व अग्नियानशास्त्र व वास्तुखण्ड में वेश्म, प्राकार व नगररचनाशास्त्र समाविष्ट हैं। इन नौ शास्त्रों में जो यन्त्र का विषय है, उसे दसवाँ 'यन्त्रशास्त्र' के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। इन १० शास्त्रों में ३२ शिल्पविद्या व ६४ शिल्पकलाएँ है। सन्दर्भ - प्राचीन हिन्दी शिल्पशास्त्र सार (१९२४), कृष्णाजी विनायक वझे। वरदा बुक्स, पुणे से २०१३ में पुनः प्रकाशित।

द्वारका, ताञ्जाबुर आदि। इसके साथ ही सिन्धुघाटी सभ्यता के उन्नत नगरों का निर्माण भी इन शास्त्रों के अनुसार हुआ था। आज का 'वाराणसी' शहर विश्व के सबसे प्राचीन शहर के रूप में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है।[३] मुस्लिम शासन के लम्बी अवधि के बाद मराठों ने इस शास्त्र को उपयोग में लाकर पुणे, सम्भाजीनगर, ग्वालियर आदि नगरों की स्थापना की हैं।

ग्राम-नगरों का वर्गीकरण

प्राचीन भारतवर्ष में सामूहिक जीवन हेतु रहाबट की व्यवस्था, ग्राम से लेकर शाखानगर तक, १४ भागों में वर्गीकृत हुआ उपलब्ध हैं। इसका वर्णन 'शिल्परत्न' के पञ्चम अध्याय, ग्रामादिलक्षणम्, में हमें मिलता हैं। यह है-

ग्रामश्च खेटकश्चैव खर्वटं दुर्गमेव च ॥ ४ ॥
नगरं राजधानी च पत्तनं द्रोणिकामुखम्
शिविरं स्कन्धवारश्च स्थानीयं च विडम्बकम् ॥ ५ ॥
निगमश्चाथ निर्दिष्टः स्याच्छाशाखानगरं ततः ।
एषां चतुर्दशानां च लक्षणं पृथगुच्यते ॥ ६ ॥

शिल्परत्नम्। ग्रामादिलक्षणम् (पञ्चम अध्याय)॥

इस १४ विविध ग्राम-नगर के प्रकार को, उसके व्यवस्था व उद्देश्य की दृष्टि से, ४ अलग-अलग भागों में हमनें विभाजित किया हैं। विषय का अध्ययन व समीक्षा के लिए यह सहायक होगा। यह विभाग है—

३ Encyclopedia Britannica http://www.britannica.com/EBchecked/topic/623248/Varanasi)

विभाग— १
प्रशासनिक दृष्टि से

अनुशासित जीवन मनुष्य को लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक होती है। व्यक्तिगत स्थर पर मनुष्य स्वयम् इसका उत्तरदायी है पर सामूहिक स्थर यह दायित्व प्रशासक की होती है। प्रशासनिक दृष्टि से मानव समाज को श्रृंखलित व नियन्त्रित हेतु उसके रहाबट को पाँच भागों में बाँटा गया था। यह है —

(१) ग्राम —

ग्राम शब्द 'ग्रस' धातु में मन् प्रत्यय मिलकर बना है। इसमें समुच्चय व पोषण का भाव है। बसाहट के अर्थ में यह एक मर्यादित भूक्षेत्र में बसा हुआ परस्परालम्बी कुटुम्बों का एक स्वावलम्बी समूह होता था।

(अ) ग्राम निर्माण की सिद्धान्त—

विश्वं पुष्टं ग्रामे अस्मिन्नातुरम्॥ ऋग्वेद ॥[४] अर्थात् ग्राम में एक परीपृष्ट विश्व का दर्शन हो एवम् समस्त ग्रामवासी निरोगी रहें। इस मूलभूत सिद्धान्त को लेकर गाँव या उसके समूह को एक वैश्विक ग्राम (global village) के रूप में विकसित कर उसे स्वयम्-सम्पूर्ण(self-sufficient)बनाया जाता था।

(आ) ग्राम रचना की प्रक्रिया—

शिल्पवेद के अन्तर्गत ६४ प्रकार के औद्योगिक कलाएँ (industrial arts) कलाओं का अभ्यास गाँव में होता था। इसका केन्द्र 'कुटुम्ब' था। समाज में कलाएँ 'कौटुम्बिक उद्योग' के रूप में प्रतिष्ठित थे। एक प्रकार के शिल्पकला को अभ्यास करने वाले अनेक कुटुम्ब मिलकर एक 'ज्ञाति' (guild) नामक सामाजिक संस्था का निर्माण करते थे। भिन्न-भिन्न

---

[४] इमा रुद्राय तवसे कपर्दिने क्षयद्वीराय प्रभरामहे मतीः।
यथा शमसद्द्विपदे चतुष्पदे विश्वं पुष्टं ग्रामे अस्मिन्नातुरम् ॥ ऋग्वेद १।११४।१॥

शिल्पकलाओं के ज्ञातियों को एक स्थान में स्थापित कर 'ग्रामकूल' का निर्माण होता था।

(इ) उत्पादन का मुख्य केन्द्र -

गाँव में उपलब्ध स्थानिक नैसर्गिक संसाधनों (वनस्पति, प्राणी, खनिज व मानव सम्बल) का उपयोग कर कौटुम्बिक उद्योगों में मनुष्य के लिए आवश्यक समस्त भौतिक वस्तुओं का उत्पादन होता था। इसी कारण 'ग्रामकुल' राष्ट्र की सबसे लघुतम स्वतन्त्र आर्थिक ईकाई होती थी। गाँव की आवश्यकता को पूर्ण करने के बाद उत्पादित सामग्री आगे नगर होते हुए वाणिज्य केन्द्र (पत्तन) से नदी-समुद्र आदि मार्ग से देश-विदेशों में वाणिज्य हेतु जाता था।

(ई) ग्राम के प्रकार—

गाँव की क्षेत्रफल, परिसीमा व जनसंख्या के आधार पर अनेक प्रकार में विभक्त किया गया हैं। इसका विस्तृत विवरणी शिल्पशास्त्रों में मिलते है जिसका वर्णन विस्तार भय से यहाँ नहीं किया गया है।

(२) खेटक—

कई गांवों के केन्द्र में जो रहाबट होती थी, उसे 'खेटक' कहते थे। शासन व व्यवस्था की दृष्टि से यह क्षेत्रीय प्रशासनिक मुख्यालय का कार्य करता था। मयमतम् के अनुसार गाँवों के समूह के राजस्व देख-रेख यहाँ पर होता था।

(३) खर्वट—

इसी प्रकार चारसो गाँव के मध्य (**चतुःशतग्राममध्यस्थलम्।**) में जो रहाबट होता था, वह 'खर्वट' के नाम से प्रसिद्ध था। यह राज्य का प्रमुख शहर व प्रमुख प्रशासनिक केन्द्र होते थे।

(४) नगर—

जो शहर राज्य के मध्य में या नदी के निकट (**राष्ट्रस्य मध्ये नद्या वा समीपे नगरं श्रुतम्।**) स्थित हो, उसे 'नगर' कहते है। इसकी सुरक्षा हेतु इसके चारों

ओर प्राचीर का निर्माण कर उसमे शस्त्रों को स्थापित कर सुरक्षित किया जाता था।

(५) राजधानी—

एक, दो, तीन या चार द्वारों से जो शहर में प्रवेश होता है (**एकद्वित्रिचतुर्वारा राजधानीति कथ्यते।**), वह 'राजधानी' नाम से प्रसिद्ध था। यह शहर राज्य या राष्ट्र की राजनैतिक व प्रशासनिक केन्द्र 'राजधानी' के नाम से विख्यात थी।

विभाग— २

सुरक्षा की दृष्टि से।

बिना सुरक्षा के न तो व्यक्ति अपना जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकता है न राष्ट्र की संवृद्धि हो सकती हैं। इस दृष्टि से सामरिक शहर या छावनी के भी अनेकों प्रकार के वर्णन हैं। वैसे भृगुशिल्पसंहिता में यह विषय स्वतन्त्र शास्त्र 'प्राकारशास्त्र' के रूप में है। शिल्परत्न में ऐसे चार प्रकार के सामरिक रहाबटों का वर्णन मिलता है। यह है—

(६) दुर्ग—

सेना के लिए प्रमुख केन्द्र के रूप में दुर्ग, गढ़ या क़िला थे। शिल्परत्न में कुल सात प्रकार के दुर्गों का वर्णन हमें मिलता है। **दुर्गं तु पावर्तं वन्यमौ(द)कं चैरणं तथा। दैवकं धावनं चैव कृतकं सप्तधा ॥** यह है— (१) पर्वत दुर्ग, (२) वन दुर्ग, (३) जल दुर्ग, (४) ऐरण दुर्ग, (५) दैवक, (६) धावन व (७) कृतक।

विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों अनुसार अलग-अलग स्थानों पर सामरिक व वाणिज्य की दृष्टि से दुर्ग का निर्माण किया जाता था। कौटलीय अर्थशास्त्र में भी इसका विस्तार से वर्णन किया गया हैं।

(७) शिविर—

किसी विदेशी राष्ट्र में या स्वयम् अपने देश में धर्म स्थापना के लक्ष्य से जब सम्राट अपनी चतुर्स्कन्ध सेना की व्यवस्था करता है, तब उस रहाबट को 'शिविर' कहते है।

वर्त्तमान समय में भी अनेक विदेशी मित्र राष्ट्रों में, स्वराष्ट्र की सम्प्रभुता व विश्व शान्ति के उद्देश्य से, भारतीय सैनिक स्थित है। साथ ही सेना के प्रतिनिधि (defence attache) के रूप में भी सैन्य अधिकारियों को विदेशों में स्थित भारतीय दूतावास में स्थापित किया जाता है।

(८) स्कन्धवार—

परस्पर युद्ध में लग्न राजाओं के साथ रहने वाली व सर्वदा युद्ध के लिए प्रस्तुत सेना की छावनी को 'स्कन्धवार' कहते है।

यह सैनिक सर्वदा सीमान्त प्रान्त में स्थित रहते हुए सर्वदा युद्ध के लिए प्रस्तुत रहते हैं। एक प्रकार से Quick Reaction Team की भांति वे अपना कार्य करते है।

(९) स्थानीय—

अपनी मुख्य सैन्य अधिकारी के साथ राज्य के मर्म स्थानों यथा— पहाड़ के एक पार्श्व में या नदी तट के निकट जो सेना स्थित रहती है, उनकी रहाबट को 'स्थानीय' के रूप में प्रसिद्ध है।

राज्य की सुरक्षा के लिए मर्म स्थानों की सुरक्षा सर्वप्रथम प्राथमिकता होती है। इस स्थानों से शत्रु के आक्रमण की सम्भावना अत्यधिक होती है।

विभाग – ३

औद्योगिक दृष्टि से।

प्रशासनिक व सुरक्षा के अनन्तर राष्ट्र की प्रगति व भौतिक संवृद्धि का मापदण्ड उसके उद्योग होते है। अतः औद्योगिक दृष्टि से विशेष रहाबट का निर्माण किया जाता था। औद्योगिक दृष्टि से निम्न तीन रूप में मिलते है—

(१०) विडम्बक—

ग्राम के बाहर क्षेत्र में कृषकों का विशेष रहाबट को 'विडम्बक' कहते है। जो भूमि कृषि कार्य के लिए विशेष उपयोगी हो, ऐसे स्थानों को चयन कर

कृषकों को स्थापित किया जाता था। क्योंकि विविध शिल्प उद्योगों के लिए आवश्यक कच्चा सामग्री का उत्पादन कृषि के द्वारा होता था। अतः विडम्बक मुख्य रूप से औद्योगिक आपूर्ति केन्द्र का कार्य करते थे।

(११) निगम—

वह स्थान जहाँ चातुर्वर्ण, शिल्पी व उद्यमी का निवास हो, साथ ही विविध शिल्पकलाओं व उद्योगों स्थापित हो और एक व्यापार के केन्द्र के रूप में प्रचुर मात्रा में भौतिक वस्तुओं, धन व अन्न आदि से परिपूर्ण स्थान हो, वह 'निगम' कहलाता है।

यह स्थान उत्पादन व विपणन का प्रमुख केन्द्र के रूप में विकास किया गया था।

(१२) शाखानगर—

वन या नगर के निकट नागरिकों का बसाहट जिसमें कृषिपोयोगी भूमि व जो विभिन्न धातुओं की खानों से परिपूर्ण हो, वह स्थान 'शाखानगर' के नाम से जाना जाता है।

यहाँ नगर के जैसा पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था नहीं होता हैं। पर यह क्षेत्र कृषि व खनिज उद्योगों से परिपूर्ण होता हैं।

विभाग— ४

वाणिज्य की दृष्टि से।

ग्राम व अन्य स्थानों में उत्पादित सामग्री नगर होते हुए दूर देश-विदेशों में वाणिज्य के लिए जाता था। यह वाणिज्य केन्द्र नदी या समुद्र तटीय शहर होते थे। इनके भी कई प्रकारों का वर्णन निम्न में है—

(१३) पत्तन—

यह समुद्र-तटीय नगर है। यहाँ मुख्य रूप में समुद्रगामी व्यापारी-व्यवसायी निवास करते थे। ऐसे शहर में वाणिज्य हेतु आवश्यक विविध वस्तुओं व

सम्पत्ति से परिपूर्ण होते थे। जैसे— विशाखापत्तनम, मछलीपत्तनम आदि शहर उदहारण है।

(१४) द्रोणिकामुख—

यह पत्तन के जैसा समुद्र तटीय शहर है। पर यह समुद्र और नदी के सङ्गम स्थल पर स्थित होते है। इस स्थान में नदी के माध्यम से अनेकों बड़े-बड़े नौकाएँ वाणिज्य हेतु वस्तुओं को लेकर विविध स्थानों से एकत्रित होते थे व पुनः समुद्रमार्ग से वे विदेशों में व्यापार के लिए आगे जाते थे। यहाँ नौकाओं के लिए विशेष बन्दरगाह (sea-port) हुआ करती थी। भूगामी व समुद्रगामी व्यापारियों से बसा यह शहर को 'द्रोणिकामुख' कहते हैं।

<u>ग्राम-नगरों का आकार व विन्यास</u>

रहाबट के १४ विविध प्रकार के अनन्तर उसके निर्माण योजना का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। वास्तु के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'मयमतम्' के नौवें अध्याय 'ग्रामविन्यास' में गाँव के आकार एवम् विन्यास के आठ प्रकार का वर्णन प्रस्तुत किया गया है। यह है—

(१) दण्डक



(२) इस प्रकार के नगर की विशेषताएँ—

आकार= वर्गाकार या आयाताकार, रास्तों की संख्या एक से पाँच तक, बाहर की पंक्ति मे एक मंझिले और भीतर बहु मंझिले घर, सरकारी कार्यालय आदि

पूर्व की दिशा में, ब्राह्मण बस्ती के लिए अनुकुल। इसमें १२, २४, ५०, १०८ या ३०० परिवार बसते थे।

(२) नंध्यावर्त



विशेषताएँ—

आकार= वर्गाकार वा आयाताकार, नगर मे चार विथी (रास्ते के निकट एक कतार में घर), नगर मे चार प्रमुख पथ, ३,५ या ७ समानान्तर रास्तें, उनके दोनों ओर घर, इन मार्गों पर कोई भी घर नहीं होते थे। प्रति २० मीटर के अन्तर से छोटे रास्ते जिसकी चौडाई ३ से ५ दण्ड। १ दण्ड = १.८ मीटर।

(३) सर्वतोभद्र



यह विन्यास के लिए मङ्गलकारक माना गया है। इसकी **विशेषताएँ—**

मध्य भाग में मन्दिर, कोण बिन्दु पर मण्डप, धर्मशाला, विद्यालय आदि, सुरक्षा हेतु चारों ओर तट या खण्डक। वैश्य या शुद्रों की बस्ती दक्षिण भाग में, परिक्रमा मार्ग एक से पाँच, पश्चिम और आग्नेय दिशा के मध्य में बुनकरों के घर।

(३) स्वस्तिक



विशेषताएँ— नगर की रक्षा के लिए तट, आठ प्रवेश द्वार, तट के निकट खन्दक। मध्य, वायव्य व आग्नेय दिशा में धार्मिक केन्द्र। बाहर रास्ते पर एक मंझिले मकान पर भीतर भाग में दो मंझिले मकान।

(५) प्रस्तर



विशेषताएँ— नगर का विभाजन ४ या ९ या १६ भागों में। रास्तों की चौड़ाई ६ से ११ दण्ड। आर्थिक या सामाजिक श्रेणी के अनुसार बस्तियों का निर्माण। चारों दिशाओं में सुरक्षा द्वार।

(६) पद्मक



विशेषताएँ— कमल की पंखुड़ियों के समान, छोटे भीतर तथा बाहर की ओर चौडी, जिसके चारों दिशाओं में दुर्ग या कूट हो। एक द्वीप के समान।

(७) कर्मुक



विशेषताएँ— समुद्रतट के निकट नगर के लिए अनुकूल पत्तन। दो मुख्य समानान्तर मार्ग। एक छेद मार्ग। व्यापारी लोगों के अनुकूल रहाबट व्यवस्था। आवश्यकतानुसार तट।

(८) चतुर्मुख



यह रचना सब प्रकार के नगरों के लिये उपयुक्त है। वर्गाकार या आयाताकार। नगर का विस्तार पूर्व से पश्चिम की दिशा में होता है व मध्य में देवालय का होना अनिवार्य होता था।

उपसंहार

संक्षेप में हम कह सकते है कि प्राचीन भारतवर्ष में ग्राम-नगर-रचना शास्त्र अपने चरम सीमा पर था। देशकालानुसार यह परिवर्तित होता था। कालान्तर में दुर्ग और कुट का निर्माण व नियोजन भी ग्राम-नगर-रचना के एक भाग बन गया। आज भी राष्ट्र की अभ्युदय व निःश्रेयस के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की पुनर्स्थापना हेतु यह आज भी प्रासंगिक है।

सन्दर्भ सूची

(१) प्राचीन हिन्दी शिल्पशास्त्र सार (१९२४), कृष्णाजी विनायक वझे।

(२) शिल्परत्न, श्रीकुमार कृत।

(३) मयमुनि विरचित मयमतम्।

(४) ऋग्वेद संहिता।

(५) स्व० श्री० रविन्द्र शर्मा 'गुरुजी' के व्याख्यान संग्रह।

(६) Encyclopedia Britannica

वैदिक वाङ्मय में ग्राम-नगर-रचना[१]

लीना हुन्नरगीकर[२]

सारांश

इस शोध निबन्ध में वैदिक वाङ्मय के आधार पर नगर-रचना के बारे में सन्दर्भ कहा-कहा मिलते है और उन की चर्चा कैसे की गयी है इस विषय पर लिखने का प्रयास किया गया है। वेद, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक, कल्पसूत्र जैसे वेदाङ्ग और धनुर्वेद-शिल्पवेद जैसे उपवेद ग्रन्थों में नगर-रचना के बारे में क्या विचार प्रस्तुत किये गये है इन को समझने का प्रयास किया है।

वैदिक वाङ्मय इस संज्ञा से ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद— इन वेदों का एवं उन की संहिताएं तथा उन की शाखाओं तथा उनके व्यख्याकारक ग्रन्थों ब्राह्मण, आरण्यक व उपनिषद्, शिक्षा, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष, कल्प (श्रौत, शुल्ब, गृह्य व धर्म) इन वेदाङ्गों का, पूर्वमीमांसा, वैशेषिक, न्याय, योग, सांख्य, उत्तरमीमांसा (ब्रह्मसूत्र या वेदान्त) इन वेदोपाङ्गों या दर्शनों का तथा आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद, शिल्पवेद— इन उपवेदों का अन्तर्भाव होता है। इन ग्रन्थों में मनुष्य के आध्यात्मिक विकास के साथ उसके भौतिक प्रगति के भी समस्त विद्याएँ उपलब्ध है। जहाँ भौतिक प्रगति का विचार हम करते है, तो उस का प्रारम्भ मनुष्य की अन्न, वस्त्र और आवास रूपी मूलभूत आवश्यकता से मुख्यतः होता है। व्यक्ति व समष्ठीगत स्थर पर इन पूर्तताओं की सिद्धि करने हेतु समाजशील मनुष्य ने चिन्तन कर ग्राम-नगर रूपी स्वतन्त्र ईकाई का परिकल्पना किया और इस स्वरूप को उत्तरोत्तर विकास करते

१ इस शोधनिबन्ध के लिए प्रा. डॉ. अशोक नेने, नागपुर इनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अतः शोधनिबन्ध प्रस्तुतकर्ता उन के प्रति सविनय आभारी है।

२ सहायक प्राध्यापिका, एच्. पी. टी. आर्टस् एँड आर्. वाय्. के. सायन्स कॉलेज, नाशिक, महाराष्ट्र।

एक सुदृढ़ व्यवस्थाओं के समूह का निर्माण किया हैं। इस ग्राम-नगर-रचना के सन्दर्भ हमें वैदिक वाङ्मय में विस्तार से मिलते है।

वैदिक वाङ्मय में ग्राम-नगर रचना का स्वरूप–

वैदिक वाङ्मय में गृहनिर्माण का प्रारम्भ हमें अस्थाई निवास (Tent) से लेकर बड़े-बड़े राजप्रसाद के निर्माण तक दिखाई देता है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देने हेतु सूक्ष्मतम स्थर पर आवास के हेतु अस्थाई निवास, कुटीर, मन्दिर व राजप्रसाद का निर्माण किया और उसके उपरान्त स्थूल रूप में इसका विस्तार गाँव एवं नगरों के रचना के रूप में प्रस्तुत किया हैं। शिल्पवेद के विश्वकोश रूपी ग्रन्थ 'भृगुशिल्पसंहिता' के अन्तर्गत वास्तुखण्ड में यह वेश्म, प्राकार व ग्राम-नगर-रचना शास्त्रों व उसके अन्तर्गत तत्सम्बन्धी अनेकों शिल्पविद्याओं व शिल्पकलाओं के रूप में विस्तार रूप में हमें प्राप्त होता हैं। परन्तु इसका आरम्भ बीज (अर्थात् मूलभूत सिद्धान्त) के रूप में हमे वेदों में से प्राप्त होता है।

वेद—

वेद हमारे जीवन के लिए आवश्यक अध्यात्म व भौतिक विद्याओं का बीजरूपी संग्रह हैं। ऋग्वेद में क्षेत्रासा (ऋ. ४।३८।१॥), क्षेत्रजेश् (ऋ. १।३३।१५॥) ऐसे शब्द मिलते है। इसमें विशाल भवन का वर्णन वरुण देवता के राजप्रासाद रूप में मिलता है। वरुण के साथ साथ मित्र देवता के प्रासाद में सहस्त्र खम्बों का वर्णन आता है।[३] अन्य एक और ऋचा में सहस्रस्थूणम्, हजार स्तम्भवाले घर का वर्णन है। ऋग्वेद में त्रिधातु, जिसका अर्थ वेदभाष्यकारों ने तिमञ्जिल किया है, भवन का उल्लेख आता है। यह भवन भद्र और अनातुर, किसी भी प्रकार के रोगों से रहित होगा और यही उसकी

---

३ सहस्रस्थूण आसाते। (ऋ. २।४१।५॥)

विशेषता होगी।[४] डॉ. कपिलदेव द्विवेदी (२००४) से ज्ञात होता है कि ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में लोह निर्मित नगर या किलों का वर्णन है। लोहे से बने दुर्ग अजेय होते है (अथर्व. १९।५८।४॥)[५] और इस के साथ ही समुद्र के किनारे भवन बनाने का भी वर्णन ऋग्वेद में आता है।[६]

अथर्ववेद और यजुर्वेद में वातानुकूलित भवन का वर्णन मिलता है। अथर्ववेद काण्ड ६वा, सूक्त १०६ में १ से ३ तक मन्त्रों का अर्थ करते हुए बताया गया है कि इस प्रकार के भवन में बर्फ की पतली परत भवन के चारों ओर लगाई जाती थी। इन भवनों का स्थान बड़े तालाब के बीच में हुआ करता था। वायु का प्रवेश पूरी तरह हो ऐसी व्यवस्था इन भवनों में की जाती थी। साथ ही अग्नि की व्यवस्था भी शीतल वातावरण से बचाव हेतु की जाती थी।[७]

अथर्ववेद के तृतीय काण्ड का बारहवाँ सूक्त बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस सूक्त का ऋषि 'ब्रह्मा' है। यह नाम संकेत देता है कि इस सूक्त को नवनिर्माण की दृष्टि से समझा जाना चाहिए। इसकी देवता 'शाला' अथवा 'वास्तु-भवन-निर्माण-विद्या का अधिष्ठाता (वास्तोष्-पति)' माना जाता है। इस सूक्त के मन्त्रों को भवन-निर्माण के सन्दर्भ में समझा जाता है और इसके मन्त्रों को प्रायः मकान की नींव डालते समय बोला जाता है।

इ॒हैव ध्रु॒वां नि मि॑नोमि॒ शाला॒ं क्षेमे॑ तिष्ठाति घृ॒तमु॒क्षमा॑णा।
तां त्वा॑ शाले॒ सर्व॑वीराः सु॒वीरा॒ अरि॑ष्टवीरा॒ उप॒ सं च॑रेम॥१॥

---

४ यद् भद्रं यदानुतरम् त्रिधातु यद् वरूथ्यम्। (ऋ ८। ४७। १०॥)

५ पुरः कृणुध्वम् आयसीरधृष्टाः।

६ आयने ते परायणे दूर्वा रोहन्तु पुष्पिणीः। ह्रादश्च पुण्डरिकाणि समुद्रस्य गृहे इमा।। (ऋ १०।१४२।८॥)

७ यजुर्वेद के १७ वे अध्याय के ५ वे एवं ७ वे मन्त्र में भी इसी प्रकार के भवन का वर्णन आता है, ऐसा द्विवेदी जी लिखते है। परन्तु, वहाँ हेति शब्द का प्रयोग हुआ है। परन्तु इस शब्द का अर्थ गृह या भवन ऐसा नही लिया जा सकता।

अथर्व. का.३ । प्र.५ । अनु.३ । सू. १२ ॥

इस सूक्त का विनियोग नवशाला संस्कार, चतुर्गणी महाशान्ति, शान्त्युदक, ग्रहदोष परिहार आदि कार्य के दृष्टि से किया जाता है। यह शाला पुत्र-पौत्र, आरोग्य और समाधान प्रदान करे ऐसी अपेक्षा उससे रक्खी गयी है। वह शाला अन्न-धान्यपरिपूर्णा (घृतवती, पयस्वती, पूतिधान्या) हो। उसमें रहने वाले लोग सामर्थ्यशाली हो (सर्ववीराः), वह दृढ (ध्रुवा), अच्छी वाणी होनेवाली (सूनृतावती), सामर्थ्यवान् (उर्जस्वती), जिस का छत विस्तृत हो (बृहच्छन्दाः), ऋत से खम्बे पे वह आरूढ होती है ऐसा वर्णन दिखाई देता है। ऐसी इस घर में 'जीवेम शरदः शतं' ऐसी आशा वैदिक ऋषि के मन में दिखाई देती है।

अथर्ववेद का सातवे काण्ड में नवगृह भूमिशुद्धि सूक्त (श्येनयाग) के ऋषि 'प्रस्कण्व' और देवता 'सरस्वान्' और छन्द 'भूरिक्त्रिष्टुप' है।

यस्यं व्रतं पशवो यन्ति सर्वे यस्यं व्रत उंपतिष्ठंन्त आपंः ।
यस्यं व्रते पुंष्टपतिर्निविंष्टस्तं सरंस्वन्तमवंसे हवामहे ॥१ ॥

अथर्व. का.७ । प्र.१६ । अनु.४ । सू. ४१ ॥

कौशिकसूत्र में श्येन का अर्थ विद्युत् ऐसा कर नवगृह पर बिजली न गिरे इस कारण इस सूक्त का पठन किया जाता है। अथर्ववेद के नवमें काण्ड का तिसरा सूक्त भी शालानिर्माण से ही जुडा हुआ है। इस सूक्त के इकत्तीस मन्त्रों में गृहनिर्माण से लेकर गृहसंरक्षण तक का विचार दिखाई देता है। स्तम्भ, खिडकियाँ, द्वार आदि के बारे में शास्त्रीय रूप से विवेचन दिखाई देता है। गृह के प्रमाणरूप निर्माण पर जोर दिया गया है। उसे 'शाला मानस्य पत्नी'[८] (अथर्ववेद ९।३।६।।) यह उपाधि दिया गया है। गृह की रचना, गृह के

८ शिवा मानस्य पत्नी, ऐसा भी एक पाठ मिलता है।

विभाग, गृहदान, गृहसमृद्धि, पश्चिमाभिमुख, गृह का आरोग्य के विषय मे विचार, गृहसमाधान एवं गृहसंरक्षण विषयों की चर्चा इस सूक्त में की गयी है।

अथर्ववेद में नवें काण्ड का तिसरा सूक्त 'शालासव' सूक्त है। स्थापत्य दृष्टि से यह सूक्त बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इकत्तीस (३१) मन्त्रों के इस सूक्त में गृहरचना एवं गृह में कक्षाओं का विभाजन इस विषय पर स्पष्ट रूप से प्रकाश डाला गया है। यह गृह निर्माण करने से पहले सुनिश्चित रूप से मापन कर उस का निर्माण करना है ऐसा कहा गया है। गृह के स्तम्भ, द्वार, वातायन, भिन्न-भिन्न कक्षाएं इन सभी का स्थान सुनिश्चित है। यह गृह का पाया से लेकर मञ्जिलों तक के निर्माण में समरूपता हो ऐसा कहा गया है। कक्षाओं की संख्या दो, चार, सहा, आठ अथवा दस हो।

गृह में एक कक्ष दैनन्दिन सामग्री का (हविर्धान), एक अग्निशाला, रसोई, स्त्रियों के लिए स्वतन्त्र कक्षाएँ, देवगृह, वसतिस्थान ऐसै विभिन्न कमरों का निर्माण घर में होना चाहिए ऐसा सूक्त से समझ आता है। घर में अग्नि तथा जल की पूरक मात्रा में सुविधा हो। घर में सूर्यप्रकाश तथा चन्द्रमा का प्रकाश पर्याप्त मात्रा में आ सके ऐसा उसका निर्माण हो। ऐसे गृह का निर्माण कार्य संरक्षण हेतु किया गया है, यह विचार भी सूक्त से स्पष्ट होता है। डॉ. कपिलदेव द्विवेदी (२००४) ने इस सूक्त पर लिखते समय कहते है कि इस सूक्त के चौबीस वे मन्त्र में ऐसा संकेत दिया गया है की कुछ घर इतने हल्के हुआ करते थे, जिनको एक स्थान से दूसरे स्थान अपनी इच्छा अनुरूप ले जा सकता है।[१] इस सूक्त से विविध गृहनिर्माण सिद्धान्तों का बीजरूपी जानकारी हमें प्राप्त होती है।

ब्राह्मणग्रन्थ – ब्राह्मण ग्रन्थों का मूल हेतु यज्ञ का सविस्तार नियोजन और स्पष्टीकरण है। जहाँ तक गृहनिर्माण की बात है, तो हमे ऐसे सन्दर्भ मिलते है

---

१ मा नः पाशं प्रति मुचो, गुरुर्भारो लघुर्भव । वधूमिव त्वा शाले यत्रकामं भरामसि ।। (अथर्ववेद। ९।३।२४॥)

जिस से ब्राह्मण ग्रन्थ के काल में ग्राम किंवा नगर रचना करते समय यज्ञ को आधार रूप माना जाता था। उस समय यज्ञ में संपूर्ण ग्राम अपना योगदान देता था। डॉ. रमेश पुरुषोत्तम कुलकर्णी (१९७७) लिखते है कि ग्रामणी, ब्राह्मण, सेनापति ऐसे लोगों के घर गाँव के मध्य में होंगे और गोपालक, घर बनानेवाले, लोहार आदि कर्मोपजीवी लोग (शिल्पीजन) इनके निकट में वलयाकार रूप में होंगे। गाँव के मध्य में प्रमुख यज्ञस्थल होता था।

शतपथ ब्राह्मण के तृतीय काण्ड के प्रथम अध्याय के प्रथम ब्राह्मण में यज्ञमण्डप का निर्माण कैसे किया जाता था इस विषय का सविस्तार वर्णन पढा जा सकता है।

अग्निष्टोमे देवयजनम्।

देवयजनं जोषयन्ते। स यदेव वर्षिष्ठं स्यात्तज्जोषयेरन्य-दन्यद्भूमेराभिशयीतातो वै देवा दिवमुपोदक्रामन्देवान्वा एष उपोत्क्रामति यो दीक्षते स सदेवे देवयजने यजते स यद्धान्यद्भूमेरभिशयीतावरतर इव हेष्ट्वा स्यात्तस्माद्यदेव वर्षिष्ठं स्यात्तज्जोषयेरन्॥
- शतपथ. ३ । १ । १ । १ ॥

इस अध्याय में 'देवयजन' नाम यज्ञभूमि के लिए स्थल का अन्वेषण किया है। ब्राह्मकार कहते है कि स्थल की दृष्टि से यह स्थान सब से ऊँचा होना चाहिये। वह स्थान चौरस होना चाहिये। पूर्व या फिर उत्तर की ओर झुका होना चाहिये और दक्षिण दिशा की तरफ थोडी उपर उठा हुआ होना चाहिये। 'इयं देवी पृथिवी देवी देवयजनम्' यह कहकर सभी प्रकार के स्थलों को यज्ञभूमि के रूप में योग्य माना गया है। उपर निर्देश की गयी भूमि का चयन कर, वहाँ पर एक दालन का निर्माण करते है कि जो प्राचीन वंश अर्थात् जिसकी लकडियाँ पश्चिम से पूर्व की ओर हो। यहा पर ब्राह्मणकार एक बात बताते है कि दालन यदि मनुष्य के लिए बनाया जावे तो वह उदीचीन होता है। दो अरणियों को हाथ में रखकर वह मन्त्र का पठन करता है। यज्ञशाला में भी प्राग्वंशशाला, सदोमण्डप, हविर्धानमण्डप, पत्नीशाला, आग्नीध्र शाला,

यूपावट इत्यादि भी विविध विभाग होते है, जहाँ भिन्न-भिन्न कार्य किये जाते है। इस यज्ञशाला के व्यवस्थित निर्माण के पश्चात् ही यज्ञ कार्य का प्रारम्भ हुआ करता था।

वेदाङ्ग - वेदाङ्ग तो छह है। परन्तु, ग्राम-नगर-रचना की दृष्टि से सन्दर्भ हमें मुख्यरूप में निघण्टु और कल्पसूत्र में प्राप्त होते है।

निघण्टु—

निघण्टु में गृह के बाईस (२२) नाम गिनाये गये है। वे इस प्रकार है– गयः (ऋ. १।७४।२॥), कृदरः, गर्त्तः[१०], हर्म्यम् (ऋ. १०।७३।१०॥), अस्तम् (ऋ. १।६५।६।॥, ऋ. ७।१।२॥), पस्त्यम् (ऋ. १।२५।१०॥, ऋ. १।४०।७॥)[११], दुरोणे (निरुक्त ४।५॥)[१२] वैसेही (ऋ. १।६९।२॥, ऋ. ५।४।५॥), नीडम् (ऋ. १०।५५।६॥), दुर्य्याः (ऋ. १।९१।१९॥), स्वसराणि, अमा (ऋ. १०।६३।१६॥, ऋ. १।१२४।१२॥, ऋ. २।१७।७॥), दमे (ऋ. १।१।८॥, ऋ. ४।७।३॥), कृत्तिः (ऋ. ८।९०।६॥), योनिः (ऋ. १।६६।५॥), सद्म (ऋ. १।६७।७॥), शरणम् (ऋ. १।१५०।१॥), वरूथम् (ऋ. १।५८।९॥), छर्दिः (ऋ. ८।६७।६॥), छदिः, छाया (ऋ. १०।१२१।२॥), शर्म (ऋ. १।४।६॥, ऋ. १।३४।६॥), अज्म (ऋ. १।३७।८॥)[१३]

यदि इन नामों पर हम ध्यान दे तो वैदिक काल के मनुष्य की गृह के प्रति देखने की दृष्टि हम समझ सकते है। जो क्लेशों का नाश करता है, सब दुःख शान्त हो जाते है, जो सुख की दिशा में ले जाता है, जिसमें देवताओं की स्तुति

---

[१०] मोनिअर विलियम इस का अर्थ गुफा (cave) बताता है ।

[११] पस्त्यमिति गृहनाम इति स्कन्दस्वामी।

[१२] दुरोण इति गृहनाम।

[१३] ओकस् यह शब्द भी गृह के अर्म में ऋग्वेद में आया है, यथा – दाधार क्षेममोको न रण्वो ...(ऋ १। ६६।३॥)

की जाती है, जो शास्त्रों की मर्यादाओं से आवृत्त है (कृदर), जिसमें धान्यादि प्राप्त और दिये जाते है, जिस में सम्यग् रूप से भोजनादि उपभोग लिए जा सकते है, जिस के कारण सब अरिष्ट दूर हो जाते है वह घर है। इससे जाना जा सकता है कि मनुष्य के जीवन की आवश्यकता के रूप में तो वह गृह का विचार कर ही रहे है, अपितु गृह निर्माण यह उसकी केवल भौतिक आवश्यकता नही है, उससे कुछ अधिक है।

कल्पसूत्र–

श्री कृष्णाजी विनायक वझे (१९२४) ने वास्तु के निर्माण के समय उसका पाया कैसे होना चाहिये यह बताते समय गोभिल गृह्यसूत्र के आधार पर कहते है कि वह सम हो। कल्पसूत्र के अन्तर्गत जो शुल्बसूत्र है, उनसे जो जानकारी प्राप्त होती है, वह यज्ञशाला, यज्ञकुण्ड एवं चितिनिर्माण से सम्बन्धित है। आश्वलायन शुल्बसूत्र, माध्यन्दिन शुल्बसूत्र, कात्यायन शुल्बसूत्र आदि ग्रन्थों में यह जानकारी उपलब्ध है।

उपवेद–

वेदों में विद्यमान बीजरूपी विद्याओं का प्रायोगिक व व्यावहारिक स्वरूप चारों उपवेदों में हमें उपलब्ध होता है। इनमें से धनुर्वेद और शिल्पवेद में ग्राम-नगर-रचना शास्त्र विषय को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

(अ) धनुर्वेद - धनुर्वेद मुख्यतः राज्यशास्त्र का विषय है। इसके अन्तर्गत, कौटलीय अर्थशास्त्र और शुक्रनीतिसार, यह दो ग्रन्थ प्रधान रूप से ग्राम-नगर-रचना शास्त्र के विविध विषयों को प्रशासनिक दृष्टि से वर्णन करते है। शुक्रनीति एवं कौटिलीय अर्थशास्त्र यह दोनो भी ग्रन्थ सप्ताङ्ग प्रकृति का विचार प्रस्तुत करते है।[१४]

---

१४ स्वाम्यमात्यसुहृत्कोशराष्ट्रदुर्गबलानि च। सप्तांगमुच्यतेराज्यंतत्रमूर्धानृपः स्मृतः॥
शुक्रनीतिसारः। १ । ६१ ॥

इस में शुक्रनीतिसार राजा की राजधानी के बारे में विवेचन करता है। राजा अपनी राजधानी ऐसे जगह बनावे जहाँ नाना प्रकार के वृक्ष और लताएँ हो। जहाँ जल की व्यवस्था अच्छी तरह हो। जिस स्थान में विभिन्न पशु एवं पक्षी हो। समुद्रगमन जहा सम्भव हो, ताकी व्यापार सुलभता हो और अन्नधान्य से सम्पन्न हो। राजगृह के चारों दिशाओं में तीस हाथ का उत्तम प्रकार का राजमार्ग हो। अर्धचन्द्राकार या गोलाकार या चौकोराकार का आकार हो और प्राकार सहित परिखा युक्त ग्राम और पुर इन के मध्य में बसते हो। सभा मध्य में हो, कूप, तालाब आदि हो और चारों ओर चारों दिशा में चार द्वार हो। देवशाला, धर्मशाला इन से सुशोभित राजधानी हो। इस से यह स्पष्ट हो जाता है की, राजधानी का निर्माण सुनियोजित हुआ करता था और भूमिग्रहण से लेकर भवनादि के निर्माण तक यह योजनाऐं बनायी जाती थी।

आचार्य चाणक्य ने कौटिलीय अर्थशास्त्र के दूसरे अधिकरण में प्राकारविद्या का सविस्तर वर्णन किया है। इसके अन्तर्गत प्रथम अध्याय जनपदनिवेश अध्याय में, जनपद कैसे बसाया जाए?, इस का विवेचन चाणक्य करते है। जनपद बसाते समय वायु, जल, वर्षा इत्यादि नैसर्गिक स्रोतों पर जोर दिया गया है। गाँवो की वसती कैसी हो? उन की सुरक्षा का व्यवस्था कैसा हो? भूमि का विभाजन कैसे हो? कोष में गाँव कैसे योगदान दे सकता है? राजा के और प्रजा अधिकार एवं कर्तव्य कैसे हो? आदि प्रश्नों की चर्चा चाणक्य इस अध्याय में किया है। खनिप्रदेश, जंगल, हस्तिवन, गोशालाएँ, जलमार्ग, स्थलमार्ग, पण्यस्थल आदि की व्यवस्था ग्राम या नगर बसाते समय की जानी चाहिए। सुशासन के लिए राज्य में विभाजन कैसे करना है इस विषय पर भी चाणक्य यही चर्चा करते है। हर ग्राम को आत्मनिर्भर बनाना और विकेन्द्रित

राज्य के सात अङ्ग है— (१) राजा, (२) मन्त्री, (३) मित्र, (४) कोश, (५) राष्ट्र, (६) दुर्ग व (७) सेना। इन में राजा को शिर माना गया है।

अर्थसत्ता यह आचार्य चाणक्य के ग्राम एवं नगर रचना के गुण विशेष माने जाते है।

इस अधिकरण के दुर्गविधानम् नाम अध्याय में दुर्ग की रचनाओं पर कौटिल्य प्रकाश डालते है। आठ प्रकार के दुर्गों के बारे में कौटिल्य यहाँ पर विधान करते है। राज्य के सीमा के चारो ओर दुर्ग का निर्माण किया जाता था। किले के भीतर पूर्व-पश्चिम तीन और उत्तर-दक्षिण तीन ऐसे छह मार्गों का निर्माण किया जाना चाहिए। नगर के छह विभाग कर बारा द्वारों का निर्माण करना चाहिए। देश के मध्य में व्यापार केन्द्रों का निर्माण करना चाहिए ऐसे कौटिल्य बताते है। इन स्थानों पर जल की व्यवस्था अधिक मात्रा में होनी चाहिए। मण्डलाकार या चौरसाकार ऐसा इस स्थान का आकार होना चाहिए। परिखा और परिधि वलय इन दुर्ग या किलों के निर्माण के समय बनाये जाने चाहिए। शस्त्र रखने एवं छुपाने के लिए किलों पर ~~तहखाने~~ सुरङ्ग होने चाहिए। नगर के उत्तर दिशा में राजप्रासाद और उस के आस-पास चार ही वर्णों के आवास ऐसी व्यवस्था होती थी।

प्रथम अधिकरण के उन्नीस वे निशान्तप्रणिधि अध्याय में, राजा का प्रासाद कैसे बनाया जाए?, इस विषय पर चाणक्य चिन्तन करते है। यज्ञशाला, जलागार, मन्त्रिओं के निवासस्थल, पाकशाला, हस्तिशाला, अश्वशाला, गोशाला, विभिन्न पशुओं को रखने की सुविधा, धान्यागार, आयुधागार, देवालय, मठ, पानीयशालिका स्थानों का निर्माण, कूपादि व्यवस्था, कारखाने, बाजार इत्यादि नगर में, दुर्ग में होनी चाहिए ऐसा चाणक्य का विचार है। सुरक्षा और योग-क्षेम साध्य होने के कारण ग्राम-नगर-दुर्ग इन सभी के सक्षमता और सुनियोजित व्यवस्थापन पर चाणक्य जोर देते है।

(आ) शिल्पवेद—

(१) परिचय - अथर्ववेद का यह उपवेद अर्थवेद नाम से भी जाना जाता है। ग्राम- नगर रचना शास्त्र का विस्तार पूर्वक वर्णन शिल्पवेद में ही हमें उपलब्ध

होता है। समाधौ अर्थ वाली 'शील्' धातु को उणादि 'प' प्रत्यय होकर 'शिल्प' यह शब्द व्युत्पन्न हुआ।[१५] यह पूरा विषय मनुष्यों की भौतिक आवश्यकताओं के पूर्ति करने वाला है।

भृगुशिल्पसंहिता में शिल्प की परिभाषा इस प्रकार से कही गयी है।[१६] महर्षि भृगु ने शिल्पसंहिता का विभाजन तीन खण्डों में किया है। वह धातुखण्ड, साधनखण्ड एवं वास्तुखण्ड है। इन तीन खण्डों में दस शिल्पशास्त्र, बत्तीस शिल्पविद्या और चौसठ शिल्पकलाओं का अन्तर्भाव होता है। इसमें वास्तुखण्ड के अन्तर्गत ग्राम-नगर-रचना शास्त्र पर विस्तार से जानकारी दिया गया है।

(२) प्रौद्योगिकी की विशेषता

शिल्प में प्रयुक्त प्रक्रिया या प्रौद्योगिकी (तन्त्रज्ञान) एक स्थानिक दृश्यगामी विषय हैं। इस का विकास स्थानिक उपलब्ध नैसर्गिक संसाधन, जलवायु एवं भौगोलिक स्थिति को केन्द्रित कर होता हैं। हमारी देश की नैसर्गिक विविधता के कारण प्राचीन भारतवर्ष को १८ प्रान्तों में विभक्त किया गया था। इन १८ प्रान्तों के अलग-अलग १८ वास्तु शास्त्र उपदेशकों की परम्परा हमारे देश में विद्यमान थी।

भृगु-अत्रि-वसिष्ठौच विश्वकर्मा मयस्थता।
नारदौलग्नजितश्चेव विशालाक्षः पुरंदरः ॥
ब्रह्माकुमारौ नन्दीशः शौनकः एवं गर्ग च।
वासुदेवोऽनिरुद्धश्च तथा शुक्रः वृहस्पतिः ॥
अष्टादशैते विख्याताः शिल्पशास्त्रोपदेशकः ॥ मत्स्य पुराण। अ. २५२ ॥[१७]

---

१५ खष्पशिल्पशष्पबाष्परूपपर्पतल्पाः। (उणादि सूत्र ।३।२८॥)

१६ नानाविधानां वस्तूनां यन्त्राणां कल्पसम्पदाम्। धातूनां साधनां च वास्तूनां शिल्पसंज्ञितम्॥ (भृगुशिल्पसंहिता)

१७ पुराणों में मन्दिर लक्षण, वास्तु मण्डलवर्ति देवताओं का स्थापन – पूजन, नगर, गृह आदि के निर्माण आदि विषय अग्निपुराण में, भूमिपरीक्षण, गृहनिर्माण काल,

इन आचार्यों के लिखे वास्तु के लगभग ५० ग्रन्थों का संग्रह व अध्ययन करने पर हमें निम्न ग्रन्थों में ग्राम व नगर रचना की विस्तार पूर्वक सामग्री प्राप्त होती हैं। यह हैं— विश्वकर्मा वास्तुशास्त्र, शिल्परत्न, मयमतम्, मानसारः, समराङ्गण सूत्रधार। समराङ्गणसूत्रधार, प्रासादों की उत्पत्ति आदि का सविस्तर वर्णन करता है। इस ग्रन्थ में एकतालीस (४१) प्रकार के भवनों के संरचना उपलब्ध होते है। मानसार में बारह-बारह मंजिलों के भवनों का विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। वराहमिहिर के बृहत्संहिता में वास्तुविद्याध्याय में राजा, मन्त्री, सेनापति, वैद्य, पुरोहित इत्यादियों के भवनों के निर्माण के विषय में बताया गया है। प्रत्येक भवन की लम्बाई-चौड़ाई कितनी हो इस विषय पर भी मार्गदर्शन किया है। इसी के साथ कौन-कौन से कक्ष किस-किस दिशा में हो इस की जानकारी भी उपलब्ध होती है।

(३) वेश्मशास्त्र

वास्तुखण्ड में वेश्मशास्त्र, प्राकारशास्त्र एवं ग्राम-नगर-रचनाशास्त्र ऐसे तीन शास्त्रों है। इन तीन शास्त्रों में सामान्यों के निवास के विषय की चर्चा वेश्मशास्त्र करता है। जिस में वासोविद्या, कुट्टिविद्या, मन्दिरविद्या और प्रासादविद्या का समावेश होता है। वासुविद्या यह अस्थायी रूप निवास है। जिसे आज की भाषा हम tent या तम्बू कह सकते है। कुट्टि का अर्थ कुटी है। मन्दिरविद्या यह मठ, गुरुकुल या लोगों को इकठ्ठा करनेवाली जगह है और प्रासादविद्या में सामान्य लोगों के निवास की व्यवस्था है, इनके विषय में विचार किया गया है। इनके निर्माण हेतु भूमिपरीक्षण, उन के निर्मिति हेतु द्रव्य, दिशाओं का ज्ञान, वायु, जल, ताप इन की योग्य व्यवस्था, अनेकों तलों वाली घरों का

चतुःशालागृहविचार, वास्तुस्तम्भ विवरण, देवालय रचना, मण्डपप्राकार आदि विषय मत्स्यपुराण में, वास्तुयागविधी और प्रासादलक्षण लिङ्गपुराण में, तथा नारदपुराण, वायुपुराण, भविष्यपुराण, गरुडपुराण, स्कन्दपुराण आदि पुराणों में स्थापत्यकला या वास्तुशास्त्र से संबंधित माहिती मिलती है।

निर्माण, घर के बाहर आंगन की व्यवस्था, घर बनाते समय पत्थर की पटियों (slab) का विचार इत्यादि विषयों पर इस शास्त्र में विचार किया गया है।

(४) प्राकारशास्त्र

प्राकारशास्त्र में दुर्गविद्या, कूटविद्या, आकरविद्या और युद्धविद्या का समावेश होता है। बडे पठार स्थल पर जंगलों से घेरा हुआ, जल और अन्नादि की विशेष व्यवस्था जिस में है और जहाँ से अन्य स्थल जाना सुलभ हो, वह दुर्ग कहा जाता है। चारो ओर से गहरा और चौड़ा जिनका पात्र है ऐसे नदियों से युक्त प्रदेश कूट कहा जाता है। जहां नदी, जंगल, पर्वत कुछ भी नहीं किन्तु कृत्रिम पद्धति से जहाँ शत्रू के लिए अडचण पैदा की जाती है, उसे आकर या प्राकार कहते है। मयमतम् दुर्ग के धनदुर्ग, महीदुर्ग ऐसे छह या सात प्रकार बताता है। दुर्ग बनाते समय वहाँ पर मोहन मार्ग, कारागार, राजा को अन्य अधिकारिओं के साथ मन्त्रणा हेतु स्थान आदि विषयों का विचार होना चाहिए। इस का विचार प्राकारशास्त्र में किया गया है।

(५) ग्राम-नगर-रचना शास्त्र

वास्तुखण्ड का अन्तिम शास्त्र ग्राम-नगर-रचना शास्त्र है। इसमें ग्राम और नगर रचना एवं व्यवस्था अनुकुल विवेचन प्राप्त होता है। ग्राम हो या नगर वहाँ आपण (बाजार), नगररक्षा (रक्षा हेतु व्यवस्था) और राजसभा (राजप्रतिनिधिमण्डल) यह प्रमुख विषय है। इन का विचार कर प्रपा (जल की व्यवस्था), मण्डप (धर्मशाला), आपण (बाजार), सर्वजनावास (ग्राम या नगर में रहनेवालों की आवास व्यवस्था), न्यायलय और सरकारी न्यायालय, नगर रक्षा हेतु कण्टकशोधन (पुलिस) व्यवस्था, शिक्षण संस्थाएँ, कोषागार, देवालय तथा श्मशान और न्यायालय का नियोजन आदि की सुविधा प्रत्येक नगर में होनी चाहिए।

इन सभी के पूर्व भूमि की परीक्षा और वहा उपलब्ध प्राकृतिक स्रोतों का विचार मुख्य रूप से कर फिर नगर या ग्राम के निर्माण की योजना करनी

चाहिए। मयमतम् कहता है की बाजार का निर्माण कमल के आकार में हो। जिस के मध्य में स्वर्णकारों की दुकाने हो। बाजार जहां लगता है, वहां ईशान्य दिशा में शाकापण हो, पूर्व से आग्नेय दिशा तक खाने योग्य विभिन्न वस्तुओं की दुकाने हो या दक्षिण से नैऋत्य दिशा की ओर धातुओं से बनी वस्तुओं या धातुओं की दुकाने हो इत्यादि सविस्तर विचार हम मयमतम् जैसे ग्रन्थों में देखते है।

उपसंहार

वेदों से लेकर उपवेद तक ग्राम-नगर-रचना शास्त्र का अलग-अलग विषयों की दृष्टि से वर्णन उपलब्ध हैं। इसका विस्तार मनुष्य ने देश, काल एवं परिस्थिति को देखकर अपने आवश्यकता अनुकूल किया है। छोटे ग्रामों से लेकर बडे नगरों तक का निर्माण करते समय निसर्ग में उपलब्ध स्थानिक संसाधनों का उपयोग कर ग्राम एवं नगरों को अधिकाधिक प्रगतिशील बनाया। साथ ही निसर्ग को भी हानि नहीं पहुचाई व संसाधनों का संयमता पूर्वक उपयोग भी किया हैं। इस शास्त्र से प्रति ग्राम को आत्म-निर्भरशाली थे और गाँव का प्रति व्यक्ति स्वतन्त्र उद्यमी के रूप में विविध शिल्पकलाओं का अभ्यास करता हुआ अपनी आजीवका अभ्यास कर भौतिक संवृद्धि करता था। अनेकों गाँव के मध्य में व्यापार, प्रशासन व सुरक्षा की दृष्टि से नगर का निर्माण कर अखण्ड भारत को राष्ट्र का रूप प्रदान किया था। आज इस दृष्टि से गाँव को पुनः 'निसर्ग-केन्द्रित' संवृद्धि करते हुए भारत का पुनर्निर्माण करने की आवश्यकता है।

सन्दर्भ

- आचार्य सुद्युम्न (संपादित), अत्रिगोत्रीयश्रीदेवराजयज्व-विरचितम् निघण्टु-निर्वचनम्, सोनीपत, रामलाल कपूर ट्रस्ट, २०१६.
- उदासीन गंगेश्वर (संपा.), अथर्ववेद, गुरू गंगेश्वर वैदिक पाठशाला, दिल्ली.
- उदासीन गंगेश्वर (संपा.), यजुर्वेद, गुरू गंगेश्वर वैदिक पाठशाला, दिल्ली.
- उपाध्याय गंगाप्रसाद, शतपथ ब्राह्मणम्, प्रथमो भागः, नई दिल्ली, प्राचीन वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानम्, १९६७
- ऋग्वेद संहिता विथ द कमेंटरी ऑफ सायणाचार्य, पुणे, वैदिक संशोधन मंडल (सभी खंड, खंड १ - ४)
- लकर्णी, र., भारतीय नगर-रचना शास्त्र, भाग १ एवं २, द इस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनिअर्स् (इंडिया), जरनल हिंदी, १९७७
- कंगले, र., द कौटिलीय अर्थशास्त्र, पार्ट वन, अ क्रिटिकल एडिशन विथ अ ग्लोसार, मुंबई, युनिवर्सिटि ऑफ बॉम्बे, १९६०.
- द्विवेदी, क., वेदों में विज्ञान, ज्ञानपूर, विश्वभारती अनुसंधान परिषद्, २००४.
- वझे, कृ, प्राचीन हिंदी शिल्पशास्त्रसार, पुणे, वरदा प्रकाशन, २०१३
- विलियम, मो., अ संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी, दिल्ली, मोतीलाल बनारसी दास, १९८६

पुराणेषु नगरयोजना

प्रो० सन्तोष कुमार शुक्लः
संस्कृत प्राच्यविद्याध्ययन संस्थानम्,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालयः, नव देहली।

पुराणं नाम भारतीयज्ञानपरम्परायाः विश्वकोषः। सृष्टेः उदयकालादेव समेषामपि इतिवृत्तानां मानवसभ्य-तायाः विकासक्रमाणां ज्ञानविज्ञानानां सभ्यतासंस्कृतीनां सर्वेषां कर्मणां व्यवहाराणाम् आचाराणां च शास्त्रं पुराणमेव। पद्मपुराणे प्रोक्तं – **पुरा परम्परां वष्टि पुराणं तेन संस्मृतम् ॥**[१] वायुपुराणेषु इदमेव प्रोक्तम् – **यस्मात् पुरा ह्यनक्तीदं। पुराणं तेन तत् स्मृतम् ॥**[२]

अतः पुराणेषु सर्वेषां लोकानां हिताय सर्वाः विद्याः प्रदर्शिताः । पुराणानां प्रवचनेन लोकेषु एतासां विद्यानां प्रचारः प्रसारश्च जायते स्म । वास्तुशास्त्रम् अपि पुराणेषु प्रोक्तम्। अस्मिन्नेव शास्त्रे नगरयोजनायाः विस्तृतं विवेचनं मिलति। पुराणेषु नगरयोजनायाः विवेचनं कुत्र – कुत्र केन रूपेण च कृतम् इत्येव मदीयशोधपत्रस्य प्रतिपाद्यम्। मत्स्यपुराणे वास्तुविद्यायाः अष्टादश – आचार्याणाम् उल्लेखो मिलति –

भृगुरत्रिवशिष्ठश्च विश्वकर्मामयस्तथा।
नारदो नग्नजिच्चैव विशालाक्षं पुरन्दरः ॥

---

१ पद्म पुराण १/२/५४

२ वायु पुराण ४१/५५

ब्रह्मा कुमारो नन्दीशः शौनको गर्ग एव च।
वासुदेवोऽनिरुद्धश्च तथा शुक्रबृहस्पती ॥

अष्टादशैते विख्याताः वास्तुशास्त्रोपदेशकाः ।[३]

भृगुः, अत्रिः, वसिष्ठः, विश्वकर्मा, मयः, नारदः, नग्नजितः, विशालाक्षः, पुरन्दरः, ब्रह्मा, कुमारः, नन्दीशः, शौनकः, गर्गः, वासुदेवः, अनिरुद्धः, शुक्रः, बृहस्पतिः इति अष्टादशाचार्याणां समुल्लेखो मिलति। तारापदभट्टाचार्येणापि स्वीये "Canons of India Architecture" इति नामके ग्रन्थे एतेषाम् अष्टादशाचार्याणाम् ऐतिहासिकतां तद्ग्रन्थानाञ्च विस्तृतां समीक्षां प्रस्तुतवान्।

अग्निपुराणे वास्तुशास्त्रसम्बद्धाः षोडश अध्यायाः सन्ति।[४] यत्र नगरनिवेशसम्बद्धानां विषयाणां यथा नगरविस्तारस्य प्रशस्ताकारस्य नगरांगप्राकारस्य द्वारादीनाञ्च विवेचनं प्राप्यते। परगेहे कृतानां श्रौतस्मार्तकर्मणां पूर्णं फलं कर्ता न भुङ्क्ते । अतः गृहनिर्माणमावश्यकमित्यत्र न सन्देहः। परन्तु भवननिर्माणादिकं कल्याणकामनया सर्वथा सर्वदा सर्वत्र न विधातुं शक्यते। तदर्थं ग्रामचयनं, भूमिपरीक्षणं, विहितकालज्ञानं, देवार्चनम् इत्यादिकं नूनं कर्त्तव्यमिति वास्तुशास्त्रोद्घोषः। यत् स्थानं वास्तुशास्त्रदृष्ट्या उपयुक्तं स्यात्। तत्रैव ग्रामः विधेयः नगरं वा निर्मेयम्। अन्यथा अव्यवस्थितस्थाने कृते ग्रामे नगरे वा बहुविधाः उपद्रवाः भवन्ति। प्रसंगेऽस्मिन् भगवान् वेदव्यासः कार्तिकेयमहेश्वरसंवादरूपं प्रसङ्गं समुपस्थापयन् लोकहितभावनया अग्निपुराणे पूर्णनिवेशक्रमे अनेके विषयाः उद्घाटिताः। अग्निपुराणे नगरस्थापनायाः चत्वारि तत्त्वानि भवन्ति–

---

[३] मत्स्य पुराण २५२/१-३

[४] अग्निपुराण अध्यायाः ३९, ४०, ४१, ४२, ४९-५५, ९३-९४, १०४, १०५, १०६

स्थानचयनम्, भूमिपरीक्षणम्, विहितकालज्ञानम्, देवार्चनमिति च। नगरवास्तुज्ञानेन राज्याभिवृद्धिः भवति। नगरं कथंभूतं भवेत् । तत्र कियती भूमिः ग्राह्या। कुत्र वासः भवेत् इत्यादिकं सर्वम् अत्र विवेचितम्। नगरनिर्माणार्थं नगरस्थापनायै एकयोजन परिमिता अर्धयोजनयुता वा पादयोजनमिता भूमिः आवश्यकी। तत्र नगरे विस्तृताः अनेके हट्टाः स्थापनीयाः। नगरद्वाराणां विस्तृतिः विशाला औच्यमपि विशालम् भवेत्। येन विशालकुञ्जरादीनां सुखेन गमनागमनं भवेत्। नगरं छिन्नकरणं भग्नं वा न स्यात्। नगरं अस्तव्यस्तं क्रमशून्यं वा न भवेत्। नगरम् अर्द्धचन्द्राकारं न स्यात्। एक-द्वि-त्रि द्वारैः युक्तं धनुषाकारं वज्रनागाभं नगरं शान्तिप्रदं भवति। इति अग्निपुराणे उक्तं – [५]

नगरादिकवास्तुं च वक्ष्ये राज्यादिवृद्धये।
योजनं योजनार्द्धं वा तदर्थं स्थानमाश्रयेत् ॥

अभ्यर्च्य वास्तुनगरं प्राकाराढ्यं तु कारयेत्।
ईशादि त्रिंशत्पदके पूर्वद्वारं च सूर्यके ॥

गन्धर्वाभ्यां दक्षिणे स्याद्वारुण्ये पश्चिमे तथा।
सौम्यद्वारं सोम्यपदे कार्या हट्टास्तु विस्तराः ॥

येनेभादिसुखं गच्छेत्कुर्याद् द्वारं तु षट्करम्।
छिन्नकर्णं विभिन्नं च चन्द्रार्धाभं पुरं न हि ॥

वज्रसूचीमुखं नेष्टं सकृद् द्वित्रिसमागमम्।
चापाभं वज्रनागाभं पुरारम्भे हि शान्तिकृत् ॥

[५] अग्निपुराण १०६/१-५

तत्र नगरे स्वर्णकार नृत्यकारादि विविध कर्मोपजीविनां नानाजातिनां जनानां कस्यां दिशि कुत्र वा वासः उचितः इति भगवान् महेश्वरः उपदिशति अग्निपुराणे।[६]

प्राच्यं विष्णुहरार्कादीन्नत्वा दद्याद्बलिं बली।
आग्नेये स्वर्णकर्मारान्पुरस्य विनिवेशयेत्॥

दक्षिणे नृत्यवृत्तीनां वेश्यास्त्रीणां गृहाणि च।
नटानां चक्रिकादीनां कैवर्तादेश्च नैर्ऋते॥

रथानामायुधानां च कृपाणानां च वारुणे।
शौण्डिकाः कर्माधिकृता वायव्ये परिकर्मिणः॥

ब्राह्मणा यतयः सिद्धाः पुण्यवन्तश्च चोत्तरे।
फलाद्यादिविक्रयिण ईशाने च वणिग्जनाः॥

पूर्वतश्च बलाध्यक्षा आग्नेये विविधं बलम्।
स्त्रीणामादेशिनो दक्षे काण्डारान्नैर्ऋते न्यसेत्॥

पश्चिमे च महामात्यान्कोषपालांश्च कारुकान्।
उत्तरे दण्डनाथांश्च नायकद्विजसंकुलान्॥

पूर्वतः क्षत्रियान्दक्षे वैश्याञ्शूद्रांश्च पश्चिमे।
दिक्षु वैद्यान्वाजिनश्च बलानि च चतुर्दिशम्॥

पूर्वेण चरलिङ्ग्यादीञ्श्मशानादीनि दक्षिणे।
पश्चिमे गोधनाद्यं च कृषिकर्तुस्तथोत्तरे॥

[६] वही. १०६/५-१४

न्यसेन्म्लेच्छांश्च कोणेषु ग्रामादिषु तथा स्थितिम्।
श्रियं वैश्रवणं द्वारि पूर्वे तौ पश्यतां श्रियम्॥

नगरस्य पूर्वस्यां दिशि सेनाध्यक्षः विप्राश्च निवसेयुः। आग्नेये कोणे विविधानि सैन्यशिविराणि भवेयुः। स्त्रीणां ललितकलाशिक्षाप्रदायिनीनां दक्षिणदिशि आचार्याणां च निवासः नैर्ऋत्ये भवेत्। नगरस्य पश्चिमभागे महामात्यकोषाध्यक्षकारुकाणां निवासः भवेत्। उत्तरास्यां दिशि दण्डाधिकारि न्यायाधीशानां वासः भवेत्। एवमेव नगरस्य पूर्वदिशि क्षत्रियाणां, पश्चिमे शूद्राणां, दक्षिणे वैश्यानां चर्तुषु दिक्षु वैद्यानां, अश्वानां, सैनिकानां च नगरे वासः परिकल्पितः। नगरस्य पूर्वस्यां दिशि गुप्तचराणां वासः। दक्षिणदिशि श्मशानम्, पश्चिमायां दिशि गोवृषादीनां निवासः भवेत्। नगरस्य कोणेषु म्लेच्छानां वासः कार्यः। नगरस्य पूर्वद्वारं निकषा लक्ष्मीकुबेरमन्दिरयोः स्थापना कार्या। मन्दिरे परस्परं सम्मुखस्थे स्याताम्। वास्तुशास्त्रानुसारेण स्थापितानि नगराणि ग्रामाः दुर्गाणि भवनानि च सर्वदा भुक्तिमुक्तिप्रदानि ऐश्वर्यप्रदानि भवन्ति सर्वदा। नगरस्य रक्षायै ब्रह्मविश्वमहेशानां मन्दिराणि स्थापनीयानि। नगरेषु सुरक्षायाः वायोः जलस्य जलाशयानां अन्नफलपुष्पदुग्धादीनां वृक्षलतावनस्पत्यादीनां अवस्थितिः आवश्यकी भवति। अतएव पुराणकाले नगरनिर्माणयोजनायाः एकं निश्चितं स्वरूपं प्रस्तुतम्। राजप्रासादस्य स्वरूपं विवेचितम् अग्निपुराणे[७]

देवादीनां पश्चिमतः पूर्वस्यानि गृहाणि हि।
पूर्वतः पश्चिमास्यानि दक्षिणे चोत्तराननाम्।

---

[७] अग्निपुराण १०६/१५-२४

नाकेशविष्ण्वादिधामानि रक्षार्थं नगरस्य च।
निर्दैवतं तु नगरग्रामदुर्गगृहादिकम्॥

भुज्यते तत्पिशाचाद्यै रागाद्यैः परिभूयते।
नगरादि सदैवं हि जयदं भुक्तिमुक्तिदम्॥

पूर्वस्यां श्रीगृहं प्रोक्तमाग्नेय्यां वै महानसम्।
शयनं दक्षिणस्यां तु नैर्ऋत्यामायुधाश्रयम्॥

भोजनं पश्चिमायां तु वायव्यां धान्यसंग्रहः।
उत्तरे द्रव्यसंस्थानमैशन्यां देवतागृहम्॥

चतुःशालं त्रिशालं वा द्विशालं चैकशालकम्।
चतुःशालगृहाणां तु शालाकिन्दकभेदतः॥

शतद्वयं तु जायन्ते पञ्चाशत्पञ्च तेष्वपि।
त्रिशालानि तु चत्वारि द्विशालानि तु पञ्चधा॥

एकशालानि चत्वारि एकालिन्दानि वच्मि च।
अष्टाविंशदलिन्दानि गृहाणि नगराणि च॥

चतुर्भिः सप्तभिश्चैव पञ्चपञ्चाशदेव तु ।
षडलिन्दानि विंशैव अष्टाभिर्विंश एव हि॥

अष्टालिन्दं भवेदेवं नगरादौ गृहाणि हि॥

अत्र मत्स्यपुराणे अपि अनेकेषु अध्यायेषु वास्तुविद्यायाः नगरयोजनायाश्च विवेचनं प्राप्यते

संक्षेपणोपदिष्टो यत् मनवे मत्स्यरूपिणा।
तदिदानीं प्रवक्ष्यामि वास्तुशास्त्रमनुत्तमम्॥[८]

मत्स्यपुराणे नगरयोजनासम्बद्धाः अष्टादश अध्यायाः मिलन्ति। अस्मिन् पुराणे गृहभवनस्तम्भादीनां निर्माणकालस्थानमानादीनां विवचनेन सह प्रासादनिर्माणविधेरपि विस्तृता विचारणा विहिता।[९] वासुदेवशरण अग्रवालमहोदयेनापि स्वीये – A Critical Study of Matsya Purana इति ग्रन्थे एते विषयाः विमृष्टाः। स्कन्दपुराणेऽपि वास्तुशास्त्रस्य चर्चा मिलति। अत्र त्रयः अध्यायाः सन्ति। यत्र नगरयोजनायाः विषयाः विवेचिताः। माहेश्वरखण्डस्य अध्यायद्वये तथा वैष्णवखण्डस्यापि २५ तमे अध्याये नगरनिर्माणसम्बन्धी विवेचना कृता।[१०]

वास्तुशास्त्रस्य विशिष्टं प्रतिपादकं विष्णुधर्मोत्तरपुराणमपि। अस्य विभिन्नेषु अध्यायेषु वास्तुशास्त्रस्य चित्रकलादीनां विवेचनं प्राप्यते।[११] गरुडपुराणेऽपि एते विषयाः संक्षेपतः प्रतिपादिताः। अत्र अध्यायद्वये समुपस्थापनं विधीयते। नगरनिर्माणसम्बद्धाः विषयाः अत्र निर्दिष्टाः -

वास्तुं संक्षेपतो वक्ष्ये गृहादौ विघ्ननाशनम्।
ईशानकोणादारभ्य ह्येकाशीतिपदे यजेत्।

ईशाने च शिरः पादौ नैऋतेऽग्न्यनिले करौ।
आवासवासवेश्मादौ पुरे ग्रामे वणिक्पथे॥

---

८ मत्स्य पुराण २५२/४

९ मत्स्य पुराण २५२-२७०

१० स्कन्दपुराणं माहेश्वरखण्डः २४-२५ अध्यायौ, वैष्णवखण्डः पञ्चविंशति अध्यायः

११ विष्णुधर्मोत्तर० २ अध्यायः

प्रासादारामदुर्गेषु देवालयमठेषु च।
द्वाविंशत्तु सुरान्बाह्ये तदन्तश्च त्रयोदश॥

ईशश्चैवाथ पर्जन्यो जयन्तः कुलिशायुधः।
सूर्य्यः सत्यो भृगुश्चैव आकाशो वायुरेव च।

पूषा च वितथश्चैव ग्रहक्षेत्रयमावुभौ।
गन्धर्वो भृगुराजस्तु मृगः पितृगणस्तथा॥[१२]

अस्मिन्नेव अध्याये वास्तुदेवान्पूजयित्वा गृहप्रासादान् रचयेत्। तत्र किं कुत्र कुर्यात् इत्यपि पुराणेऽस्मिन् विवेचितम्-

सुरेज्यः पुरतः कार्यो दिश्याग्नेयां माहानसम्।
कपिनिर्गमने येन पूर्वतः सत्रमण्डपम्।

गन्धपुष्पगृहं कार्यमैशान्यां पट्टसंयुतम्।
भाण्डागारञ्च कौवेर्यो गोष्ठागारञ्च वायवे॥

उदगाश्रयं वारुण्यं वातायनसमन्वितम्।
समित्कुशेन्धनस्थानमायुधानाञ्च नैऋते।

अभ्यागतालयं रम्यं सशयासनपादुकम्।
तोयाग्निपसद्धृत्यैर्युक्तं दक्षिणतो भवेत्॥

गृहान्तराणि सर्वाणि सजलैः कदलीगृहैः।
पञ्चवर्णैश्च कुसुमैः शोभितानि प्रकल्पयेत्।

---

१२ गरुड़ पुराण ४६/१-५

प्राकारं तद्बहिर्दद्यात् पञ्चहस्तप्रमाणतः।
एवं विष्णवाश्रमं कुर्याद्वनैश्चोपनैर्युतम्॥

चतुःषष्टिपदो वास्तुः प्रासादादौ प्रपूजितः।
मध्ये चतुष्पदो ब्रह्मा द्विपदाः सुराः।
चतुःषष्टिपदा देवा इत्येव परिकीर्त्तिताः॥[13]

नगरेषु गृहाणि कीदृशानि स्युः इत्यपि अत्र विस्तरेण प्रतिपादितम्।[14] अस्यैव पुराणस्य ४७ तमे अध्याये प्रासादानां लक्षणानि अपि विवेचितानि-

प्रसादानां लक्षणञ्च वक्ष्ये शौनक तच्छृणु।
चतुःषष्टिपदं कृत्वा दिग्विदिक्तूपलक्षितम्।

चतुष्कोणं चतुर्भिश्च द्वाराणि सूर्य्यसंख्यया।
चत्वारिंशाष्टाभिश्चैव भित्तीनां कल्पना भवेत्॥

ऊर्ध्वक्षेत्रसमा जङ्घा तदूर्ध्वे द्विगुणं भवेत्।
गर्भविस्तारविस्तीर्णा शुकाङ्घ्रिश्च विधीयते।

तत्त्रिभागेन कर्त्तव्यः पञ्चभागेन वा पुनः।
निर्गमस्तु शुकाङ्घ्रेश्च उच्छ्रायः शिखरार्द्धगः॥

चतुर्द्धाशिखरं कृत्वा त्र्भागे वेदिबन्धनम्।
चतुर्थे पुनरस्यैव कण्ठमामूलसाधनम्।

अथवापि समं वास्तु कृत्वा षोडशभागिकम्।
तस्य मध्ये चतुर्भागमादौ गर्भन्तु कारयेत्।

---

[13] गरुड़ पुराण ४६/ १३-२०

[14] गरुड़ पुराण ४६/३०-३६

भागद्वादशिकां भित्तिं ततश्च परिकल्पयेत्।
चतुर्भागेन भित्तीनामुच्छ्रायः स्यात्प्रमाणतः॥

द्विगुणः शिखरोच्छ्रायो भित्त्युच्छ्रायाच्च मानतः।
शिखरार्द्धस्य चार्द्धेन विधेयास्तु प्रदक्षिणाः।

चतुर्दिक्षु तथा ज्ञेयो निर्गमस्तु तथा बुधैः।
पञ्चभागेन संभज्य गर्भमानं विचक्षणः।

भागमेकं गृहीत्वा तु निर्गमं कल्पयेत् पुनः।
गर्भसूत्रसमो भागादग्रतो मुखमण्डपः॥
एतत्सामान्यमुद्दिष्टं प्रासादस्य हि लक्षणम्।[१५]

प्रासादानां केषु स्थानेषु कानि कानि मण्डपानि स्युः। एतदपि अत्र प्रदर्शितम्-

पुरतो वाहनानाञ्च कर्त्तव्या लघुमण्डपाः।
नाट्यशाला च कर्त्तव्या द्वारदेशसमाश्रया।

प्रासादे देवतानाञ्च कार्या दिक्षु विदिक्ष्वपि।
द्वारपालाश्च कर्त्तव्या मुख्या गत्वा पृथक् – पृथक्।

किञ्चिद्दूरतः कार्या मठास्तत्रोपजीविनाम्।
प्रावृता जगती कार्या फलपुष्पजलान्विता।

प्रासादेषु सुरान् स्थाप्यान् पूजाभिः पूजयेन्नरः।
वासुदेवः सर्वदेवः सर्वभाक् तद्गृहादिकृत्॥[१६]

---

१५ गरुड़ पुराण ४७/१-१०

१६ गरुड़ पुराण ४७/४०-४३

एवं विविधेषु पुराणेषु नगरयोजनायाः सर्वे विषयाः वर्णिताः सन्ति। एषां परिज्ञानेन वयम् अद्यापि आधुनिक नगरयोजनाविधानेषु तदनुप्रयोगान् कर्तुं शक्नुमः। स्मार्टसिटी इति सर्वकार्परियोजनासु नूनमेव पौराणिक नगरयोजनायाः समन्वयः करणीयः। अस्माकं सभ्यतायां नगराणां ग्रामाणां भवनानाञ्च जीवने महत्वपूर्णं स्थानं प्रदर्शितम्। अतएव इमान् विषयान् अधिकृत्य गभीरा गवेषणा अस्माभिः कार्या।

❀❀❀

उपग्रह की दृष्टिसे हमारे प्राचीन भारत वर्ष के वैश्विक–कॉस्मिक-नगर

डॉ. प्रभु ठक्कर

एक सौ साल पहले भारत और विश्व में किसीको भी पत्ता नहीं था कि, प्राचीन भारत में एक बड़ी संस्कृतिका अस्तित्व था और इस संस्कृतिके लोग विविध प्रकार के नगरों में रहते थे। ये नगर, नगर आयोजन के नियमों व सिद्धांतो के आधीन बनाये जाते थे। रास्ते चौड़े होते थे, पेय जल के वितरणकी और पानी के निकास की भी सुन्दर व्यवस्था की गई थी। विश्व में और कहीं भी देखने को न मिले ऐसी सुविधा, विलासिता और स्वच्छ वातावरण यहां रहने वाले लोगों को मिलता था।

१९२० में सिंधु घाटी में रेल मार्ग बिछाते समय अंग्रेजों को मिट्टीमें कई परतो में दबे पड़े ४००० वर्षों से भी ज्यादा पुराने नगरों के अवशेष मिले थे। ये नगर थे मोहेंजो दरो और हरप्पा, जो आज पाकिस्तान में हैं । विश्व संस्कृतिके क्षेत्र में यह एक बड़ी महत्व की खोज थी। पक्की ईंटों से निर्मित बहु मंजिले रिहायसी मकानों, सार्वजनिक जल निकास प्रणाली, सामूहिक स्नानागार, और पेय जल के कुएं से युक्त ऐसे सुनियोजित नगर प्राचीन विश्व में एक अद्वितीय परिघटना थे। जो मिस्र और मेसोपोटेमिया में कहीं नहीं पाए गए थे। इस लिए यह संस्कृति इसी नाम सिंधु संस्कृति के नाम से जानी जाती है। सिंधु संस्कृति सभ्यता हड़प्पा संस्कृति के नाम से भी जानी जाती है। क्योंकि, इस संस्कृतिके अवशेष, सबसे पहले रावी नदी के तट पर स्थित हड़प्पा से पाए गए थे। आजकल इस संस्कृतिको सिंधु सरस्वती सभ्यता के नाम से भी लोग जानते हैं।

मोहेंजो दरो से मिली सामूहिक स्नानागार और जल निकास प्रणाली, गुजरात में अहमदाबाद के पास लोथल बंदरगाह तथा कच्छ में धोलावीरा

से मिले दो बड़े स्टेडियम, बड़े बड़े १० अक्षरों का बना होर्डिंग और जल संग्रह, जल सरंक्षण तथा जल वितरण की व्यवस्था, विश्व में अपने प्रकार के पहले और विशिष्ट प्रकार के हैं।

गुजरात में काठियावाड़ - सौराष्ट्र क्षेत्र में हड़प्पा कालीन बस्तियां मोहें जो दरो और हड़प्पा जैसे केंद्रों के अपकर्ष के बाद भी दीर्घकाल तक - १० वीं सदी ईसा पूर्व तक फलती फूलती रही थी। हड़प्पा सभ्यता की बस्तियां के मुख्य मार्ग सदा सीधे और समकोण पर मिलते थे। नगर की उत्तर दिशा सही उत्तर दिशा के समान्तर रहती थी। रिहायसी मकानों का निर्माण भी



कतारों और ब्लॉकों में किया जाता था। आज भी यह परम्परा गुजरात में

कच्छ के गावों में देख सकते हैं। कच्छ के लोग गुजरात के अन्य क्षेत्रों में स्थायी होतें हैं, वहां भी ऐसी गाँव / नगर रचना देखने को मिलती है। (आकृति १) में, प्राचीन भारतवर्षमें गाँव की रचना और साबरकांठा जिल्लेमें आज के गाँव की रचना दामावास कंपा (सा.कां.) देख सकते हैं।

आकृति १ प्राचीन भारतवर्षमें लोग शुरूमें गांव में बसते थे वह गांव की रचना, और गुजरात में साबरकांठा जिल्लेमें आजके गाँव की रचना।

प्राचीन भारत वर्ष बहुत बड़े विस्तार में फैला हुआ था। आजका मध्य एशिया और एशिया खंड भारत वर्ष के एक भाग के रूप में था। भारतवर्ष

कमल की चार फ़ैली हुई पंखुड़ियों की तरह फैला हुआ था, जो उत्तर में रशिया- साइबीरिया से लेकर दक्षिण में श्रीलंका तक और पश्चिम में ईरान ईराक से लेकर पूर्व में तिब्बत,चीन और ब्रह्मदेश-म्यानमार तक फैला हुआ था। भारतवर्ष के केन्द्र में सुमेरु पर्वत था । (आकृति २)

ब्राह्मण ग्रंथो तथा बौध धर्म ग्रंथो से हमें पता चलता है कि हमारा भारत वर्ष/विश्व चतूर्दलीय कमल आकार का था केन्द्र में मेर/कैलाश पर्वत था।

(आकृति २) प्राचीन भारत वर्ष

प्राचीन भारतवर्ष में हमारे घर, मन्दिर, किल्ले, महल, प्रासाद, गाँव तथा शहर/नगर अलग अलग आकार, प्रकार के होते थे, और आकार के हिसाब से वे सब अलग अलग नाम से जाने जाते थे। ये सब स्थान और यात्रा के धाम अथवा प्रासाद /महल, किल्ले और नगर योजनाबद्ध तरीकों से बनाये जाते थे, और उनके अलग अलग आकार होते थे। रचना और आकार के हिसाब से ये स्थान अलग अलग नामों से पहचाने जाते थे जैसे

कि, १ . दण्डका, २. कर्तरी दण्डका, ३. बहु दण्डका, ४. सर्वतोभद्र, ५. नंद्यावर्त, ६. पद्मक, ७. कर्मुक , ८. कुटिकामु खंडकम, ९. कलाकाबंध दण्डकम, १०. प्रस्तरा, ११. चतुर्मुख , १२. स्वस्तिक (आकृति -३)





(आकृति -३)

शहर/नगर के प्रयोजन, पैमाने और सामान्य स्वरुप को देखते हुए अभिन्यास की समुचित ज्यामितीय आकृतियां चुनी जाती थी, और आंतरिक प्रकार्यात्मक क्षेत्र का विभाजन किया जाता था। सर्वाधिक प्रचलित केंद्रमूलक बनावट थी, जिसके नाभिक में मुख्य मंदिर होता था। हमारे पुरातन नगर के आकार चौकोर, आयताकार, तिकोन - त्रिमुख, स्वस्तिक, अर्ध चंद्राकार, और वलय आकार में हुआ करते थे। हमारे ऐसे नगर उनकी रचना, आकार, और आबादी से अलग अलग नाम से जाने जाते थे। ये विविध प्रकार निम्नलिखित रूप के हुआ करते थे।

१. नगर २. राजधानी, ३. पतन / पट्टण, ४. दुर्ग, ५. खेट, ६. खर्वट, ७. सिविरा, ८. सेनामुख, ९. स्कंधवरा, १०. स्थवीरा, ११, द्रोणमुख, १२, कोटामकोलका, १३.निगम , १४. मठ और विहार

वास्तुशास्त्र में नगर की रचना , आकार, स्थान और आबादी के हिसाब से हमारे ऐसे नगर १. सर्वतोभद्र, २. नंद्यावर्त, ३. पद्मक, ४. कर्मुक, ५. दण्डक, ६. कर्तरी दण्डक, ७. बहु दण्डक, ८. कटिकामु-खंडकम, ९. कलाकाबंध-दण्डकम, १०. प्रस्तरा, ११. चतुर्मुख, १२. स्वस्तिक जैसे अलग अलग नामसे जाने जाते थे।

वास्तुशास्त्र के हिसाब से ये नगर वैश्विक अथवा कॉस्मिक नगर थे। कॉस्मॉस ग्रीक शब्द का अर्थ होता है -सुनियोजित खंड - ब्रह्माण्ड। सभी नगर या स्थान में सुनियोजित समुचित ज्यामितीय आकृतियां दिखाई देती है। यह स्थानों की सम्बन्धित ज्यामिति हर एक जगह की आंतरिक ब्रह्माण्ड रचना और उसका अर्थ स्थापित करतें हैं। हमारे शास्त्रों में जैसे कहा गया है -पिंडे सो ब्रह्मांडे, और ब्रह्मांडे सो पिंडे! यह उक्ति को मानो सही साबित करते हो, वैसे हमारे शहरों/नगरों की आतंरिक जगह/क्षेत्र में रेखा, तिकोन, चौकोर, आयताकार और वाले जैसी आकृतियां/आकार का उपयोग करके, अंदरूनी स्थान में बाहरी बड़े ब्रह्माण्ड की प्रतिकृति जैसी रचना की जाती थी। जिससे ब्रह्माण्ड की प्रतिकृति हर शहर/नगर में बने और ऐसे हमारे ये नगर कॉस्मिक या वैश्विक नगर के नाम से जाने जाते थे।

सूक्ष्मविश्व और महाविश्व के बीच ज्यामितीय संपर्क हमेशा रहा है। नगर के अंदरूनी जगह में ऐसी योजना बनाई जाती थी जो बाहरी ब्रह्माण्ड की ज्यामिति के साथ एक जैसी बनी रहे । ऐसा करने के लिए सही उत्तर दिशा के समकोण पर रेखाएं बनाकर एक जाली- ग्रीड बनाई जाती थी, जो असली

या मूल समकोण बनाए जाने की गुणवत्ता पर शुरू से आधारित है। हम यहां अलग अलग प्रकार के नगरों के बारेमें बात करतें हैं।

राजधानी : राजधानी नगर किसी भी साम्राज्य अथवा विशाल क्षेत्र की राजधानी के शहर/नगर होते थे। राजधानी नगरों के तीन मुख्य प्रकार १. राजधानी नगर २. नंद्यावर्त और ३. प्रस्तरा प्रकार के होते थे। ऐसे नगरों के लिए आयताकार अथवा वर्गाकार आकृतियों का विधान था, जिनमें से मुख्या मार्ग केन्द्र में मिलते थे।

सुस्पष्ट केंद्र केन्दमूलक रचनावाली सर्वतोभद्र अभिन्यास योजना किसी भी बड़े नगर के लिए उपयुक्त समझी जाती थी। सर्वतोभद्र समकोणिक, अधिकांशतः वर्गाकार होते थे। उनमें दो मुख्य मार्ग होते थे जो केन्द्र में एक दूसरों को समकोण पर काटते थे। नगर के केन्द्र में मुख्य देवता का



(आकृति -४)

मन्दिर होता था। सर्वतोभद्र, स्वस्तिक, प्रस्तर, नंद्यावर्त और चतुर्मुख नमूनोंके नगरों में, मन्दिर और प्रासाद, उपवनों तथा उद्यानोंके बीच संकेन्द्रित होते थे। (आकृति -४)



पत्तन, पट्टन अथवा पट्टण : प्राचीन पट्टन, दुर्गों तथा खाईओं से भलीभांति आरक्षित , बड़ी नदी अथवा समुद्री बंदरगाह होते थे । मोहें जो डेरो का नाम शायद वीतभयपुर पट्टण था जो सौवीर प्रदेश में सिंधु नदी के तट पर स्थित था । मछलीपट्टनम, प्रभास पाटण, और कच्छ के बड़े रण में लल्लन पट्टण ऐसे नगर थे।

द्रोणमुख: द्रोणमुख योजना उन व्यापारिक नगरों के लिए थी जहां व्यापार वाणिज्य के साथ राजनिवास भी होता था।

कार्मुक : कार्मुक ऐसा बड़ा व्यापारिक नगर होता था जो सामान्य किसी नदी पर स्थित होता था, और जिस का आकार अर्धवृत्त होता था। (आकृति ५) श्रावस्ती अर्धचन्द्राकार नगर था।

आकृति ५

पद्मक : पद्मक वलय आकार की बहुमुखी आकृति होती थी। साहित्य से पता चलता है कि, पाटलिपुत्र और संकीसा पद्मक प्रकार के नगर थे (आकृति ६ और ७)





(आकृति ६ और ७)

दण्डक : दण्डक वृद्ध ब्राह्मणोंकी बस्ती होता था । दण्डक सामान्यतया आयताकार होता था । दण्डक प्रकार के नगर में एक जलाशय दक्षिणपूर्व



-Dandaka Type of Town Plan

-अग्नि कोण दिशा में तथा दूसरा उत्तर-पूर्व ईशान कोण दिशा में होता था। (आकृति - ८)

(आकृति - ८)

हमारे शास्त्रों में ये सब जानकारी मिलती है, उपलब्ध है, लेकिन जब विश्व में कहीं भी हम बोले तो कोई भी वैज्ञानिक, साहित्यकार, इतिहासविद अथवा तो भूगोलशास्त्री यह बात मानने के लिए राजी नहीं होगा। पुरातत्त्व वेत्ताओ ने उत्खनन करके नगरों के रास्ते चौड़े थे, एक दूसरे को समकोण पर काटते थे, यह बात कही । लेकिन हमारे नगर विविध आकार के होते थे, यह बात हम उपग्रहकी तसवीरों से - दूरसंवेदन पद्धतिसे, आसानी से दिखा सकतें हैं ।

भारतीय दूरसंवेदन उपग्रह अथवा तो परदेशों के उपग्रह की मदद से हमें जो तसवीरें मिलती है, उनका पृथक्करण करके हम अपने पुरातन नगरोंके बारे में जानकारी पा सकतें हैं।

लुम्बिनी, जो आज नेपाल में है, जहां भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था, वह नगर का आकार आयताकार था। यह शहर/नगर ईसा पूर्व ४ थी सदी में एक समृद्ध नगर था। उपग्रह द्वारा प्राप्त तसवीर में हम आयताकार नगर स्पष्ट देख सकतें हैं। (आकृति ९)

(आकृति ९)

कोसंबी अथवा कौशाम्बी ऐसा ही एक चौकोर नगर था। गंगा नदी में बाढ़ आने से हस्तिनापुर को नुकशान हुआ था। तब निचक्षु राजा ने हस्तिनापुर से निकलकर, यमुना नदी के किनारे पर कोसाम्बी नगर बसाया था। उपग्रह से प्राप्त तसवीर में हम चौकोर आकार का नगर देख सकते हैं। (आकृति १०)

(आकृति १०)

श्रावस्ती नगरी का आकार अर्धचन्द्राकार था, और यह बात ईसा पूर्व छठीं सदी में, पाणिनि द्वारा रचित, पुस्तक अस्टाध्यायी में लिखी गई थी। उपग्रह द्वारा प्राप्त तस्वीर में यह अर्ध चंद्राकार नगरी हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। यह नगर अचिरावती नदी के तट पर था । पुरानी नदी का प्रवाह भी तस्वीर में दिखाई देता है। आज तो यह प्रवाह उत्तर दिशामें दूर चला गया है, और यह नदी का नाम भी अलग है। यह नगरी राम के पुत्र लव की

राजधानी थी। (आकृति ११)

(आकृति ११) श्रावस्ती नगरी

उत्तर प्रदेश में अहिच्छत्र नाम का नगर था। इस नगर का आकार त्रिमुख था। यह त्रिकोण आकार के नगर का अस्तित्व भी हम स्पष्ट रूप से उपग्रह की तस्वीर में देख सकतें हैं। गुजरात , महाराष्ट्र और कर्णाटक में आज रहते कई ब्राह्मण बतातें हैं कि, उनके पूर्वज अहिच्छत्रसे आये थे।



(आकृति १२)

(आकृति १२) अहिच्छत्र

शिशुपालगढ़ अथवा राजा अशोक की कलिंग नगरी का आकार चौकोर था। यह नगर ईसा पूर्व ४०० में समृद्ध नगर था। उपग्रह द्वारा प्राप्त तसवीर में हम चौकोर नगर स्पष्ट रूप से देख सकतें हैं। चौकोर आकार, नगर रचना आयोजन में उत्तम आकार माना जाता था। (आकृति १३)

(आकृति १३) शिशुपालगढ़

गुजरात में कच्छ जिल्लेमें खडीर टापू पर हड़प्पीय सभ्यता के एक नगर के अवशेष मिले हैं। यह जगह कोटड़ा के नाम से जानी जाती थी। यह स्थान वर्त्तमान धोलावीरा गाँव के पास स्थित है। यहांसे हड़प्पा काल के दो स्टेडियम मिलें हैं। यहां से पत्थर में अक्षरों के हिसाब से पत्थर काट कर अंदर लकड़ी भरकर बनाये गए दश अक्षरों का होर्डिंग मिला है। जो विश्व भरमें इस प्रकार का सर्व प्रथम है। इससे यह प्रतीत होता है कि, उस जमाने में भी लोग पढ़े लिखे थे, अनपढ़ नहीं थे। यहां पर पानी का संरक्षण, संग्रह और पानी का उचित उपयोग और पानी के निकास की सुन्दर व्यवस्था देखने को मिलती है। उपग्रह द्वारा प्राप्त तस्वीर की मदद से नगर का आकार चौकोर था, यह हम स्पष्ट रूप से देख सकतें हैं। जहां खुदाई नहीं की गई थी वहां के दबे अवशेषों के बारे में जानकारी यहां मिलती थी। (आकृति १४)

(आकृति १४) धोलावीरा

इसी तरह नालंदा , तक्षशिला, विजयनगर -हम्पी , चांपानेर जैसे नगरों के बारे में भी हमें उपग्रह द्वारा प्राप्त तस्वीरों से विशेष जानकारी मिलती है।

राजस्थान में कालीबंगन और पिलीबंगन हड़प्पीय सभ्यताके नगर थे, जो रावी और सतलज नदियों के प्रवाह पर स्थित थे। यह प्रवाह आज घग्घर के प्रवाह के नाम से जाना जाता है। मानचित्र में ऐसी कोई नदी नहीं दिखाई गई है। पर उपग्रह की तस्वीर में नदी का प्रवाह हम स्पष्ट रूप से देख सकतें हैं। (आकृति १५)

कालीबंगनआकृति १५ पिलीबंगन

ऐसे दो नगर कच्छ जिल्ले में नखत्राणा के पास पदधरगढ़ और कोटड़ा मिले हैं। (आकृति १६) आडेसर फतेगढ़ रोड पर सनवा गाँव के पास सुरकोटड़ा मिला है।

पदधरगढ़ (आकृति १६)

नखत्राणा के पास कोटड़ा (आकृति १६/१)

आकृति १७ (सुरकोटड़ा- आयताकार)

ऐसा ही एक नगर कच्छ के बड़े रण में खडीर टापू के उत्तर में मरुड़ा टक्कर के पास जमीनमें दबा हुआ दिखाई देता है ।



उपग्रह की तसवीर में करीमशाही उपग्रह की तसवीर में करीमशाही का आयताकार किल्ला



आकृति १८ (मरुड़ा टक्कर)

एक नगर आधोई के पास और तीन नगर कच्छ के बड़े रण में धर्मशाला पोस्ट से आगे पश्चिम में करीमशाही, काजी का कराइ और विघाकोट मिले हैं। ये तीनों नगर की जानकारी उपग्रह की तसवीरोंसे मिलने के बाद स्थल पर जाने से मिली है। ऐसा ही एक किल्ला जो कंजरकोट के नाम से जाना जाता है। वह भी तसवीर में दिखाई देता है। यह किला १९६५ से पहले

गुजरात के कच्छ जिले का भाग था, और आज पाकिस्तान में स्थित है। (आकृति १९ A&B)

उपग्रह की तस्वीर में करीमशाही तथा वहां - करीमशाही - से मिली



चीजें कंजरकोट – चौकोर

आकृति १९ A



विघाकोट - पेंटागॉन -पंचकोण

काजी का कराइ वलयाकार

आकृति १९ B

इसी तरह लेखक ने उपग्रह की तस्वीरों का उपयोग करके अरब सागर में कोरी क्रीक और सर क्रीक के बीच में समुद्र में एक किल्ला ढूंढ निकाला था। स्थल पर जाकर नमूने लेकर उस जगह की आयु के बारे में भी पता लगाया था। बस्ता बन्दर का यह किल्ला २१० साल पूराना है। (आकृति २०)



आकृति - २० कोरी क्रीक में पानी में बस्ता बन्दर का किल्ला

गुजरात में २६ जनवरी २००१ के दिन सुबह साडे आठ बजे के आसपास भयावह भूकंप आया था उस दिन की साडे दश बजे की उपग्रह की तसवीर

में खम्भात की खाड़ी की तसवीर में मानो कोई चौकोर नगर पानी के नीचे पानी में अंदर डूबा हो ऐसा लेखक को लगा और लेखक और उनके साथीने गोवा में शोधपत्र पढ़ा था उसके बाद दिसम्बर में उसी जगह सामुद्रिक शोध त्तसंस्थान के वैज्ञानिकों ने एक शहर ढूंढ निकाला था

(आकृति २१)



(आकृति २१) खम्भात की खाड़ी में पानी में अंदर डूबा शहर

उपग्रह की तसवीरों की मदद से पानी में, रणमें, भूमिमें दबे नगर या किल्ला चौकोर, आयताकार अथवा वलयाकार है। हम देख सकते हैं जो हमारे शास्त्रोमें वर्णन के हिसाब से सही मिलते जुलते हैं।

References

1. **Thakker P. S., Raval M. H. and Dasgupta A. R.(1999)**
   Study of Ancient ports of Gujarat using Remote Sensing data.
   Pathik, issue 1, 2, 3, October 1999. Pathik Karyalay, c/o. B. J. Institute of learning, Ashram Road, Gujarat, India
2. **Thakker P. S., Raval M. H. and Dasgupta A. R. (2000)**
   Ancient Ports of Gujarat
   GIS@ Development February 2000 Vol. 4 issue 2
   pp. 28-31
3. **Thakker P. S. (2000)**
   Archaeology through Space
   In lecture Notes Volume of NNRMS Training course on Remote Sensing for Archaeology, pp. 141-157 Ed. By Dr. A. Bhattacharya and Dr. S.K. Subramanian, NRSA, Hyderabad
   March 2000.
4. **Thakker P. S. (2001)**
   Remote Sensing of Cosmic cities in Ancient India

NNRMS Bulletin, NNRMS (B)-26 Department of Space, Govt. of India, Bangalore pp.43-54.

5. **Thakker P. S. (2001)**
Locating Potential Archaeological sites in Gujarat using satellite data.
NNRMS Bulletin, NNRMS (B)-26 Department of Space, Govt. of India, Bangalore pp.24-37.

6. **Thakker P. S. (2001)**
Probable site of Ancient Dwarka through Remote Sensing NNRMS Bulletin, NNRMS (B)-26 Department of Space, Govt. of India, Bangalore pp.4-6.

7. **Thakker P. S. (2002)**
Cosmic Cities in Indian Subcontinent through Remote Sensing In proceedings of the **ISPRS Conference held at Hyderabad ISPRS technical commission on "RESOURCE AND ENVIRONMENTAL MONITORING" and ISRS Annual Convention held at Hydedrabad in the month of December 2002.** Pp.1178-1183

8. **Thakker P. S. (2002)**
Archaeology through Space: Experience in Indian Subcontinent
In Proceedings of Conference on"**Space Applications for Heritage Conservation**" 5-8 November 2002 at **Strasburg, France**.

9. **P. S. Thakker, Alok Tripathi and Y. S. Rawat (2003)**

Potential of Microwave data for detecting archaeological sites in Kachchh district, Gujarat, India. Published: Proceedings of the conference of Joint Experiment Project towards Microwave Remote Sensing data utilisation (JEP-MW) May 15-16 2003. Pp. 7.12-7.20

Held at Space Applications Centre, ISRO Ahmedabad.

10. **P. S. Thakker (2004) (Hindi)**
Door Samvedan Paddhatise Bharat ke Prachin Nagaron ki Khoj, in Hindi SAC Courier Vol. 29, No. 1 January 2004

11. **P. S. Thakker, M. H. Raval and A. R. Dasgupta (2005)**
Study of Ancient Ports of Gujarat using Remote Sensing Data
In: Remote Sensing and Archaeology,
Ed. Alok Tripathi, pp. 184-189
Sundeep Prakashan, New Delhi

12. **P. S. Thakker (2005)**
Remote Sensing of Cosmic cities in ancient India
In: Remote Sensing and Archaeology,
Ed. Alok Tripathi, pp. 99-106 **Sundeep Prakashan, New Delhi**

13. **Thakker P. S. (2005)**
Probable site of Ancient Dwarka through Remote Sensing
In: Remote Sensing and Archaeology,
Ed. Alok Tripathi, pp. 87-89

Sundeep Prakashan, New Delhi

14. **P. S. Thakker (2005)**
Identification of potential Archaeological sites in
Kachchh, Gujarat using Remote Sensing.
In: Remote Sensing and Archaeology,
Ed. Alok Tripathi, pp. 68-77
Sundeep Prakashan, New Delhi
15. Thakker P. S. (2012)
Locating probable unexplored Archaeological sites for
Ashtapad near Kailash in Tibet
In Chapter 3 of Shri Ashtapad Maha Tirth Granth II
pp. 127-136
Compiled & Edited by Dr. Rajnikant Shah and all
Ashtapad Research Team members
Published by Jain Centre of America Inc New York
16. **Thakker P. S. (2012)**
A report on field Trips I and II to locate site for
Ashtapad near Kailash in Tibet in Chapter 2 of Shri
Ashtapad Maha Tirth Granth II pp. 73-90
Compiled & Edited by Dr. Rajnikant Shah and all
Ashtapad Research Team members
Published by Jain Centre of America Inc New York
17. **Navin Juyal, P. S. Thakker and Y. P. Sundriyal (2012)**
Geomorphic evidence of glaciations around Mount
Kailash (inner kora):
Implication to past climate in chapter 6 of
Shri Ashtapad Maha Tirth Granth II pp. 265-274

Compiled & Edited by Dr. Rajnikant Shah and all Ashtapad Research Team members
Published by Jain Centre of America Inc New York

18. **P. S Thakker (2013)**
Locating probable unexplored Archaeological site of Ashtapad Maha Tirth near Kailas in Tibet using Remote Sensing and GIS Technique
Abstract published in Journal of Gyan Sagar Science Foundation, New Delhi, vol.1, Issue 1, April 2013 pp. 22

19. **P. S. Thakker (2014)**
Archaeological Sites Detection by Using Space Data In "Prachyabodha"
Indian Archaeology and Tradition (Prof. T. P. Verma Festschrift)
Editors: B. R. Mani, Arvind K. Singh, Ravindra Kumar
B. R. Publishing Corporation Delhi- 110052. pp. 131-133 plates12.1 to 12.25

❀❀❀

आश्रम-ग्राम-पुर-नगर

डॉ. गिरीश ठाकर

मानव सभ्यता एवं संस्कृति में आरंभकाल से ही मनुष्य ने समूह में रहना पसंद किया होगा यह बात निर्विवाद है। जीवन यापने से अनेक विघ्न, चाहे वे प्राकृतिका आपदाओं से हों या अन्यान्य हिस्र प्राणिओं आदि के कारण से हों उन विघ्नों से बचने साथ ही सरलता पूर्वक जीवन बीताने के लिये सुविधाएं जुटाना, निर्माण करना, उसी हेतु किसी ऐसी जगह सामूहिक निवास करना, इन समूह निवास कर्ताओं के बीच परस्पर आदान-प्रदानादि संबंध रहना और इसी क्रममें सभ्यताका विस्तार - विकास हि नाम इसी के साथ - साथ सांस्कृतिक विरासत का निर्माण होते जान यदी किसीभी संस्कृति का मूलाधार हो सकता है। आरंभिक काल में इन्ही कारण नदीयों के तट पर मानव सभ्यताएं पनपीं सामूहिक जीवनका प्रारंभ हुआ ऐसा कहने में अनौचित्य नहीं है। इसी क्रम में कुटुम्ब व्यवस्थाएं भी व्यवस्थित होती हुई विविध व्यवसाय और व्यवसायकर्ताओं के समूह जो बादमें 'जाति' कहे जाने लगे ऐसी सामाजीक व्यवस्थाएं भी व्यवस्थित होती गयीं। समान्तर रुप से उनके निवास आवास इत्यादि के लिए स्वयंभू व्यवस्थाएं अस्तित्वमें आने लगीं- एवं विकासशील रहीं। इसप्रकार अनेक व्यक्तिओं के सहनिवास हेतु, और सहनिवास के परिणाम स्वरुप वसाहतें अस्तित्व में आने लगीं, जो परवर्ती काल में ग्राम,पुर,नगर,जनपद आदिके रुपमें विकसित होती रहीं। यही विकास क्रम प्राय: सभी सभ्यताओं का रहा होगा।

पूरे विकास क्रमका ऐतिहासिक क्रममें ज्ञान पानेके लिये प्राय: दो साधन उपलब्ध हो सकते हैं। (१) उपलब्धप्राचीन अवशेषोंका पुरातत्वीय विज्ञानके आधार पर अवलोकन और (२) पुरातन साहित्य का अवगाहन और भी साधन यद्यपि हो सकते हैं।पुरातत्वीय अवशेषों को कालक्रम में देखते हुए

संपूर्ण इतिहास-(इति-ह-आस) की श्रृंखलाको निर्माण करना, प्राप्य कडीओं को जोडते रहना यहां आवश्यक बनता है। परन्तु इस कार्य में व्यवधान भी बहुत बडे हैं। कई कडियां अप्राप्य हो सकतीं हैं प्राय का अर्थघटन भी भिन्न भिन्न प्रकार से होना संभव है, और तब कुछ जो रह जाएं उनके लिए अनुमान आवश्यक जाता है। अत: यहां पर एक सावधानी बरतना जरुरी बनता है कि "अवशेष नहीं है" इसलिये वस्तु भी नहीं थी, "इस प्रकारका अनुमान भ्रामक सिद्ध हो सकता है। अनेक कारण हो सकते हैं।" हमें अवशेष आज नहीं मिल रहे-शायद किसी उत्खनन में कल मिल भी सकें या शायद वे किसी भी अज्ञात कारण से नष्ट भी हो गय हों इत्यादि। अत: पुरातत्वीय अध्ययन करते समय इस मर्यादा को भी ध्यानमें रखना और केवल प्राचीन अवशेष न मिलना ही अनस्तित्व का अस्वीकार न हो जाय। कुछ की अवगणना करके श्रृखला का निर्माण अपर्याप्त भी हो जाय।

दूसरा साधन है तत्कालीन साहित्य में अवगाहन। यहां भी अनुमान प्रमाण का आश्रय तो लेना ही होगा। पर अनुमान भी ज्ञानका साधन है यदि हेतु ठीक लिया जाय या हेत्वाभास न हो। सम्यक् अनुमान सम्यक् ज्ञान तक पहुंचा सकता है।

सद्भाग्य से हमारे पास प्राचीनतम साहित्य के रुपमें 'वेद' या वेदिक साहित्य उपलब्ध है जिसे हम प्रचीन दस्तावेज (Document) कह सकते हैं। पुन: वेदों के संहिताओं के यथावत संरक्षण के लिए हमारे प्राचीन ऋषिओं ने अपनायी हुइ वैज्ञानीक पद्धति वेदों को जैसे का तैसा हम तक पहुंचा सकी है। आरंभिक युग में लेखन परंपरा न होने पर भी आज तक कोइ परिवर्तन या विकृति नहीं घुसने पायी। यहां ध्यान मे रखना चाहिए कि इस पुरातनतम साहित्य का रचनाकाल सभ्यता के आरंभ का काल था ऐसा मानना नितान्त भूल होगी। जिस भाषा में एक स्वर के अष्टादश

(१८) उच्चारण हों (उदात्त – अनुदात्त – स्वरित – ह्रस्व – दीर्घ – प्लुत - और अनुनासिक अननुनासिक)। और स्वर का गलत उच्चारण अर्थभेद का कारण बनता हो यहां तक की अशुद्ध उच्चारण निषिद्ध माना गया हो और अपराध बनता हो यही नहीं उन स्वरों की सुरक्षा युगों तक यथावत् बनी रहे इस हेतु पदपाठ घनपाठ, जटा पाठ आदि विकृति पाठो की रचना की गयी हो यह घटना संस्कृति का आरंभकाल नहीं वरन् चरमोत्कर्ष काल हो सकता है। इस कालमें –और इस कालसे,वैदिक और अनुवैदिक साहित्य कण्ठोपकण्ठ प्रवहमान रहा और हम तक पहुँचा है। अतः भले ही भौतिक अवशेष नहीं मिल रहे हों साहित्य में तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक, गतिविधियाँ ज्यों कि त्यों प्राप्त हो रहीं हैं। केवल ध्वनि विज्ञान (phonetics) ही नहीं अन्य भी मानवोपयोगी विज्ञानका अस्तित्व,वेद एवं वेदोत्तर साहित्यमें भूरि प्रकार प्राप्य है। “यन्ने हास्ति न कुत्रचित्”। केवल सूक्ति नहीं तथ्योक्ति है।

वेदों की प्राचीनता के बारे में कोई भी सन्देह नहीं। निश्चित समय के बारे में मतान्तर हो सकते हैं परन्तु इसके प्राचीनतमत्व का अस्वीकार सम्भव नहीं। अतः उनको आधार या प्रमाणके रूपमें स्वीकारना अतार्किक नहीं रहेगा-हमारे प्रस्तुत विषयमें भी अब,वेदोंमें,खास करके ऋग्वेद,अथर्ववेदमें पुर शब्द का उपयोग अनेक बार देखने को मिलता है। ईन्द्र के लिए- “पुरंदर” या “पुरभिद्” विशेषण या “पुरन्ध्री” शब्द उस समय में पुर के अस्तित्वत्वका सूचक है। (संभेयो युवा यजुः) इत्यादि में मात्र पुर ही नहीं उसकी सामाजिक, राजकीय सुव्यवस्थितता का द्योतन है। नगर शब्द भी यद्यपि वेदिक संहिताओं में नहीं मिल रहा परन्तु अनुवर्ती श्रुति साहित्य, यथा ”एतरेय ब्राह्मण”, ”जैमिनीयउपनिषद”- आदिमें प्राप्य है। (जानुश्रुतेय नगरिन् - जनश्रुति कापुत्र नगरी नाम से जाना गया इस बारे मे कुछ विद्वानों

का तर्क है कि संभवतः वह ग्रामीणयासर्वथा ग्राम्य-(गुजराती में ગામડીયો) नहीं है-ऐसा अभिप्राय भी हो सकता है जहाँ नगर-विकसित पुर है ऐसा व्यंग्यार्थ संभव है)

इस प्रकार पुर-ग्राम, नगर आदि समूह जन निवास का सूचन वेदिक काल में स्वीकार्य बनते हैं। वास्तु-वास्तोष्पति आदि निवासार्थक पद संहीताओं में प्रयुक्त हैं। महर्षि यास्क ने इन शब्दों की व्युत्पत्ति निवास क्रिया के सूचक वस् धातु से सिद्ध की है। परवर्ती कोशकारों ने भी वास्तु शब्द को वस् धातु से जोडा है।

वसन्तयत्र-वास्तु (अभिधन चिन्तामणि)

(**वास्तु-वेश्मभूः** अमरकोश) इत्यादि मे स्पष्ट है । वास्तु- विद्या के विद्वान भी वास्तु को वसति वसन्ति के अर्थ मे परिभाषित करते हैं। मानसार के अभिप्राय में वास्तु जहां देव और मानव **निवास** करते हैं या मयमतम् मर्त्य और अमर्त्य जहां बसते हैं (વસન્તિ) कहते हुए वेदोक्त वास्तु शब्द को सामुहिक निवास के अर्थ में ग्रहण करते हैं।

वेदोत्तर काल में उपरोक्त मालसार समराङ्गणसूत्रधार मेयमतम् विश्वकर्म वास्तुशास्त्र से लेकर अनेक वास्तुशास्त्रीय प्रबन्ध हमें आज उपलब्ध हैं। कौटिलीय अर्थशास्त्र और धर्मशास्त्रों में भी उस बारे में प्रगल्भ चर्चाएं देखने को मिलतीं हैं। ग्राम, पुर, नगर आदि की परिभाषा से लेकर उनके अनेक भेद-प्रकारों का भिन्न भिन्न रीत्या विवरण भी किया है। विस्तार भी किया है। अनेक पुराणों में भी वास्तुशास्त्रीय निरुपण सुप्राप्य हैं।

इस वास्तु विद्या या वास्तु शास्त्र का उद्भव भी प्रायः पौराणिक शैली में शास्त्रकारोंने प्रस्तुत कया है। परन्तु हमें यह ध्यान में लेना चाहिए कि किसी भी विषय की शास्त्ररचना से पूर्व उस विषय का अस्तित्व अवश्यंभावी है। शास्त्रों द्वारा उसे अधिक परिष्कृत किया जाता है। जैसे भरत नाट्यशास्त्रकर्ता

से पूर्वनाट्यकर्ता तो विद्यमान थे ही। वेदोंके संवाद सूक्तों से आरंभ करते हुए इसका विकास होता रहा जिसे भरत ने नाट्यविद्या के रुप में परिष्कृत करते हुए नाट्यशास्त्र की वैज्ञानिक स्वरुप दिया। प्रायः सभी विद्याओं की यही कथा है। वास्तुशास्त्र भी आज की अपेक्षा प्राचीन अवश्य है। परन्तु उसकी रचना वेदोत्तर काल में हुई। वास्तु विद्या में प्रमाणभूत मानसार डॉ- प्रसन्नकुसार आचार्य के अनुसार से 7वीं (500-AD TO 700-ADD) निर्धारित किया जा सकता है। समरांगणसूत्रधार तो भोजकृत है ही।

वास्तुविद्या के अनेक ग्रंथो के उपरान्त अर्थशास्त्र वात्स्यायन कामसूत्र धर्मशास्त्रों के सूत्रग्रंथ या स्मृतियां इन सभी वेदानुयायी ग्रंथो में वास्तु का विवरण सुलभ है।

परन्तु हमने देखा है कि इन शास्त्रकारों ने इस विद्या को व्यवस्थित अवश्य किया परन्तु उसके पूर्व भी किसी न किसी रुप में व्यवस्थित निवासक्रिया विकास शील थी। नगरादि विद्यामान थे। उनके बारें में व्यवस्थाएं भी विद्यामान थीं। वेदकाल में तो पुर आदि का आस्तित्व हमने देखा ही है, तदनन्तर आर्ष म. काव्य रामायण महाभरत, विविध पुराण और इसापूर्व (B.C) एवं इसाकी संवत् के आरंभकाल (A.D) में हो गये भास- कालिदास आदि कविओं के काव्यों नाटकों में महान नगर नगरी राजधानी आदि के सवर्णन उल्लेख प्राप्त हो रहे हैं। यथा अयोध्या, लङ्का, हस्तिनापुर, इन्द्रप्रस्थ, उज्जयिनी, कौशास्बी, काम्पिल्य (नगर काम्पिल्यं राजा ब्रह्मदत्तः स्व. वा.) श्रावस्ती वैशानी आदि अवेक नगर, पुर उपरोक्त शास्त्रकारों से पूर्वकालसे सुनाई देते हैं। वाल्मिकी रामायण में अयोध्या को आयोजन पूवर्का बसाया गया राजधानी नगर बताया गया है।

सामान्यतः पुराणोंमे, या प्राचीन संस्कृत साहित्यमें निरीक्षण करने पर एक बात साफ साफ नजर आती है। उस समय संस्कृति की दो धाराएं

परस्पर अनुकूलन साधती हुइ समान्तर रुप से प्रवहमान हैं। नगर और ग्राम मथुरा है तो गोकुल या व्रजभी है। यही व्यवस्था भारत में आजतक चली आ रही है (Village-town) & city के रुप में नगर सदैव ग्रामों के उपर निर्भर थे। और अनेक ग्रामों के मध्य में नगर बसा रहता था। नगर की सारी आवश्यकता ओं की ग्रामों से आपूर्ति होती थी।

इन दोनों के उपरान्त वसाहत (समूह निवास) का एक अनोखा प्रकार जो शायद ही वास्तुविद्याके ग्रंथों मे पाया जाता है,या शायद ही वास्तु विद्या के ग्रंथो में पाया जाता है वह है आश्रम। यहाँ ग्रामों नगरों के बालकों-युवाओंको विद्योपार्जन के लिए भेजा जाता। इस लिए निवासी कुछ आचार्यों को छोडकर अस्थायी थे नित्य निवासी नहीं थे। उनकी सुवीधा हेतु अपेक्षाएं मर्यादित थीं। और सारे योगक्षेम का आधार था। आश्रमों का निभाव नगर-ग्राम-शासक के उपर था। निवासी जनों का काम-अध्ययन, अध्यापन,और क्वचित् आध्यात्मिक उन्नति को सिद्ध करना था। सामान्यतः सुरक्षित स्थान पर जलाशय के करीब, अरण्यप्राय, नगरों से न अतिदूर ना ही अति समीप ऐसे रमणीय भूमि पर अवस्थित होते थे। महर्षि कण्व के आश्रम का स्थान निर्धारित करने का सराहनीय प्रयत्न श्रीमान श्रीनिधिसिद्धान्तालङ्कार ने (मालिनी के वनों में) किया है। आश्रमों में महिला ओं का ही इन आश्रमों में निवास साहित्य कृतिओं में वर्णित है। (अर्थात केवल ब्रह्मचारी-संन्यासी ओं का आश्रय आश्रम था यह बात गलत है।) शकुन्तना,सांदीपनी जी की धर्मपत्नी गुरुमाता अनसूया,लोपासुद्रा, गार्गी आदि महानारी ओं के नाम इस समझनेके लिए पर्याप्त हैं।

स्वाभाविक है कि इन आश्रमों के अवशेष, खण्डहर, न मिलना, स्थापत्यकला, वास्तुविद्या आदि में उल्लिखित न होता भी बुद्धिगम्य है। यद्यपि कुछ जैन आगमों में,उदाहरण रुप में "आचाराङ्ग सूत्र" में दो स्थानो

में ‘आश्रम’ उल्लिखित है, जहां ग्राम, नगर, खेड, कब्बड, मडंब, पहण, द्रोणमुख, आकर, सन्निवेश, नैगम और राजधानी का वर्णन है। वहां तापसोंका निवासस्थान ‘आश्रम’ माना गया है। (साथ हि जहाँ कर (TAX)) लिए जाते हैं वह ग्राम और कर (TAX) नही वसूले जाते वह नकर,नाकर या नगर ऐसा ही (रायसेणीय उपांग) मिल रहा है।

इस तरह वसाहतों की रचनाओं के बारे में अनेक प्रकार के उल्लेख भारतवर्ष के हजारों सालों के इतिहास के कारण संस्कृत प्राकृत भाषाओं के ग्रंथों में और क्वचित् शिलालेखों में भी उपलब्ध है हम संक्षेप में देखेंगे। पाणिनीय अष्टाध्यायीं मे १, नगर २, ग्राम ३, घोष ४, खेडका उल्लेख हैं।

जब कि कौटिलीय अर्थशास्त्र में "जनपदनिवेश" प्रकरण में ग्राम स्थानीय, द्रोणमुख एवं संग्रहण प्रकारो की वसाहतों का नामोल्लेख है। वहीं ‘दुर्गनिवेश’ प्रकरण में ’राजधानी’ की कुछ शिलालेखों में चना के बारे में भी लिखा गया है। यहां पुर एवं नगर के अधिकारी के लिए "नागरक" शब्द का प्रयोग ध्यानाकर्षक है। अर्थशास्त्र में ही ग्रामों के सीमा विस्तारका निर्देश भी किया गया है। जहां सीमा एक या दो क्रोश की बताते हुए उसके प्रधान निवासी कृषिकार्य करने वाले लोग दर्शाये गये हैं। निवासी ओं की संख्या १०० कुल से ५०० कुल तक की देखने मिलती है। सीमांकन के बारे में नदी, पर्वत, वन, कृत्रिमगुफा (दरी) सेतुबंध या कुछ वृक्षों का सूचन है। अर्थशास्त्र जनपदकी वासरचना के बारे में भी स्पष्ट उल्लेख है, अष्टशत (८००) ग्रामों के बीच स्थानीय (ग्रामदुर्ग) चतु:शत (४००) ग्रामी (ग्रामसमुदाय) के मध्य में द्रोणमुख और इसी क्रम में खार्वटिक और संग्रहण का विधान है। साधारणत: जहां जलमार्ग से जान होता था वह द्रोणमुख (४००) ग्रामी के बीच बसा हुआ लगर होगा। अन्य वास्तुविद्या के ग्रंथों में

भी “द्रोणमुख” जलमार्ग और स्थलमार्ग से गम्य बताया गया है जैसे (भृगुकच्छ-भरुच)

कुछ शिलालेखों में जैसे रुद्रदपा का शिलालेख नगर-निगम-जनपद-का उल्लेख करता है। अनेक जैनागमों में भी वसाहतों की चर्चा पायी जाती है। जिनमें पत्तन,पट्टण,राजधानी आदि नगर के रुप में प्रस्तावित हैं। जाने माने विद्वान श्री र. छो. परीख के मन्तव्यसे, इस परंपरा के अनुसार जल पत्तन पट्टण और जल-स्थल मार्ग से गम्य पत्तन, यही बात अन्यत्र “द्रोणमुख” के लिए द्रष्टव्य है। परन्तु आज का “प्रभासपाटण” इसका उदाहरण हो सकता है। इनके अलावा भी अनेक जैन आगमों में अपने ढंग से वसाह तों का विवरण प्राप्य है। डॉ.प्रियबाण शाह अपने प्राचीन भातीय स्थापत्य और शिल्पकला आधारित ग्रंथ में बताती हैं, “विपिटक और जैन आगमों के आधार से लगता है कि अलग अलग व्यवसाय करने वाली जातिओं के अलग अलग ग्राम ई-पू.चौथी-पांचवी-छठी शताब्दियों में रच गये होंगे ऐसा प्रतीत होता है। इसके परवर्ती काल मे हर एक ग्राम में भीन्न भीन्न व्यवसाय करनेवाले व्यक्ति भी बसने लगे होंगे। अनुमेय है एक व्यवसाय वाली जातिका निवास एकग्राम, और ऐसे अनेक ग्रामों का समुदाय महाग्राम या नगर यही क्रम आर्थिक, सांस्कारिक अवस्थाओं का सूचक है”। (**amcient Indian sculptrrc and architearety De**) यह तर्क व्यवहारु प्रतीत होता है, आज भी कई नगरों में, मुहल्ले जातिओं को नामसे पहचानी जाती हैं। एक निरंतर प्रवहमान परंपरा का इससे अच्छा उदाहरण नहीं मिल सकता।

इस प्रकार वेदकाल से लेकर इसा की चतुर्थ-पंचम शताब्दि तक नगर-पुर-ग्राम रचना ‘नगर निवेश’ को लेकर एक काफी लम्बी परंपरा चली है। अपने देश काल को अवस्था के अनुरुप अनेक छोटे मोटे भेद भी दिखाई

देते हैं। भारत में एक दीर्घकाल तक इन परंपराओं के अनुरुप व्यवस्थाएं प्रत्यक्ष देखनेको भी मिल रही हैं।

डो. अरुण पाठक जी ने महाराष्ट्र का आज का नगर 'पैठण' जोकि यादव शासनकाल में 'प्रतिष्ठानपुर' नाम से सुविदित था उसकी नगर रचना का वास्तु विद्या के प्रकाश में अभ्यास किया, जिसका मानचित्र मैं प्रस्तुत कर रहा हुं। jaral of the Asiatic Society of Mumbai Vol-86 2012 - 2013 & Vol - 88 2014 - 2015. इसरो के वैज्ञानिक श्री P.S.Thakkar ने satellite images के आधारपर विविध नगरों का पुरातत्वीय संशोधन किया है जिस में त्रिकोण, चतुष्कोण, वर्तुलाकार, अर्धवर्तुलाकार, स्वस्तिकाकार आदि नगरों का अभ्यास किया है। (इतिहास दर्पण विजयादशमी अङ्क -२०१७) इसी संगोष्टि में हमें यह प्राप्त हो सकेगा। ध्यानाकर्षक है को यह ग्राम भेद प्राय: आकार के आधार पर निर्धारित है। किन्तु केवल आकार नहीं। अत्यन्त संक्षेप में वास्तुविद्या के सर्वाधिक प्रमाणभूत ग्रंथ 'मानसार' एवं अन्य शास्त्रीय जिसमें ग्रामलक्षण एवं नगरलक्षण जो विस्तार पूर्वक निरुपित हैं उन्हें प्रस्तुत करना चाहुंगा। मानसार अनुसार ग्राम के आठ भेद हैं दण्डक, सर्वतोभद्र, नन्द्यावर्त, पद्म, स्वस्तिक, प्रस्तर, कार्मुक और चतुर्मुख। सभी प्रकार प्राय: आकारों का निर्देश करते हैं और पूर्वनिर्दिष्ट P. S. Thakkar जी ने इसका संशोधन भी किया है। इसमें हम आकारों के उपरान्त इसमें निवसित जातिओं की विशेषताएं भी देखने मिलतीं है। जैसे कि इनके वर्णनों मे विशाल दण्डक ब्राह्मणों के निवासयोग्य और क्षुद्रदण्डक वानप्रस्थों के स्वस्तिक क्षत्रियों के और कार्पुस वैश्यों के निवास योग्य माना गया है।

इन्ही ग्रामों मे से वैश्य शूद्र जाति के भी प्राधान्य वाले पुर और शूद्र प्राधान्य ग्राम 'अग्रहार' भी कहे जाते थे। इसी प्रकार वन या पर्वतीय विस्तार में ब्राह्मण या तापस बहुल निवास आश्रम भी कहलाते हैं।

नगर विधान भी ग्राम विधानो की नींव पर ही है यह हमने देखा है। विशेषत: पुर, नगर, पत्तन के रुप में आन प्रचलित है। नगर के प्रकार भी हम देख चुके है। विशेषत: नगर दरवाजों गोपुरो से युक्त सभी दिशाओं से सुरक्षित बाग बगीचों से सुशोभित राजनिवास राजकीय संस्थाओं से युक्त और देव मन्दिरों से युक्त होते थे।

पुर का वर्णन मानसार में इस प्रकार है कि पुर कानन-उद्यानों से युक्त अनेकविध मकान या गृहों में रहने वाले मानवों से समृद्ध व्यापार का धाम और सप्तदेव के मन्दिरों से सुशोभित और एक छोर पर राजनिलय युक्त होने पर पुर ही नगरी कहलाता है। खेट नदी या पर्वत के समीप और शूद्रों के बाहुल्य युक्त और वाड से धिरा हुआ हो समुद्र तट पर मजबुत दिवार से घिरा हुआ पत्तन विभिन्न नातिओं का निवास स्थल और अनेक व्यवसायों का केन्द्र द्वीपान्तरों से आये हुए रत्न, क्षौमववय्य इत्यादि बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय विक्रय का स्थान बनता होगा।

जैसा मैंने आरंभ में कहा, सभी वास्तुशास्त्रीय ग्रंथो में, पुराणों में, धर्मशास्त्र के ग्रंथों में और अन्य शिल्प विद्या के ग्रंथो मे हमें जो प्राप्त होता है वह एक सुदीर्घ परंपरा के प्रवाह से प्राप्त होता है। इस में अनेक बार परिवर्तन या परिष्कार भी समय और स्थान के एवं तत् तत् कालीन परिस्थिति औं के कारण होता रहा है। तथापि यह सुनिश्चित ही है कि एक स्वस्थ वैज्ञानिक परंपरा नगरादि के निर्माणके बारेमें चलती रही आज भी यत्र तत्र विद्यमान है। प्राचीन अवशेष जीतने भी प्राप्त होते हैं, हडप्पा, मोहनजोदडो, लोथल, धोलावीरा, तथैव प्राचीन तक्षशीलादि विश्वविद्यालय

या प्राचीन राजधानीयों इसी बात को पुष्टकर रहीं है। स्थापत्य और स्थपति आदिके कार्यों के वर्णन भी यही सिद्ध कर रहे हैं। हमें केवल अपनी इस विरासतको याद करके, इसमें दर्शाये गये स्थपति का विवरण करते हुए मानसारने स्थपति के ४ प्रकार बताए (१)स्थपति (२)सूत्रग्राही (३)वर्धकि और (४) तक्षक

स्थपति के आज्ञानुसार चारों चलते हैं।

१. स्थपति वेदज्ञ स्थापना धिपति,उत्तम पुरुष होता है।

२. सूत्रग्राही भी वेदत-शास्त्रज्ञ होनेके उपरान्त रेखाओं का माननेवाला- आज की भाषा में ड्राफ्टसपेन रहा होगा।

३. वर्धकि-मानज्ञ और चिचकर्पज्ञ रहता।

४. तक्षक घडने की क्रियाको जाननेवाला कारीगर।

इस कार्य विभाजन के आधार से अनुमान होता हे कि प्राचीन भारत में गृह-नगरादि का निर्माण आयोजनपूर्वक होता था। टीम लीडर और टीम का यह कार्य विभाजन ही यह जानने को पर्याप्त है।

शास्त्रीय सिद्धान्तोंको समझकर व्यवहार दृष्टया उनको उपयोग मे लाने से हमारी दिव्य-भव्य संस्कृति को लुप्त होने से बचा सकते हैं। केवल नगर-निर्माण ही नहीं जीवन के प्रत्येक व्यवहार को हमारी संस्कृति में गहनता पूर्वका अध्ययन और संनिवेश थी हुआ है। अतः भारत वर्ष में सहस्त्राब्दिओं से चली आ रही आश्रम-ग्राम-पुर-नगर की व्यवस्था को सही रुप में और सही इतिहास को सही रुप में और सही इतिहास भारतीय चेतना के प्रकाश में आलोकित करते हुए उसी प्रकाश से वर्तमान को आलोकित करने का प्रयास करना चाहिए। मैं मानता हुं की Smart-city की बात आवकार्य भले ही हो परंतु भारत देश ग्रामों में बसा है और पुरी संस्कृति ग्रामों पर

आधारित है यह देखते हुए ग्रामों का इन प्राचीन सिद्धान्तों के आधार पर विकास किया जाय तो नगर अपने आप विकसित हो जाएंगे।

सन्दर्भग्रन्थाः

१. **प्राचीन भारतीय शिल्पकला अने स्थापत्य**

सम्पादकः = डॉ. प्रियबाला शाह, गुजरात युनिवर्सिटी, अहमदाबाद-१९८८

२. **मयमतम्**

सम्पादकः = आचार्य शिवप्रसाद वर्मा, शिक्षण एवं शोध संस्थान, इन्दौर

३. **राजवल्लभः अथवा शील्पशास्त्र**

सम्पादकः = नारायणभारती गोस्वामी, महादेव रामचन्द्र जागुष्टे बुक्स प्रा.लि.अहमदाबाद-१८९१

४. **समराङ्गणसूत्रधार**

सम्पादकः = डॉ. श्रीकृष्ण जुगनूँ, डॉ. भेंवर शर्मा, चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी

५. **मानसारः**

सम्पादकः = प्रसन्नकुमार आचार्य, लॉ. प्राइस पब्लिकेशन्स, दिल्ली

६. **गुजरातनुं पाटनगर अमदावाद**

लेखक = रत्नमणिराव भीमराव, गुर्जर साहित्य प्रकाशन, अहमदाबाद-२०१४

❀❀❀

संस्कृत साहित्य में निरूपित द्वारिका

डॉ. योगिनी हिमांशु व्यास
अध्यक्षः, संस्कृत विभाग,
प्रोफेसर – इन्चार्ज: अनुस्नातक केन्द्र,
उमा आर्ट्स एण्ड नाथीबा कोमर्स महिला कोलेज,गांधीनगर, गुजरात।

भारतवर्ष का सुप्रसिद्ध सौराष्ट्र प्रदेश पाँच रत्नों के कारण पौराणिक काल से प्रसिद्ध है। एक प्रचलित श्लोक में कहा गया है,

सौराष्ट्रे पञ्चरत्नानि, नदी - नारी- तुरंगमः।
चतुर्थे सोमनाथश्च, पञ्चमम् हरिदर्शनम्।।

इस प्रकार प्राचीनकाल से द्वारिका में हरिदर्शन के माहात्म्य का निरूपण किया गया है। भारतदेश की मोक्षदायिनी सात नगरीयों में द्वारकानगरी को स्थान दिया गया है –

अयोध्या - मथुरा - माया- काशी - अवन्तिका।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिका ।।

विश्वसंस्कृति के इतिहास में गौरवपूर्ण और अविचल स्थान प्राप्त करनेवाली, पुराणप्रसिद्ध, योगेश्वर श्रीकृष्ण की राजधानी द्वारका समस्त भारतवासियों के लिए परम आस्था का स्थान है। यह वही द्वारिका है, जहाँ परमात्मा श्रीकृष्णने विश्वकल्याण के लिए भागीरथी गीता के गरिमापूर्ण गानकी प्रेरणा प्राप्त की, जहाँ प्रेम - भक्ति और ज्ञान की त्रिवेणी बहानेवाले, सच्चिदानन्द स्वरूप श्रीकृष्णने अभिनव प्रजासत्ताक राज्य की रचना की, जहाँ प्रभु श्रीकृष्णचन्द्र के विहार करने से उनके चरणों से रंजित चरणरज को समुद्रने सर्व तीर्थों से पखाला था और जिस चरणधूलि को शीश पर चढाने में असंख्य भक्तोंने स्वजीवन में धन्यता की व कृतार्थताकी अनुभूति की थी, जहाँ एक महासमर्थ, ज्ञानी, तपस्वी, संन्यासी, संस्कृति और धर्म

के संरक्षक, भारतीयता के परम उपासक, अत्युच्च अद्वैत तत्त्वज्ञानी, अनर्घ ग्रन्थसम्पत्तिका प्रदान करनेवाले, 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः' का शंखनाद करनेवाले जगद्गुरु शंकराचार्य को माँ शारदा का सारस्वत प्रवाह बहाने की प्रेरणा प्राप्त हुई, जिन्हों ने भारतवर्ष की पश्चिम दिशामें द्वारिका में शारदापीठ की, उत्तर दिशामें हिमालय में ज्योतिष्पीठ की, पूर्व दिशा में श्रीपुरी में गोवर्धन पीठ की और दक्षिण दिशामें शृंगेरीपीठ की स्थापना की, जहाँ रामानुजाचार्य, श्री निम्बार्क, मध्वाचार्य तथा श्री रामानन्दाचार्यने भारतीय तत्त्वज्ञान के नूतन दर्शनों से भारतीय तत्त्वचिन्तकों को ज्ञानालोक प्रदान किया, जहाँ श्री वल्लभाचार्यजीने सात-सात बार (उनके पुत्र विठ्ठलनाथजीने) भागवतजी का पारायण करके जनता को भगवत्प्रीतिमें सराबोर किया, जहाँ पुण्यश्लोक संतगण श्री नामदेव, ज्ञानेश्वर, नरसिंह, कबीर, तुलसीदासजी, पीपाभगत, कोलवाभगत, गुरु नानक, मीराबाई, श्री समर्थगुरु तथा चैतन्य महाप्रभुने भक्तिरससुधा बहाई, जहाँ गुर्जरकवि सोमेश्वरने 'उल्लासराघव' नामक नाटक का तथा गुर्जरकवि श्री भीमने 'प्रबोधप्रकाश' नामक नाटक का श्री द्वारकाधीश के मन्दिर में मंचित कर श्री द्वारकानाथ को समर्पित किया, जहाँ ईसर बारोटने अपने 'हरिरस' नामक काव्यग्रन्थ को श्री द्वारकानाथजी को सुनाने हेतु द्वारका की यात्रा की, साहित्यक्षेत्रमें पहली बार ओखामंडल (उषामंडल) का शब्दप्रयोग करनेवाले शिरोही के वैष्णव कवि मांडणने द्वारकाधीशका नाम संकीर्तन कर पुण्यसंचय किया उस द्वारकाधीशजी की हम सब स्तुति करें –

मोहादपार्थपुरुषार्थमवेक्ष्य पार्थं यः संजगौ त्रिजगदुद्धरणाय गीताम्।
ज्ञानं सुदुर्लभमदात् समराङ्गणेऽपि तं द्वारकेशमिह सद्गुरुमाश्रयामि।।

जिन्होंने मोहवश अर्जुन के पुरुषार्थ को व्यर्थ होते देख उन्हीं के व्याजसे तीनों लोकों के के उद्धार के लिए गीता का गान किया और इस प्रकार

समराङ्गण में भी अत्यन्त दुर्लभ ज्ञान प्रदान किया, उन सद्गुरुस्वरूप श्रीद्वारकानाथजी की हम यहाँ शरण लेते हैं।

ब्रह्माजी द्वारा निर्मित इस सृष्टि में सर्जन, विसर्जन और पुनःसर्जन की प्रक्रिया निरन्तर गतिशील रहती है। आदिकाल से इतिहास इस तथ्य का गवाह है कि श्रीकृष्ण द्वारा निर्मित तत्कालीन द्वारावती से वर्तमान समय की वैष्णव भक्तों की द्वारिका नगरी का लगातार छह छह बार पतन हुआ।

प्राचीन द्वारका आनर्त समुदाय, कुश समुदाय और यादवों की पुण्यभूमि मानी जाती है। बदरीनाथ, द्वारका, जगन्नाथपुरी और रामेश्वर – इन चार धामों मे से एक और 108 शक्तिपीठों में से एक द्वारका है । भारत में कुल पंद्रह स्थान पर द्वारिका थी इस बात के कतिपय प्रमाण मिलते हैं । सौराष्ट्र में जूनागढ को, माधवपुर (घेड) को, कोडीनार के समीप मूल द्वारका को पोरबंदर के पास विसावाडा को, बेटशंखोद्धार को, पींडाराको, अर्वाचीन वैष्णवी द्वारका को तथा डाकोर को द्वारका माना जाता है। गुजरात के बाहर मैसूर में हडेबीड में (द्वारसमुद्र) को, केराला में गुरुवायूरको, मद्रास में मन्नारगुडी को, मारवाड में खेडद्वारका को, पंजाब में कासुर (कुशावली) को, उत्तरप्रदेश में गोमती नदी के तटपर लखनऊ के समीप तथा स्कन्दपुराण अनुसार धर्माण्य में सरस्वती नदी के तट पर द्वारका तीर्थ होने की मान्यता है।

इसी प्रकार भारत के बाहर Thomas William Rhys David के मतानुसार कम्बोज की राजधानी को इत्सिंग के मतानुसार सियामकी राजधानी को तथा डॉ. कौसाम्बी के मतानुसार अफघानिस्तानमें दारवाझ को द्वारका के रूपमें पहचान दिलाने के प्रयास हुए है।

द्वारका नगरी की अतल में स्थित कृशेश्वर महादेव के दर्शन के बिना चारधाम की यात्रा पूर्ण नहीं मानी जाती। प्राचीन कालसे द्वारका का नाम

वैविध्य विद्यमान है। इनमें से आनर्तपुरी, कुशस्थली, त्रिविक्रमक्षेत्र, जगत, द्वारावती और ओखामण्डल – इतने नाम मुख्य हैं। आनर्त के पुत्र रेवतने इस भूमि में कुशस्थली की स्थापना की, तो दूसरी और महर्षि च्यवनने इस भूमिमें तपश्चर्या की। लोकनायक श्रीकृष्णने गोकुल- मथुरासे यहाँ आकर समुद्र से बारह योजन जमीन संपादित करके द्वारावती की स्थापना की और लगातार सौ साल तक उसे कर्मभूमि बनाई।

प्राचीनकाल से द्वारका भारतभूमि का प्रवेशद्वार (Gate Way of India) के रूपमें विद्यमान है। पुरातनकालमें यहाँ आर्य प्रजा का आगमन हुआ, ईरान प्रदेश से मगी ब्राह्मण यहाँ सूर्यपूजा तथा कर्मकाण्ड लेकर आये, बेट द्वारका में अर्धे ढके हुए बौद्धस्तूप से पता चलता है कि यहाँ बौद्धों का आगमन हुआ होगा। वसई की भूमि पर कनकावती नगरी की स्थापना से जैनों के आगमन का अनुमान लगाया जा सकता है। समियाणी टापु पर विद्यमान कबरों से पता है कि यहाँ आरबों का भी आगमन हुआ होगा। इसके अलावा पणि – भार्गव – आसीरियन - बेकद्रियन, सीथियन और रोम आदि प्रजाओं का यहाँ आगमन हुआ और वे लोग भारतीयों के साथ घुल-मिल गये। सागरपारसे आयी संस्कृति हमारी लोकसंस्कृति का अविभाज्य अंग बन गई। द्वारका के निकटवर्ती स्थलों से प्राप्त प्रायः सात उलूखल, (ओखली-जिसमें धान कूटे जाते है) कतिपय यक्षबावडी आदि के पौराणिक वर्णन से द्वारका भारतभूमि का प्रवेशद्वार होने की बात का समर्थन मिलता है।

ईसा की पहली शतीमें लिखी गई ग्रीक सागर- साहस कथा Periplus में द्वारका विषयक महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। 'पेरिप्लस' में

William Harvey Schoff ने द्वारका के दरिया को Barake - बाराका के नाम से पहचान दिलाई।[१]

'पेरिप्लस' में इस Head-Land – Barake को भययुक्त स्थान बताया गया है। आज भी Head-Land of Barake के उपर भारत सरकारने जहाजों द्वारा सफर की सलामती हेतु बहुत ऊँचा प्रकाशस्तम्भ बनाया है।

किसी भी प्रदेश में निवासित प्रजा का आर्थिक- राजकीय- सामाजिक और धार्मिक विकास उस प्रदेश के प्रमुख नगरों और राजधानीयों पर अवलम्बित है। प्राचीन समय में नगरों के लिए सुरक्षित स्थानों का चयन होता था और बाद में उनके विकास के अन्तर्गत मुख्य हेतु संरक्षण का था। नगरों के विकास और विस्तार के पूर्व कृषि, उद्योग और वाणिज्य की प्रगति आवश्यक थी। इस विषय में अमेरिका के शहरी वास्तुकला के तजज्ञ लूई मम्फर्ड ने अपने पुस्तक Culture of Cities की प्रस्तावना (पृष्ठ.३) में लिखा है- 'नगर वह बिन्दु है जहाँ लोकसमाज की शक्ति और संस्कृति ज्यादा से ज्यादा केन्द्रित हो सके । नगर एक ऐसा स्थान है जहाँ जीवन की अनेक विभिन्न प्रकाशपट्टियों के किरण केन्द्रित होते हैं। 'नगर' के माध्यम द्वारा ही सामाजिक संबंधो की सुश्लिष्टता स्थापित की जा सकती है। नगर ही

---

१ Describing रणप्रदेश small and big- dangerous to navigators was wounded to south and west by seven islands and the head-land Barake (Dwarka) a place of special danger of whose neighbourhood ships were warned by meeting with great black water-snakes. Next-after Barake flows the way to the gulf of Barygaza the country of Mahakshtrapas.

धर्ममन्दिर का, वाणिज्य का, न्यायालय का और विद्यापीठों का स्थान है। संस्कारी जीवन का मार्गदर्शन नगर द्वारा ही प्राप्त हो सकता है।'[२]

विश्व की प्रत्येक संस्कृति के विकास में नगरयोजना का अधिकांश योगदान रहा है। भारतीय नगर आयोजनशास्त्र का अभ्यास करने के लिए हम उन उन नगरों के अवशेषों, एतत्विषयक साहित्य तथा धर्मशास्त्रों से प्राप्त सन्दर्भों तथा मध्ययुगमें नगर आयोजन के विषयमें लिखित ग्रन्थों का आधार ले सकते हैं। इतिहासविदों के मतानुसार सिन्ध में मोहें-जो-दडो, पंजाब में हडप्पा, राजस्थान में कालिबंगन, कच्छमें सुरकोटडा, सौराष्ट्र-गुजरातमें लोथल आदि संस्कृति के आज उपलब्ध अवशेषों से उस समय की सुविकसित नगरनिर्माण की कला का परिचय प्राप्त होता है। साहित्य के विषय में देखें तो (१) वास्तुविद्या (२) मनुष्यालयचन्द्रिका (३) मयमत (४) शिल्परत्न (५) समरांगणसूत्रधार (६) विश्वकर्माप्रकाश (७) शुक्रनिधि (८) अपराजितपृच्छा (९) राजवल्लभ (१०) विश्वकर्मन्वयप्रदीपिका

---

२ The city, as one finds it in history, is the point of maximum concenrtation for the power and culture of a community. It is the place where the different rays of many separate beams of life fall into focus, with gains in both social effectiveness and significance. The city is the form and symbol of integrated social relationship; it is the seat of the temple, the market, the hall of justice, the academy of learning. There in the city the goods of civilization are multiplied and manifolded; here is where human experience is transformed into viable signs, symbols, patterns of conduct, systems of order. Here is where the issue of civilization are focused; here too. Ritual passes on occasion into the active drama of a fully differentiated and self conscious society.

(११) बृहत्संहिता (१२) वास्तुमंजरी (१३) मानसार आदि ग्रन्थसमृद्धि हमें नगरनिर्माण की कला विषय में मार्गदर्शन दे सकती है।

'सर्वज्ञानमयो हि सः', 'सर्वं वेदात् प्रसिध्यति' के अनुसार नगररचना की चर्चा के प्रसंग में वेदों में देखना ही समुचित होगा। एक मान्यता के अनुसार वैदिक साहित्य में 'पुर' शब्द का प्रयोग 'नगर' के अर्थ में प्रयुक्त होता था। दूसरी मान्यता के अनुसार 'इन्द्र' के लिए प्रचलित 'पुराभिद्' और 'पुरन्दर' जैसे विशेषणों से यह सूचित होता है कि आर्यों के आगमन पूर्व भारतभूमि में पुर का अस्तित्व था। मेसोपोटेमियन संस्कृति में 'उर' शब्द का प्रयोग 'पुर' के अर्थ में होता था।

(see : Bulletin of Place – Names Society, Mysore)

आज भी आरबदेशका व्यक्ति उच्चारण- असुविधा की वजह से ओष्ठयवर्ण 'प' के स्थान पर 'व' का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार 'उर' और 'पुर' इन दो शब्दों में अर्थ की दृष्टि से साम्य मालूम पडता है।

आमजनता 'पुर' और 'नगर' को एकदूसरे का पर्याय मानती मानती है लेकिन उन दोनों के बीच के अर्थ को प्रस्तुत करनेवाली विभाज्य रेखा अत्यन्त महीन है। जहाँ संरक्षण के हेतु से खाई, गढ्ढा, बाड या मिट्टी के ढूह आदि करके उनके बीच रहना-उसे 'पुर' कहा जाता है। ऐसे अनेक पुर का अस्तित्व वैदिक कालमें होंगा। पश्चात् कालमें पुर की सुरक्षा के हेतु मजबूत दुर्ग आदि की रचना की गई। पुराणो में कहा गया है कि त्रिपुर के राक्षसने सुवर्ण, रजत, और लोहे के नगरों की रचना की थी और उसका नाश करने से 'शिव' 'त्रिपुरारि' कहलाये। पुराणों में कहा गया है कि पृथु राजाने पृथ्वी को समतल व सपाट बनाकर रहने योग्य बनाई।

यहाँ पर महाराजा भोज के 'समराङ्गणसूत्रधार' में पुराणों की शैली में निरूपित एक मनोहर कथा प्रस्तुत है।

सृष्टि के आरम्भ में प्रजाजन देवों के साथ आनन्दपूर्वक रहते थे। उस वक्त केवल ब्राह्मण वर्ण, एक ही वेद और कामदेव के साथ संबद्ध मात्र वसन्तऋतु ही थी। प्रत्येक मनुष्य रूपसंपन्न, सुशिक्षित, सुखी और ऐश्वर्यसंपन्न थे। सब समान होने से उत्तम, मध्यम और अधम जैसे कोई अन्तर नही थे। खेट, नगर, ग्राम, पुर, क्षेत्र जैसे कोई भेद नहीं थे। जीवजन्तु या हिंसक पशु और ग्रहोंकी ऑरसे कोई भय नही था। सभी भोग्य पदार्थ प्रजाजन भारत में कल्पवृक्ष के द्वारा ही प्राप्त करते थे।[३]

दैववशात् कारण प्रजाने देवों का द्रोह किया और फलस्वरूप देवों कल्पवृक्ष को लेकर स्वर्ग में चले गये। अब एक ऋतु के स्थान पर छह ऋतुएँ हुई। अकृष्टपच्या भूमिमें से उत्पन्न शालितण्डला का आहार लेकर प्रजा जीने लगी । इससे मलप्रवृति का आरम्भ हुआ । परिणामस्वरूप सुख दुःख और आधिव्याधि का उद्भव हुआ। लोग ठण्डी और गरमी (शैत्य और उष्णता) का अहेसास करने लगे। अतः कल्पवृक्ष का स्मरण करके उसके आकार के एक, दो, तीन, चार, सात या दस कक्ष से आवास का निर्माण किया।[४] इस कथानक में आगे कहा गया है कि प्रजा कि सहाय हेतु ब्रह्माजी पधारे और पृथु राजाने पृथ्वी को निवासयोग्य बनाई।

---

३ एकोऽग्रजन्मा वर्णोऽस्मिन् वेदोऽभूदेक एव च्।
तुर्वसन्त एवैकः कुसुमायुघबान्धवः।। १२।।
रूपश्रुतसुखैश्वर्यभाजस्ते निखिला अपि। समत्वान्नाभवतेषामुत्तमाघममध्यता।। १३।।
न खेटनगरग्रामपुरक्षेत्रखलादिकम्। न दंशमशकक्रव्याद्भयं वा न ग्रहादि।। १४।।
कल्पद्रुमाप्तभोगानां न चेषा प्रभुरप्यभूत।
पुरास्मिन्भारते वर्षे तेषां निवासतामिति।। १५।।

४ स्मृत्वा कल्पद्रुमाकारास्तद्रूपाणि गृहाणि ते।
एकद्वित्रिचतुःसप्तदशशालानि चकिरे।। समराङ्गणसूत्रधार

इस पुराणकथा को हाँसिये पर रखकर ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में सोचने पर प्रतीत होता है कि एक तरफ मोहें-जो-दडो, हडप्पा या लोथल की संस्कृति के अवशेषो द्वारा उस काल की प्रजा को नगर-आयोजन के विषय में ज्ञान था। तो दूसरी तरफ रामायण और महाभारत जैसे ग्रन्थों में नगर के वर्णन प्राप्त होते है। इन्द्रप्रस्थ में तो 'जहाँ जल वहाँ स्थल' और 'जहाँ स्थल वहाँ जल' की प्रतीति हो ऐसा अद्भूत आयोजन मय दानवने किया था। यहा मयदानव के नाम से अनुमान हो सकता है कि नगर आयोजन की कला में आर्यों से ज्यादा आर्येतर प्रजा ज्यादा निष्णात थी। प्राचीन नगरयोजना का जो महत्त्वपूर्ण वैशिष्ट्य है उनमें से एक यह है कि नगर का आयोजन नदी या सरोवर के पूर्वभागमें होता था। जिसके कारण पश्चिम दिशा की नदी परसे गर्मियों में पश्चिम की वायु बहे और नगर का तापमान कम रहे।

'समराङ्गणसूत्रधार' के 'पुरनिवेश' नामक दशवें अध्याय में प्राकार, परिखा, अट्टालक, रथ्या, अध्वा आदि की चर्चा के साथ पुरके प्रमाण का विचार-विमर्श किया गया है। 'पुर' की चर्चा के अन्तर्गत चत्वर, राजमार्ग, महारथ्या, यानमार्ग, जंघापथ, घण्टापथ आदि की विचारणा की गई है।

बृहत् त्रयी में द्वितीय मान्य काव्य अपनी विशिष्ट काव्यशैली के लिए प्रख्यात शिशुपालवध है। मेघे माघे गतं वयः – किसी प्राचीन आलोचक शिरोमणि की यह उक्ति काव्य की लोकप्रियता का उत्कृष्ट निदर्शन है। संस्कृत साहित्य में बृहत्त्रयी-किरातार्जुनीय, शिशुपालवध तथा नैषधचरित का बडा आदर है। इसके सम्यक् अध्ययन से न केवल शब्दकोश की वृद्धि होती है, बल्कि नवीन रस-भावभङ्गी का ज्ञान उच्चकोटि का हो जाता है। इसमें भी शिशुपालवध का स्थान बहुत ऊँचा है। वास्तवमें यह संस्कृत-साहित्य का अनुपम रत्न है। महाकवि कालिदास की उपमा, भारवि का अर्थगौरव और दण्डी का पदलालित्य – इन तीनों गुणों का सुभग दर्शन

माघ की कमनीय कविता में होता है। बृहत् शब्दभण्डार और अप्रतिम कल्पना के स्वामी माघ के इस काव्य में नवीन शब्दावली सर्वत्र उपलब्ध होती है।

माघ की कीर्तिलता एकमात्र महाकाव्य शिशुपालवध रूपी वृक्ष पर ही अवलम्बित है। इसमें श्रीकृष्ण के द्वारा युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में चेदिनरेश शिशुपाल के वध का वर्णन किया गया है। देवर्षि नारद इन्द्र की ओर से श्रीकृष्ण को देवताओं के विरोधी शिशुपाल का नाश करने के लिए प्रेरित करते है। बलराम सद्यः युद्ध छेडने का परामर्श देते हैं। उद्धव की सलाह थी की युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में ही पहले चला जाय। वहीं से देवविरोधियों का विनाश भी किया जाएगा। उद्धवजी के युक्तियुक्त कथन से श्रीकृष्ण अपनी सेना के साथ द्वारिका से इन्द्रप्रस्थ की ओर प्रस्थान करते हैं। इस प्रसङ्ग पर हमारे सर्वशास्त्रतत्त्वज्ञ विद्वान कवि माघ ने द्वारिका का सुविस्तृत और अलंकृत वर्णन किया है। महारथी एवं चक्रधारी श्रीकृष्ण, कार्यसिद्धि करनेवाले, सभी दिशाओं में यात्रा के लिए प्रशस्त तथा शीघ्रगामी पुष्यनामक रथपर आरूढ हुए। भगवान कृष्ण की ध्वजा के अग्रभाग में रहनेवाले सर्पों को डराने के लिए पाताल में प्रवेश करना चाहता हुआ गरुड भी वहाँ उपस्थित हो गया। निष्कलंक चरित्रवाले मुरारि को देखने की इच्छा से प्रत्येक गलीमें जनसमूह उमड पडता था। यद्यपि श्रीकृष्ण उनके लिए कोई नये या अपरिचित नहीं थे किन्तु प्रेम की अधिकता अत्यन्त परिचित को भी नया नया सा कर देती है।

समुद्र के बीचोबीच अपने सुवर्णमय परकोटे से (કિલ્લો) दिशाओं को सुनहरी बनाती हुई जो द्वारका वडवाग्नि की लपटों की भाँति जलको भेदकर उसके ऊपर चमक कही थी। जिसमें हजारो पहाड स्थित है और समुद्र के जलसे चारों ओर घिरी है, ऐसी विस्तीर्ण जिस पुरीको बिना किसी थकावट

के विधाता ने पृथ्वी के प्रतिबिम्ब की भाँति बनाया है। देवताओं के शिल्पी विश्वकर्माने निरन्तर अभ्यास करके जिस शिल्प-विज्ञान को अर्जित किया था, उसकी सारी शक्ति जिसमें लगा दी है, ऐसी द्वारका निर्मल समुद्र-जलमें स्वर्ग की छाया (प्रतिबिम्ब) सी दिखती थी। जैसे कोई पिता वरको तत्काल दी हुई कन्या को गोदमें बैठाकर उसे रत्नहार पहिनाता है, ऐसे ही समुद्र द्वारा चक्रधारी श्रीकृष्ण को सोंपी हुई द्वारका के समीप रत्नों की पंक्तियाँ बिखेर दी गई। हिलते हुए समुद्र-जल की लहरों के समूह द्वारा उछाले गये शंखों के समूह से व्याप्त जिस द्वारका का परकोटा, चारों ओर नक्षत्रों से व्याप्त सुमेरु पर्वत के शिखरों का प्रतिदिन अनुकरण करता था। जिस द्वारका के बाजारों में (मण्डियों में) रत्नों के ढेर लगे थे जो बिखरकर नालियों में जा गिरते और उनमें बहते हुए जल द्वारा समुद्र तक पहुँच जाते थे। इन्हीं को जमा करते- करते समुद्र रत्नाकर कहलाने लगा।

जिस द्वारका की स्त्रियों के सौन्दर्य से अपने सौन्दर्य में भेदकारक किसी गुण को चाहती हुई अप्सराओं के प्रार्थना करने पर प्रजापति मनुने अपनी प्रजाओं को पलक गिराने के चिह्न से युक्त कर दिया। जिस द्वारका में स्त्रियाँ रात्रिमें चमकती हुई चाँदनी से जिनकी कान्ति छिप गई है ऐसे स्फटिकमणि निर्मित महलों पर चढी हुई, आकाशमें खडी देवियाँ जैसी लगती थी। यद्यपि द्वारका के महल इतने ऊँचे थे कि मेघ उनकी छत तक पहुँच ही नही पाता था, फिर भी चन्द्रकान्त मणियों से बने फर्शोपर चन्द्रकिरणें पडने से द्रवित हुए जल से उन छतों के ऊँचे पनाले निरन्तर बहते रहते थे। जो द्वारका ऐसे महलों से शोभित हो रही थी जो कि बृहत्तुलावाले होने पर भी अतुल (अनुपम थे)। वितानों की (चंदोवों की) मालाओं से गुंथे हुए भी अवितान (अशून्य, सर्वसमृद्धियुक्त) थे, सचित्र होने पर भी विचित्र (अनोखे) थे और विशाल (विस्तीर्ण) होने पर भी भूरिशाल (प्रचुर प्रकोष्ठोंवाले) थे। जिस

द्वारका के भवनों की कपोलपालियों पर कृत्रिम पक्षीओं की पंक्तियाँ थी। जिस द्वारका की स्त्रियाँ भूमि में रहती हुई भी अपने मुखकमलों की सुन्दरता से चन्द्रमा को तिरस्कृत कर देती थी। जिस द्वारका में युवक लोग अपनी प्रियाओं के साथ छतों के ऊपर बने हुये हवादार छज्जों पर बैठकर आनन्द लेते थे। क्योंकि वे छज्जे रमणीय और पताकाओं से सजे हुये थे । जिस द्वारका में लोग सीधे कीचडरहित बडी दूर तक पहुँचनेवाले, लम्बे मार्गों को तथा कपटरहित, निष्कलुष, मर्यादा को न छोडनेवाले तथा अच्छे भविष्यवाले सदाचार के मार्ग को कभी भी नही छोडते थे। जिस द्वारका में एक दूसरे के सौन्दर्य की स्पर्धा करनेवाले श्रेष्ठ रूपोंवाली नगर की स्त्रियाँ का निर्माण करके विधाताने अपने उस अपवाद के सदा के लिए मिटा दिया, जो कि लक्ष्मी को बनाने पर 'घुणाक्षर न्याय से बन पडा' ऐसा लोगों से उन्हे मिला था। कल्पवृक्ष उतना ही फल देते हैं जितना कि मनसे सोचा जा सकता है किन्तु द्वारकावासियों की जो सम्पत्ति है उसकी तो मनसे कल्पना ही नहीं हो सकती। जिस द्वारका को न तो समग्र विद्याओं (६४ कलाओं) को धारण करते हुये, चूना पूते महलों की सी अपनी श्वेत कान्तिसे दिशाओं को चमकीली बनाते हुये, रेवती के पति और रोहिणी पुत्र बलरामजी ही छोडना चाहते थे और न संपूर्ण (१६) कलाओंवाला, चूने सी सफेद अपनी चाँदनी से दिशाओंको मासित करनेवाला, रेवती नक्षत्र का पति एवं रोहिणीश चन्द्रमा ही छोडना चाहता था। मन्द-मन्द वायुओं द्वारा सेवित हुए श्रीकृष्ण द्वारा चिरकाल तक अधिष्ठित हुई तथा उठती किरणोंवाले रत्नांकुरों के स्थानभूत समुद्रमें स्थित जो द्वारका, शिवों (=रुद्रो) तथा मरुतों (=एतन्नामक ४९ देवताओं) द्वारा सेवित इन्द्र द्वारा चिरकालतक अधिष्ठित उठती किरणोंवाले रत्नांकुरों के स्थानभूत मेरुपर्वत पर स्थित अमरावती को ललकार रही थी।

इस प्रकार कविश्री माघ द्वारा निरूपित द्वारावती के मनोहर, अलंकृत और अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन द्वारा वहाँ के नागरिकों की समृद्धि और विलासमयता की अच्छी झांकी मिल जाती है। साथ ही इस नगरी की भौतिक, सांसारिक, सांस्कारिक समृद्धि, नारीप्रतिभा तथा प्रणयजीवन का परिचय होता है।

हमारे कवि माघ बताते हैं कि अतुल पराक्रमवाले भगवान् श्रीकृष्ण इस प्रकार उस द्वारकानगरी को देखते हुए सामने की उस प्रतोली (रथ्या, गली) में आये जो, वज्रकी चमक से देवताओं के अस्त्र जिसमें चमक रहे हों ऐसी देवसेना की भाँति दूसरों से अलङ्घ्य थी। जैसे पद्मनाभ विष्णुकी देहसे समग्र प्रजायें उत्पन्न होती है, जैसे शिवजी के जटाजूट से गङ्गाजल प्रवाहित होता है और जैसे ब्रह्माजी के मुख से वेद निकलते हैं ऐसे ही द्वारका नगरी से भी श्रीकृष्ण की सेनाएँ बाहर निकली। नगर से बाहर निकलने पर श्रीकृष्णने समुद्र के पार हरे- हरे पत्तों के ढेरवाली वनपंक्तियों को देखा जो कि हजारों तरङ्गों से प्रतिक्षण किनारे पर फेंके जाते हुये सेवारके ढेर सी दीख रही थी। द्वारका का आयात और निर्यात पर्याप्त उन्नति पर था। इस भाव को प्रदर्शित करते हुए कवि कहते हैं कि द्वीपान्तरों से आये हुए व्यापारी बहुत सी वस्तुओं को द्वारका में बेचकर पर्याप्त लाभ कमाये और द्वारका से प्रचुर पदार्थों को खरीद कर अपने देशों को ले जा रहे थे, यह देखकर श्रीकृष्णने उनकी प्रशंसा की। समुद्र के भीतर उछलने की इच्छा करते हुए बडे बडे सर्पोंने श्रीकृष्ण की भक्ति से जैसे, पताकाओं की तरह श्वासवायु से जलों को खूब ऊँचा उठाया। प्रलयकाल के एकमात्र सखा और गोदों की शय्या पर शयन करनेवाले उस भगवान को आये हुए देखकर समुद्र अत्यन्त हर्ष से ऊँची तरङ्गरूप हाथों को फैलाकर जैसे स्वागत के लिए आ रहा था। जलकी फुहारों से भरा तथा इलायची की लताओं को हिलाने से उनकी गन्धवाला

वायु, समुद्र के किनारे चलते हुए उस श्रीकृष्ण के पसीनों को प्रतिक्षण पोंछ देता था। लौंग (लवङ्ग) की मालाओं से अपने अलंकार बनाते हुये, नारियल के अन्दर का जल पीते हुए तथा हरी हरी सुपारी का स्वाद लेते हुए वे सैनिक समुद्र से अतिथि का सत्कार जैसे पा रहे थे ।

निज कृति के चतुर्थ सर्गमें कविश्री माघने उपजाति, वसन्ततिलका, पुष्पिताग्रा द्रुतविलम्बित, शालिनी, पथ्या, जलधरमाला, वंशस्थ, कुररीरुता, मत्तमयूर, दोधक, रथोद्धता, वंशपत्रपतित आदि छंद वैविध्य से द्वारावती के समीप स्थित रैवतक पर्वत (वर्तमान नाम गिरनार) का अद्भूत वर्णन किया है। कविने इस पर्वत की विष्णु के साथ कल्पना करते हुए –

सहस्रसंख्यैर्गगनं शिरोभिः पादैर्भुवं व्याप्य वितिष्ठमानम् ।
विलोचनस्थानगतोष्णरश्मिनिशाकरं साधु हिरण्यगर्भम् ।।

शिशु. ४/४ यहाँ रैवतक गिरि को हजारों शिखर तथा हजारों चरणों (पर्वत की तलहटी, निम्नभाग) वाला, सूर्य और चन्द्ररूपी नेत्र धारण करनेवाला, भूगर्भ में उत्तम धातुओं से युक्त बताया है। ऋग्वेद के पुरुषसूक्त (१०.१०) के मन्त्र-

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् ।
स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ।। (ऋग्वेद – १०/९०/१)

का प्रभाव यहाँ दृष्टिगोचर होता है। रैवतक पर्वत की प्रातःकालीन सुषमा के वर्णन में अपनी अलौकिक प्रतिभा के बल पर माघ की कल्पना आकाश- पाताल को एक कर रही है। कवि कहते हैं –

उदयति विततोर्ध्वरश्मिरज्जावहिमरुचौहिमधाम्नि याति चास्तम्।
वहति गिरिरयं विलम्बिघण्टाद्वय-परिवारितवारणेन्द्रलीलाम्।।

शिशु. ४/२०.

ऊपर फैले हुए रज्जुरूपी किरणों से युक्त सूर्यनारायण रैवतक के एक ओर उदय हो रहे हैं और दूसरी ओर चन्द्रमा अस्त हो रहे है । जान पडता है कि यह रैवतक पर्वत उस गजेन्द्र की शोभा धारण कर रहा है, जिसके दोनों ओर घंटे लटक रहे हो। इस कल्पना पर मुग्ध होकर प्राचीन समालोचकोंने माघ को 'घण्टामाघ' कहा है। वास्तवमें यह कल्पना कवि के उर्वर मस्तिष्क की मनोहर उपज है। रैवतक पर्वत पर स्थित पक्षियों के कूजन करने पर कविने कया ही सुन्दर उत्प्रेक्षा की है –

अपशङ्कमङ्कपरिवर्तनोचतारश्चालिताः पुरः पतिमुपैतुमात्मजाः ।
अनुरोदितीव करणेन पत्रिणां विरूतेन वत्सलतयैष निम्नगाः ।।

शिशु. ४/४७

पहाडी नदियाँ कल-कल करती हुई बह रही है। ये निडर होकर उसकी गोदीमें लोट-पोट किया करती है। अतः वे रैवतक की बेटियाँ हैं। आज वे अपने पति समुद्र से मिलने के लिए जा रही है, इस कारण रैवतक चिडियों के करुण स्वर के द्वारा, जान पडता है कि प्रेम के कारण रो रहा है। कन्या के पतिगृह जाने के समय पिता का हृदय पिघल जाता है, वह कितना भी कठोर हो, द्रवीभूत अवश्य हो जाता है। अतः रैवतक भी पक्षियों के करुण स्वर से कन्याओं के लिए रो रहा है।

पंचम सर्ग में शिविर का वर्णन, छठ्ठे सर्ग में कविने रैवतक गिरि पर वसन्त आदि ऋतुका वर्णन, सप्तम सर्गमें रैवतक गिरि पर श्रीकृष्ण का वन विहार, अष्टम सर्गमें जलविहार, नवम सर्गमें सूर्यास्त और सन्ध्याकालीन प्राकृतिक सौन्दर्य, दसवें सर्गमें रतिक्रीडा का वर्णन तथा ग्यारहवें सर्गमें प्रभात का वर्णन करते रैवतक गिरि पर किये निवास के विषयमें अनेक सर्गों आलेखन किया है।

'शिशुपालवध' के उपरान्त पुराण साहित्यमें, गर्ग संहितामें, महाभारतमें और अन्य ग्रन्थोंमें द्वारिका नगरी का सुदीर्घ वर्णन प्राप्त होता है।
'द्वारकाप्रलय' नामक पुस्तक में कवि न्हानालाल ने श्रीकृष्ण द्वारा कहा है:

દ્વારકા મારી છે ને મારી રહેશે, કાળની કૃપાણ છેદશે નહીં અમને,
દ્વારકા ના શિખરે છું, હૈયામાં છું, ડૂબશે તોયે દ્વારકા છે સનાતન.

सन्दर्भग्रन्थाः

१. **ऋग्वेदसंहिता -** सम्पादकः = श्रीपाद दामेदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, चतुर्थ संस्करण

२. **समराङ्गणसूत्रधारः -** सम्पादकः = डॉ. श्रीकृष्ण जुगनूँ, डॉ. भेंवर शर्मा, चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी-२०११

३. **शिशुपालवधम् -** सम्पादकः=श्रीरामलाल शर्मा, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी

४. **Culture of Cities**
सम्पादकः = Lewis Mumford, Harvest Books, Harcourt Brace & Company

५. **The Periplus of The Erythrean Sea**
सम्पादकः = Wilfred Harvey Schoff, Forgotten Books, London

❀❀❀

समराङ्गणसूत्रधार ग्रन्थानुसार नगरनिर्माणे मार्गव्यवस्था

डॉ. हेमुबेन राठोड
एन. एस. पटेल आर्ट्स कोलेज
आणंद, गुजरात।

वास्तुशास्त्र में ज्योतिष, भूगर्भविद्या, भूगोल इत्यादि शास्त्रों का सन्निवेश किया गया हैं। वैसे तो वास्तुशास्त्र सर्वव्यापक विज्ञान है। वास्तुशास्त्र एक व्यापक, सामाजिक और सर्वजनहिताय दृष्टिकोण माना जाता है। मानव जीवन में पशु और वनस्पति का बहुत बडा महत्त्व रहा है। उसके बीना मानव जीवन असंभव जैसे लगते हैं। इसलिए जिस भूप्रदेश पर वनस्पति का बहुधा विकास हुआँ हो, हरे-भरे घनघोर वृक्ष हो, वनोपवन हो, स्थल का धार्मिक महत्त्व हो, विविध लता वनराजी हो, तथा जहाँ जलाशय अधिक हो, नदी किनारा, कृषिउद्योग, पुष्प, फलादि का प्रचुर मात्रा में उत्पादन हो सके, नगर में भवन, गृह इत्यादि निर्माण के लिए वास्तु निर्माण द्रव्य लकडी, मीट्टी आदि अनिवार्य द्रव्य की पूर्ति के लिए बहुत मात्रा में वृक्ष जैसे कि साग, शाल, शीशम, अर्जुन आदि वृक्षयुयत घनघोर जंगल हो जहाँ से गृह, भवन निर्माण कि लिए वास्तुद्रव्य सहजता से प्राप्त हो सके ऐसे भू-प्रदेश में नगरनिर्माण करके मानव निवास करे तो वहाँ मानवजीवन का संपूर्ण विकास हो सकता है। इसलिए ऐसे भू-प्रदेश को नगर निर्माण के लिए उत्तम मानकर वहाँ नगरनिर्माण करना चाहिए। एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन करने के लिए भू-पृष्ठ पर बनी रचना को मार्ग, पथ, सडक, रथ्या, राजमार्ग आदि की संज्ञा दी जाती है। प्राचीन ग्रंथों के आधार पर कहा जा सकता है कि यहाँ शासक वर्ग पुरातन काल से ही इस प्रशासकीय कर्तव्य की ओर पर्याप्त ध्यान देते आये है। वेदों में भूमि, समुद्र और अंतरिक्ष में आवागमन के साधन के रूप में रथादि वाहन निर्माण संबंधी मार्ग प्रकल्पन का उल्लेख

स्वत: ही हो जाता है। ऋग्वेद, १.२०.३, १.३४.२, ४.४.१०। रामायण में बालकाण्डड वाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड-सर्ग-६९। तथा

अयोध्याकाण्ड वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकाण्ड-सर्ग-१६,७१,८० में अनेक स्थलों पर अड जुते हुए रथ तथा मार्ग निर्माण की विधियों का वर्णन प्राप्त होता हैं।

समराङ्गणसूत्रधार ग्रन्थकर्ता तथा गन्थ का संक्षिप्त परिचय :-

संस्कृत साहित्य जगत में भोजराज का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। उदयपुर प्रशस्ति के अनुसार इसका राज्यशासन कैलाश से मलय पर्वत तक फैला हुआ था। राजा भोज अत्यंत पराक्रमी, शूरवीर होने के साथ-साथ संस्कृत और साहित्य का भी बडा अनुरागी, स्वयं विद्वान् और पंडितों का प्रशंसक था। कवियों की प्रशंसा में उनके एक अक्षर पर एक लक्ष सुवर्णमुद्रा दान करने वाला अत्यंत दानवीर राजा था। धारानरेश महाराज भोज ने विविध शास्त्रों के अमूल्य गन्थों की रचना की है। जिसमें ज्योतिषशास्त्र, योगशास्त्र, धर्मशास्त्र, शिल्पशास्त्र, वैद्यक, कोश, शैवसिद्धान्त, संगीतशास्त्र, अडशास्त्र, काव्य तथा व्याकरण इत्यादि। जिसमें शिल्पशास्त्र के समरा'णसुत्रधार तथा युयितकल्पतरु दो महत्त्वपूर्ण ग्रंथ रहे है।

समराङ्गणसूत्रधार ग्रन्थ में भूपरिग्रह, भूसंग्रह, भूपरीक्षा इत्यादि विषयों का सुंदर प्रकार से विस्तृत वर्णन किया गया है। नगरनिर्माण जहाँ जल सहजता से प्राप्त हो सके वहाँ करना चाहिए। इससे फलित होता है कि वास्तुयोजना में जल का विचार प्रप्रथम किया जाता है। प्राचीन काल से जल के साथ- साथ नगर में मार्ग-योजना नगर निर्माण के अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अनिवार्य अंग रहा है।

नगरादि संज्ञा :-

नगर, मन्दिर, दुर्ग, पुष्कर, निवास, सदन, सद्म, क्षय, क्षितिलय इत्यादि नगर के पर्याय है। जिससे नगर का विकास सुचित होता है। तथा

यत्रास्ते नगरे राजा राजधानीं तु तां विदुः।
शाखानगरसञ्ज्ञानि ततोऽन्यानि प्रचक्षते॥

समराङ्गण-सूत्रधार १८.२

जिस नगर में राजा रहते हैं, उस नगर को राजधानी कहते हैं और अन्य नगर शाखा नगर से जाने जाते हैं। शाखा नगर को ही कर्वट कहते हैं। कर्वट से कुछ कम गुणों वाले नगर को निगम कहते हैं। निगम से कम ग्राम, ग्राम से कम गृह होता है। गोकुलों के निवास को गोष्ठ कहते हैं। छोटेगोष्ठ को गोष्ठक कहते हैं। राजाओं का जहाँ उपस्थापन होता है, उसको पत्तन कहते हैं। जो पत्तन बहुत फैला हुआँ हो और वैश्यो से युयत हो उसे पुटभेदन कहते हैं। जहाँ पर पत्तो, शाखाओं, तृणों एवं उपलों से कुटिया बनाकर पुलिन्द लोग रहते हैं, उसको पल्ली कहते हैं। छोटी पल्ली को पल्लीका कहते हैं। नगर को छोडकर बाकी सब जनपद कहलाते हैं ओर नगर को मिलाकर संपूर्ण राष्ट्र को देश अथवा मंडल कहते हैं।

समराङ्गणसूत्रधार ग्र्न्थ में पुरनिवेश :-

राजा भोज के मतानुसार पुरस्य त्रिविधस्यापिड समराङ्गणसूत्रधार १०.१ पुर अर्थात् नगर तीन प्रकार के होते हैं। ज्येष्ठनगर, मध्यमनगर, कनिष्ठनगर। नगर के ये तीनों प्रकार नगर के मान-प्रमाण पर आधारित है।

ज्येष्ठ नगर :-

ज्येष्ठं तत्र चतुश्चापसहस्त्रं पुरमिष्यते। समराङ्गणसूत्रधार १०.२

ज्येष्ठ नगर का प्रमाण ४००० चाप के व्यास से कहा गया है। विस्तार व्यास के अष्टमभाग अर्थात् ५०० चाप तथा आकार चतुरस्त्र करना चाहिए।

मध्यमनगर :-

मध्यमं द्वाभ्यां सहस्त्रभ्याम्...। समराङ्गणसूत्रधार १०.२

मध्यमनगर का प्रमाण २००० चाप के व्यास से करना चाहिए। तथा विस्तार व्यास का चतुर्थ भाग अर्थात् ५०० चाप तथा आकार चतुरस्त्र करना चाहिए।

कनिष्ठनगर :-

एकेन व्यासतोऽधमम्। समराङ्गणसूत्रधार १०.२

कनिष्ठनगर का प्रमाण १०००० चाप के व्यास से करना चाहिए। विस्तार व्यास का अर्धभाग अर्थात् ५०० चाप तथा अकार चतुरस्त्र करना चाहिए।

प्रत्येक नगर चतु:षष्टि (६४) वास्तुपदमंडलानुसार करना चाहिए तथा आकार चतुरस्त्र होना चाहिए ऐसा भोजराजा अपने युयितकल्पतरुग्रंथ में भी कहते हैं। यथा-

चतुरस्त्रं चतुर्वर्गफलाय पृथिवीपते:। ड युक्तिकल्पतरु, नगरयुक्ति, १४७।

मत्स्यपुराण में भी चतुरस्राकार नगर को शुभ माना गया है। रामायण में बालकाण्ड में अयोध्या तथा महाभारत में सभापर्व में द्वारका नगर के वर्णन में इन दोनों नगरों को आयताकार बताया गया है।

विश्वकर्मावास्तुशास्त्रग्रंथ में

आद्यस्तु निगम: प्रोक्तस्कन्धावारो द्वितीयक:।

द्रोणकस्तु तृतीयस्स्याच्चतुर्थ: कुब्जको मत:॥

पट्टनं पञ्चमं षष्ठं शिबिरस्तु प्रकीर्तित:

सप्तमो वाहिनीमुख:॥ विश्वकर्मावास्तुशास्त्रम्, ८.३८-४०।

ये सात नगरों का वर्णन प्राप्त होता है, जो राजा के द्वारा सेवित है। अन्य बीस नगरों का भी उल्लेख विडकर्मा ने किया है। अपराजितपृच्छा तथा राजवल्लभग्रंथ में भी बीस प्रकार के नगरों का उल्लेख मिलता है तथा मयमतम् ग्रंथानुसार

दिक्षु चतुर्द्वारं गोपुरयुक्तं तु शालाढ्यम्।
क्रयविक्रयकैर्युयतं सर्वजनावाससीर्णम्॥

सर्वसुरालयसहितं नगरमिदं केवलं प्रोक्तम्। मयमतम्, १०.२०-२१ नगर में मार्ग व्यवस्था :-

नगर निर्माण में मार्गों की योजना, उनका सन्निवेश स्थापत्यकला का उत्तम कौशल है। नगर में मार्ग व्यवस्था यातायात के महत्त्वपूर्ण आधारभूत साधन है। यह सञ्चार सुविधा के साथ-साथ नगर में विभिन्न आवासीय भवनों के विभाजन- विन्यास और नगर तथा जनपद एवं दो नगरों के मध्य यातायात द्वारा संपर्क स्थापित करने की दृष्टि से भी परम उपादेय है। तदरियत मार्ग-विनिवेश का एक अन्य उत्कृष्ट प्रयोजन ये भी रहा है कि दिङ्निर्णय के पश्चात् नगरजनों के आरोग्य वृद्धि के लिए तदनुरूप नागरिकों का भवन-विन्यास ऐसे करना चाहिए कि प्रत्येक भवनों के अलिन्द-प्रकोष्ठों में सहजरूप से सूर्य-रश्मिओं तथा स्वच्छ वायु स्वच्छन्दता से विहार कर सके।

नगर में मार्गों की संख्या कितनी करनी चाहिए, इस संबंध में वास्तुविशेषज्ञों नगर का विस्तार के आधारित प्रत्येक नगर में भिन्न-भिन्न संख्या निर्धारित करते हैं। मानसार ग्रंथानुसार नगर में पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर की ओर न्यूनतम एक तथा उसमें वृद्धि करते हुए बारह मार्गों तक प्रकल्पना की है। यथा-

प्राक् प्रत्यग्गतमायामं दक्षिणोत्तरसमन्वि(सं यु)तम्।
एकरथ्यां समारभ्य ए (चै)कैकं(क) वीथिवर्धनात्॥
वीथिद्वादशपर्यन्तं युग्मायुग्मं प्रकल्पयेत्। मानसार, १०.५६-५७

इसी प्रकार मयमतम् ग्रंथ में भी मयमुनि नगर के विभिन्न प्रमाणानुसार क्रमश: सम संख्या में १२-१२, १०-१०, ८-८, ६-६, ४-४, २-२ तथा विषम संख्या में ११-११, ९-९, ७-७, ५-५, ३-३ तथा १-१ मार्ग की कल्पना करते हैं। यथा-

प्रायप्रत्यग्गतमार्गा द्वादश दश वाऽष्टषड्वतुर्युगलम्।
तावदुदीचीनास्ते तत्रैवायुग्मसंख्या वा।।
एकादशनवसप्तकपञ्चगुणा वैकमार्गा वा।
युग्मायुग्मपदेषु द्वयेकत्रिभिरंशकैरजांशा: स्यु:॥

मयमतम्, १०.५२-५३

मयमतम् ग्रंथ में मयमुनि नगर के लिए उपयुक्त वेदिभद्रक तथा भद्रक संज्ञक मार्ग विन्यास का वर्णन भी करते हैं। यथा

प्राङ्मुखवीथ्यस्तिस्रश्चोत्तरमार्गास्त्रयश्चैव॥
एकैकान्तरितास्ते कुट्टिममार्गास्त्वनेकाश्च।
वेदीभद्रमुदितं नगरादीनामिदं शस्तम्॥ मयमतम्, १०.५८-५९

वेदिभद्रक मार्गयोजना अनुसार नगर में तीन-तीन प्रमुख मार्गों के साथ-साथ अनेक कुट्टिम मार्गों (पक्का मार्ग) का विन्यास पूर्व-पश्चिम एवं उत्तर-दक्षिण दिशाओं में किया जाता है तथा भद्रक संज्ञक मार्ग व्यवस्था में पूर्व-पश्चिम एवं उत्तर-दक्षिण की ओर जाने वाले मार्गों की संख्या चार-चार होती है। इनमें ब्रह्मस्थान से निकलने वाला एक मार्ग प्रमुख मार्ग होता है तथा अन्य तीन-तीन मार्ग प्रमुख मार्ग के सहायक मार्ग होते हैं। इस प्रकार मयमतम् तथा मानसार में नगर में पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण की

ओर जाने वाले समस्त मार्गों की संख्या न्यूनतम दो तथा अधिकतम २४ दर्शायी गई है। समरागणसूत्रधार ग्रंथानुसार-

प्राक्प्रत्यगयता: सप्तदश मार्गा इतीरिता:।
याम्योत्तरायतास्तद्वदन्ये स्युस्तत्प्रमाणत:॥

समरागणसूत्रधार, १०.१५

राजाभोज पश्चिम से पूर्व में राजमार्ग, यानमार्ग, महारथ्या, रथ्या, उपरथ्या आदि १७ तथा दक्षिण से उत्तर की ओर जाने वाले १७ मार्गो की कुल संख्या ३४ बताई है। जो की राजाभोज के समय (११वीं शताब्दी) में भी नगरजनों के आवागमन-यातायात की सुविधा के प्रति निरंतर प्रयत्नशील होने का शुभ संकेत है। राजवल्लभग्रंथ में सूत्रधार मण्डन भी कहते हैं कि उत्तमनगर में १७-१७, मध्यमनगर में १३-१३ तथा कनिष्ठनगर में ९-९ मार्गों का सन्निवेश करना चाहिए। तथा ग्राम, खेट, कूट तथा खर्वट में क्रमश: ९,५,३ एवं २ मार्गों का निवेश करने का निर्देश करते है। यथा-

मार्गा: सप्तदशैव चादिमपुरे हीनं चतुर्भि: परम्।
प्रोक्तं कन्यसमेव मार्गनवभिर्दैर्ष्य तथा विस्तरे॥
मार्गा: सप्तदशापञ्चशिखिनो युग्मं पुरात् खर्वटम्....।

राजवल्लभ, ४.९.१४

राजमार्ग :-

नगर में मुख्य मार्ग राजमार्ग होता है। राजमार्ग अर्थात् नगर का बृहद् सबसे बडा मार्ग। समरागंणसूत्रधार ग्रंथानुसार चतुरस्राकार नगर के मध्यवंश पर पूर्व-पश्चिम तथा उत्तर-दक्षिण तक 1-1शुभ राजमार्ग का निर्माण करना चाहिए।

राजमार्ग: शुभ: कार्यो मध्यमं वंशमाश्रित:॥ समराङ्गणसूत्रधार, १०.६

आचार्य कौटिल्य के मतानुसार राजमार्गास्त्रय:....। कौ.अर्थशास्त्र, अधि. २,अ.४, पृ-११० अर्थात् एक ही नगर में तीन राजमार्गों की रचना करनी चाहिए। तथा बाहर से आने के लिए इसी स्थलमार्ग के साथ-साथ जलमार्ग के निर्माण का निर्देश भी प्राप्त होता है। यथा- युयतोदकभूमि .....पथ:। कौ.अर्थशास्त्र, अधि.२,अ.४, पृ-११० इसी प्रकार बृहद् नगरों में नगर के मानानुसार एक से अधिक राजमार्गों की स्थापना भी हो सकती है। राजाभोज के अनुसार नगर के प्रमाणानुसार-

कार्यो ज्यायसि (च) ज्यायांश्चतुर्विंशतिक: करै:।
विंशत्या मध्यमे मध्योऽधमे षोडशकोऽधम:॥

समराङ्गणसूत्रधार, १०.७

ज्येष्ठनगर में २४ हस्त प्रमाण से श्रेष्ठ राजमार्ग होता है। मध्यमनगर में २० हस्त प्रमाण से मध्यम राजमार्ग होता है। कनिष्ठनगर में १६ हस्त प्रमाण से कनिष्ठ राजमार्ग होता है। शुक्रनीति में उत्तम, मध्यम एवं कनिष्ठ नगर में राजमार्ग की चौडाई क्रमश: ३० हस्त, २० हस्त तथा १५ हस्त दर्शाया गया है। यथा-

राजमार्गास्तु कर्तव्याश्चतुर्दिक्षु नृपगृहात्।
उत्तमो राजमार्गस्तु त्रिंशद्धस्तमितो भवेत्॥
मध्यमो विंशतिकरो दशपञ्चकरोऽधम:।
पण्यमागर्ऱ्स्तथा चैते पुरग्रामादिषु स्थिता:॥

शुक्रनीति, १.२६०-६१

वायुपुराणानुसार-धनूंषि दशविस्तीर्ण: श्रीमान् राजपथ: स्मृत: (कृत:)।

वायुपुराण, ८.११४

राजमार्गों की चौडाई १०धनुष होनी चाहिए। राजा, प्रजा तथा चतुरंगीणी सेना के निर्बाध गमनागमन के लिए यह राजमार्ग पयका और

दृढ बनाना चाहिए। मानसार में भी - महामार्गं तु सर्वेषां(र्वासां) वीथीनां कर्करीकृतम्। मानसार, ९.९९ अर्थात् मार्गों पर कंकड कूटकर उन्हें पक्का बनाना चाहिए। विष्णुसंहिता अनुसार पन्थानश्च विशुष्यन्ति सोमसूर्यांशुमारुतैः।

विष्णुसंहिता, अ. २३.

अर्थात् राजमार्गों पर सोम तथा सूर्य कि किरणों तथा वायु सञ्चार के लिये उसका प्रमाण अन्य मार्गों की अपेक्षा ज्यादा होता है। शुक्राचार्य के मतानुसार महानगरों एवं राजधानीनगरों में लघु-लघु मार्गों एवं वीथियों के निर्माण का निषेध है, क्योंकि इससे नगर में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सफाई व्यवस्था में कष्ट होता है। इससे ये स्पष्ट होता है कि प्राचीन समय में भी स्वच्छता के प्रति बहुत सजाग थे। राजमार्ग का प्रमाण बृहद् रखने से यातायात की सुविधा सुगम होती है। शुक्रनीति अनुसार राजमार्गो कूर्मपृष्ठा मार्गभूमिः कार्य्या..। शुक्रनीति, १.२६६ अर्थात् राजमार्गों मध्यभाग में उन्नत निर्मित करना चाहिए। राजमार्गों इसी प्रकार मध्य में उन्नत करने से उस के उपर जल सञ्चय नहीं होता था। इन मार्गों के पार्श्वभागों में जलनिर्गम के लिए नालियाँ बनाई जाती थीं। समरांगणसूत्रधार ग्रंथानुसार—

जलभ्रमान् पुरे कुर्याच्छिलादारुतिरोहितान्।
द्विकरान् करमात्रान् वा साम्भसोऽस्मिन् प्रदक्षिणान्॥

समरांगणसूत्रधार, १०.५२

नगर में जलभ्रमों का संन्निवेश अनिवार्य है, उसका प्रमाण २ हस्त या १ हस्त होना चाहिए। जलभ्रमों को शिलाओं अथवा काष्ठपट्टिकाओं से सदैव आवृत्त करना चाहिए। जिसे नालियों में कूडा-कचरा नही गिरता तथा कोई जान हानि भी न हों।

महारथ्या :-

राजमार्ग के निर्माण के बाद महारथ्याओं का निवेश नगर में करना चाहिए। समरांगणसूत्रधार अनुसार-

महारथ्याद्वयं कार्यं तदुपान्तस्थवंशयोः ।

तद् द्वादश दशाष्टौ स्यात् करान् ज्येष्ठादिकं त्रिषु ॥

नगर में राजमार्ग के पास बाजू वाले दोनों वंशों पर पूर्व-पश्चिम तथा उत्तर-दक्षिण १-१ महारथ्याओं का निर्माण करना चाहिए। दोनों महारथ्याओं ज्येष्ठनगर में १२ हस्त, मध्यमनगर में १० हस्त और कनिष्ठनगर में ८ हस्त प्रमाण से करना चाहिए।

यानमार्ग :-

नगर के अभ्यन्तर प्रदेश में यानों का सञ्चरण सरलतया सुगमतया हो इसलिए नगर में यानमार्गों की स्थापना करनी चाहिए। समरागंणसूत्रधार ग्रंथ में राजा भोज निर्देश करते हैं -

पदमध्यगतं कार्यं यानमार्गचतुष्टयम् ।

ज्येष्ठादिषु पुरेष्वेषु तत्पद्यं च चतुःकरम् ॥

समरांगणसूत्रधार, १०.१०

महारथ्या के पार्ड में पद के मध्यभाग में पूर्व-पश्चिम तथा उत्तर-दक्षिण २-२ यानमार्गों का निर्माण करना चाहिए। ज्येष्ठनगर, मध्यमनगर, कनिष्ठनगर तीनों नगरों में 4 हस्त के प्रमाण से यानमार्गों का निवेश करना चाहिए। तथा

यानमार्गचतुष्कस्य कार्यौं पार्डद्वयाश्रितौ ।

पदाष्टकपदान्तस्थौ द्वौ द्वौ जापथावपि ॥

समरांगणसूत्रधार, १०.१२

यानमार्गों के दोनों पार्डों में पदाष्टक- पदान्तस्थ दो-दो जापथ का निर्माण करने का निर्देश राजा भोज करते हैं। जिससे नगर में पदातियों यानमार्गों पर सुगमतया सञ्चरण कर सके। इन्हें आधुनिक अंग्रेजी भाषा में 'फूटपाथ' कहते हैं। आज के आधुनिक काल में प्राय: सभी बृहत् मार्गों पर मार्गों के दोनों ओर जनपथ की स्थापना निश्चित रुप से होती है। राजा भोज के मतानुसार जापथ का प्रमाण

पुरे ज्येष्ठे त्रिहस्तौ तौ मध्यमेऽर्धकरोज्झितौ।
मध्यमादर्धहस्तेन हीनौ स्यातां कनीयसि॥

समरांगणसूत्रधार, १०.२३

ज्येष्ठनगर में जापथ का प्रमाण तीन हस्त, मध्यमनगर में अर्ध हस्त न्यून अर्थात् ढाई हस्त, कनिष्ठनगर में मध्यम से अर्ध हस्त कम यानि दो हस्त प्रमाण से होना चाहिए।

घंटामार्ग :-

पुरस्यान्तगर्तौ कार्यौ घण्टामार्गौं तथापरौ।
राजमागगुणोपेतौ प्रमाणेन च तद्विधौ॥

समरांगणसूत्रधार, १०.१४

राजा भोज ने नगर निवेश में मार्ग निर्माण विषयान्तगर्त नगर के भीतर दो और मार्गों घंटामार्गों का निर्माण करने का निर्देश दिया है। घण्टामार्ग गुण और प्रमाण में राजमार्ग के समान होना चाहिए ऐसा समरागंणसूत्रधार ग्रंथकार कहते हैं॥ इसकी योजना के सम्बन्ध में यह कह सकते हैं कि ये नगर की परिधि या प्रकारभित्ति से मिले हुए हों। इस प्रकार घण्टमार्ग नगर के चारों ओर फैले हुए है। आधुनिक समय में इन्हें 'रींग रोड'कहते हैं।

उपरथ्याँ -रथ्याँ:-

समरागंणसूत्रधार ग्रंथ में भोज राजा ने नगर के आन्तरिक भागों को एक दूसरे से जोडने के लिए नगर के अंदर उपरथ्याओं तथा रथ्याओं का सन्निवेश का अनिवार्यरूप से करने का निर्देश दिया है। राजा भोज के अनुसार उपरथ्याओं का प्रमाण

उपरथ्या महामार्गस्यार्धं वा द्विशयाधिकम्। समरांगणसूत्रधार, १०.११

महामार्ग से अर्ध (१/२) अथवा अर्ध से २ हस्त अधिक मात्रा से उपरथ्याओं का प्रमाण बताया है। उसी प्रमाण से नगर में उपरथ्याओं का निर्माण करना चाहिए। तथा रथ्याओं

शेषा रथ्यास्तदर्धेन विधातव्या: प्रमाणत: ॥

समरांगणसूत्रधार, १०.११

शेष रथ्याओं का सन्निवेश नगर में महारथ्या के प्रमाण से अर्ध (१/२) प्रमाण से करना चाहिए। उपरथ्याओं एवं रथ्याओं का ही नगर के आन्तरिक विनिवेश में महत्त्वपूर्ण योगदान होता है और नगर को विभिन्न विभागों में विभाजित करते हैं।

उपसंहार :-

नगर नियोजन में मार्ग योजना स्थापत्य कला का उत्कृष्ट नमूना है। समरांगणसूत्रधार ग्रंथ में मान और प्रमाणानुसार तीन नगरों की निर्माण विधि का वर्णन विस्तृत रूप से राजाभोज ने किया है। नगरनियोजन में मार्गयोजना स्थापत्य कला का एक उत्कृष्ट नमूना है। मार्ग यातायात या आवागमन का आधारभूत साधन है। एक स्थल को दूसरे स्थल से जोडने की महत्त्वपूर्ण कडी मार्ग ही तो है। भारतीय वास्तुशास्त्रीय ग्रंथों में नगरनिर्माणान्तर्गत नगर में मार्गव्यवस्था का सुचारु रूप से आयोजन का बहुत सुंदर निर्देशन किया गया है। जिस नगर में नागरिकों के सुगमतया सरलतया आवागमन तथा यातायात के लिए सुन्दर मार्गों का नियोजन हो

उस नगर का तथा नगर निवासियों का विकास शीघ्रता से होता है। राजा भोज ने एक आदर्श नगर में यानादि तथा पदातिओं के सुखपूर्वक सञ्चरण के लिए भिन्न-भिन्न मार्गों के निवेशन का निर्देश किया है। इस निर्देश के ये स्पष्ट होता है कि प्राचीनकाल में भी मार्गों पर भीड जमा न हो जाय इसका भी प्रयत्नपूर्वक ध्यान रखा जाता था। समरांगणसूत्रधार ग्रंथ में प्रदत्त मार्ग निवेश योजना में राजमार्ग, महारथ्या, यानमार्ग, उपरथ्या, रथ्या तथा जनपथ आदि के विन्यास विषयक वर्णन भोजराज में सुंदर सरल युयित से विस्तृतरूप से किया है। वहीं वर्णन मानसार, मयमतम्, कौटिलीय अर्थशास्त्र, शुक्रनीति तथा विभिन्न पुराणों में भी उपलब्ध है। आधुनिक युग में भी जनपथ, घण्टामार्ग, राजमार्ग इत्यादि का निर्माण होता ही है। उपरोयत मार्ग-व्यवस्था आधुनिक समय में भी उतनी ही उपयुयत है जितनी प्राचीन काल में थी। उसी प्रकार से इस समय में भी नगर में मार्गों की स्थापना करने से नगर में कभी भीड जमा होने का प्रश्न ही उपस्थित नही होगा। जो आजकल की सब से बडी समस्या है। प्रयत्नपुर्वक बुध्धि से शुभ, प्रशस्त, सुन्दर नगर और नगर के सभी अङ्गो का वास्तुशास्त्र के नियमानुसार निर्माण करना चाहिए। जिसमे रहने वाली हरेक व्ययित दीर्ध काल पर्यन्त सर्व प्रकार के सुख, शान्ति, ऐश्वर्य, दिर्घायु, कीर्ति, यश इत्यादि सर्व सुखों की प्राप्ति करके उसका उपभोग कर सके।

सन्दर्भ ग्रन्थसूचि

१. समराङ्गणसूत्रधार महाराजा भोज, सं - डॉ. श्रीकृष्ण जुगनूँ, प्रो. भँवर शर्मा, चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी।

२. मयमतम् - मय, सं. डॉ. शैलजा पांडेय, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।

३. राजवल्लभवास्तुशास्त्रम्, सूत्रधार मण्डन, सं.- डॉ. श्रीकृष्ण जुगनूँ, परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली।

४. शुक्रनीति- महर्षि शुक्राचार्य, सं. जगदीशचन्द्र मिश्र, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।

५. मानसार- प्रसन्न कुमार आचार्य, लॉ प्राइस् पब्लिकेशन्स, दिल्ली।

६. वायुपुराण- सं. ब्रजमोहन चतुर्वेदी, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली।

७. कौटिलीय अर्थशास्त्र सं. वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी।

८. विश्वकर्मावास्तुशास्त्रम् विश्वकर्मा, सं. -के. वासुदेव शास्त्री, सरस्वती महल पुस्तकालय, तन्जौर।

९. युक्तिकल्पतरु- महाराजा भोज, सं. पं. ईश्वरचन्द्र शास्त्री, श्री सदाचरण काव्यविनोद, दर्शन विद्यालय, कॉलकता।

१०. ऋग्वेद- महर्षि दयानन्द सरस्वती, सार्वदेशिक आर्यप्रतिनिधिसभा, नई दिल्ली।

११. वाल्मीकि रामायण कट्टी श्रीनिवास शास्त्री, परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली।

संस्कृतवाङ्मयानुसारं नगरे जलव्यवस्था

डो. ललितकुमारः पटेलः
आसि.प्रोफ़ेसर
संस्कृतभवनम्, एस.पी. युनिवर्सिटी, वल्लभविद्यानगरम्।

जलमेव जीवनमिति बहुशः श्रूयते उच्यते च सर्वैः सम्प्रति। भोजनं विना प्रायः दिनद्वयं दिनचतुष्टयं वा जीवितुं शक्यते किन्तु जलं विना प्राणिनः म्रियन्ते एव। ऋग्वेदे कथितं यत् जलेन सृष्टेः जन्म भवति[१]। जलाय ऋग्वेदे प्रार्थना कृतास्ति यत् जलम् अस्माकं कल्याणाय भवतु पानाय भवतु स्नानाय च भवतु[२]। वयं जानीमः यत् जलेन एव कृषिः अन्नम् औषधं जीवनोपयोगि सर्वं द्रव्यं च सम्भवति। अतः जलं सर्वथा रक्षणीयम्। वेदेषु अन्यग्रन्थेषु च जलस्य अतीव महिमा दृश्यते।

सम्प्रति वयं पश्यामः जलस्य दुरुपयोगेन कीदृश्यः समस्याः जायमानाः सन्ति। सर्वत्र जलं सुलभं नास्ति। किमेषा समस्या अधुना एव उत्पन्ना वा पुरातने कालेऽपि आसीत्? प्राचीने काले नगरेषु जलव्यवस्था कथं क्रियते स्म? जलसंरक्षणाय, नगरजनेभ्यः सुलभतया जलप्राप्तये च संस्कृतवाङ्मये अनेके उपायाः व्यवस्थाश्च प्रतिपादिताः सन्ति। विविधाः वाप्यः कूपाः तडागाश्च नगरे जलव्यवस्थायै भवन्ति। संस्कृते केचन ग्रन्थाः नगरसम्बन्धिनः सन्ति तेषु एतद् वर्णनं प्राप्यत एव, तदतिरिच्य महाभारतादिषु अपि स्थाने स्थाने नगरव्यवस्थानां वर्णनं प्राप्यते। अत्र वयं पश्यामः यत् नगरे जलव्यवस्थायै संस्कृतवाङ्मये के उपायाः वर्णिताः सन्ति इति।

---

१ आपो जनयथा च नः। ऋग्वेदः १०\९\३

२ शन्नो देवि रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये।
शं योरभि स्रवन्तु नः॥ तत्रैव १०\९\४

- **नगरम्**

नगा इव प्रासादादयो भवन्ति यत्र तत् नगरम्[३] इति व्युत्पत्त्या ज्ञायते नगरे बृहन्ति भवनानि भवन्ति। बहुलोकवासस्थानं नगरम् उच्यते। अमरकोशे नगरस्य पर्यायाणि सप्त नामानि प्रदत्तानि सन्ति – पूः, पुरी, नगरी, पत्तनम्, पुटभेदनम्, स्थानीयम्, निगमः[४] इति। भोजराजविरचिते समराङ्गणसूत्रधारे नगरस्य पर्यायाणि दश नामानि सन्ति – नगरम्, मन्दिरम्, दुर्गम्, पुष्करम्, साम्परायिकम्, निवासः, सदनम्, सद्म, क्षयः, क्षितिलयः[५] इति। इत्थम् अनेकानि नामानि नगरस्य पर्यायाणि वर्तन्ते। समराङ्गणसूत्रधारे नगरस्य त्रयः प्रकाराः निर्दिष्टाः सन्ति – ज्येष्ठम्, मध्यमम्, अधमम्[६] इत। अन्येषु राजवल्लभ-वास्तुरत्नावली-विश्वकर्मवास्तुशास्त्रादिषु ग्रन्थेष्वपि नगरपर्यायनामानि नगरप्रकाराश्च निरूपिताः सन्ति तदत्र विस्तरभयात् न लिख्यते। प्रकृतं विषयमनुसृत्य नगरे जलव्यवस्थायै के के उपायाः एतेषु ग्रन्थेषु निरूपिताः सन्ति इत्येव अत्र निरूप्यते।

- **जलाशयनिर्माणस्य माहात्म्यम्**

जलस्य महिमा गुणाश्च वेदेषु पुराणादिषु च सन्त्येव किन्तु जलाशयनिर्माणस्यापि कश्चन महिमा विद्यते। विष्णुधर्मोत्तरपुराणे कथितमस्ति यत् “विपश्चित् पुरुषः जलाशयस्य निर्माणं कुर्यात्। कूपस्य निर्माणेन अग्निष्टोमस्य तथा सरोवरस्य निर्माणेन अश्वमेधस्य फलं प्राप्यते। यः जलाशयं निर्माति सः सर्वविधं सुखं प्राप्नोति”[७] इति। राजवल्लभेऽपि

---

[३] शब्दकल्पद्रुमः।

[४] अमरकोशः २\२\१\१\३

[५] समराङ्गणसूत्रधारः १८\१

[६] तत्रैव १०\१

[७] विष्णुधर्मोत्तरपुराणम् ५०\४१-४२-४३

जलाशयनिर्माणस्य माहात्म्यम् इत्थं भणितं “यः गोः पदेन समानं लघ्वपि सरः निर्माति तस्य जन्म सफलम्। स इह सर्वान् भोगान् प्राप्य षष्टिसहस्रं वर्षाणि स्वर्गस्य सुखानि भुङ्क्ते”[८] इति। प्रासादमण्डनेऽपि उक्तं यत् जलाशयः वृक्षाणां जन्तूनां च जीवनमस्ति। यः जलाशयं निर्माति सः पृथिव्यां सर्वविधं सौख्यं प्राप्य स्वर्गसुखं प्राप्नोति”[९] इति। इत्थमनेकस्थानेषु जलाशयनिर्माणस्य महत्त्वं फलं च प्रतिपादितमस्ति। जलाशयनां निर्माता पुण्यं सौख्यं स्वर्गं च लभते। जलाशयनिर्माणेन यशःप्राप्तिरपि भवति। धनिकाः श्रेष्ठिनः वणिजश्च जलाशयान् निर्माय स्वनाम्नः कुट्टिमानि तत्र संस्थाप्य यशः प्राप्नुवन् लभन्ते च।

- **जलाशयार्थं योग्यं स्थानम्**

जलाशयनिर्माणस्य महिमा तु महान् वर्तत एव किन्तु यत्र कुत्रापि जलाशयं निर्मातुं न शक्यते। जलाशयार्थं योग्यं स्थानम् अपेक्षितं भवति। विश्वकर्मवास्तुशास्त्रे कथितं यत् “यत्र पातुं योग्यं स्वादु जलं सततं स्रवति तत्र परीक्षणं कृत्वा जलाशयः निर्मातव्यः”[१०] इति। अपरीक्ष्य कृते जलाशये समयस्य बलस्य च हानिर्भवति। अपराजितपृच्छायां लिखितं यत् “नगरस्य अन्तः नगराद् बहिश्च विविधाः जलाशयाः निर्मातव्याः। क्वचित् वापी क्वचित् कूपः क्वचित् तडागः क्वचित् कुण्डः, यथायोग्यमेतेषां निर्माणं विधेयम्”[११]

---

८ चिरं कृतं जीवनमेव येन तद् गोपदेकेन समं पृथिव्याम्।
स षष्टिसंख्यं च सहस्रवर्षं स्वर्लोकसौख्यान्यखिलानि भुङ्क्ते॥ राजवल्लभः ४\३५

९ जीवनं वृक्षजन्तूनां यो निर्माति जलाशयम्।
दत्ते वा लभते सौख्यं स्वर्गे लोके च मानवः ॥ प्रासादमण्डनम् ८\१५

१० यत्र स्वादुजलस्रावः सततं स्थितिभग्भवेत्।
परीक्ष्य तत्र कर्तव्यं वापी-कूपादिकं मतम् ॥ विश्वकर्मवास्तुशास्त्रम् ३३\१

११ पुरस्य बाह्याभ्यन्तरे च विविधाः स्युर्जलाशयाः।
वापी-कूप्-तडागानि कुण्डानि विविधानि च॥ अपराजितपृच्छा ७४\१

इति। एतस्य तात्पर्यमस्ति यत् नगरे जलाशयेषु निर्मितेषु सत्सु नागरिकाणां तथा नगराद् बहिः जलाशयनिर्माणेन पथिकानां कृते जलव्यवस्था भवति।

- **जलाशयानां प्रकाराः**

